सुविचार

जिसने कभी कोई शत्रु नहीं बनाया, उसका कोई मित्र भी नहीं बनता है।

टेनिसन

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi



12

रेड 2 में लीड एक्ट्रेस के रोल में वाणी...

Ranchi ● Friday, 12 January 2024 ● Year : 01 ● Issue : 352 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 71,721.18 |
| निफ्टी | : | 21,647.20 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,920 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### राजौरी में आतंकी साजिश नाकाम, गोला-बारूद बरामद

**RAJOURI :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए चार टिफिन बॉक्स आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षाबल आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को राजौरी जिले के हयातपुर-मंजाकोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक वायरलेस सेट, टेप रिकॉर्डर, 23 राउंड एके गोला बारूद और चार टिफिन बॉक्स आईईडी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इलाके के साथ लगते क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

### देश में कोरोना के 514 नए मामले, तीन की मौत

**NEW DELHI :** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 514 नए मामले सामने आए हैं जबकि तीन मरीजों की मौत हुई है। इस अवधि में 732 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3422 हो गई है। कोरोना ने उत्तराखंड में भी दस्तक दी जहां एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ कोरोना के दो नए मामले सिक्किम, दो मामले जम्मू-कश्मीर में भी दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से तीन मौत हुई है। इसमें एक मौत कर्नाटक और दो महाराष्ट्र से दर्ज की गई है।

### मणिपुर में तीन लोगों की हत्या, लकड़ी बीनने गए थे

**IMPHAL :** मणिपुर के बिष्णुपुर में गुरुवार को पुलिस ने तीन लोगों के शव बरामद किए। ये सभी मैतेई समुदाय के हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को कुंबी हाओटक इलाके में चार लोग लकड़ी इकट्ठा करने जंगल गए थे। उसके बाद से वापस नहीं आए। लापता लोगों के नाम ओइनाम रोमेन, अहनथेम दारा, थौदम इबोम्चा और थौदम आनंद बताए गए हैं। ये सभी अकासोई वार्ड नंबर 7 के रहने वाले हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जो शव मिले हैं, वे लापता चार लोगों में से ही तीन के हैं। एक की तलाश जारी है। हाओतक फेलेन गांव बिष्णुपुर जिले की सीमा पर चुराचांदपुर से 38 किमी दूर स्थित है। उधर, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से ही शुरू होगी। राज्य सरकार ने बुधवार शाम इसकी मंजूरी दे दी। पुलिस सूत्र के अनुसार, कुकी उपद्रवियों ने कुंबी हाओतक इलाके में धान के खेतों में काम कर रहे मैतेई लोगों पर बम से हमला किया।

### डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को अदालत ने किया स्वीकृत

# डीसी रद्द नहीं कर सकते सेल डीड : हाईकोर्ट

**बड़ा फैसला**

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार जिलों के उपायुक्त को दिए जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने सेल डीड रद्द करने से संबंधित राज्य की उपायुक्तों को मिले अधिकार को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सेल डीड निरस्त करने से संबंधित डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने जिले के उपायुक्तों को सेल डीड को निरस्त करने से अधिकार से संबंधित राज्य सरकार के पत्र को निरस्त कर दिया। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि उपायुक्तों द्वारा सेल डीड निरस्त करने से संबंधित किए गए एफआईआर भी निरस्त हो जाएंगे। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि अगर फजीर्वाड़ा कर जमीन की खरीद बिक्री की गई है और उसके दस्तावेज को निबंधन कराया जाता है तो उपायुक्त को उसे निरस्त करने का पॉवर संबंधी जारी सरकार का पत्र गलत है, यह कानून के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ है और सेल डीड निरस्त होना चाहिए तो उसे सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा।

- निरस्त करने से संबंधित किए गए एफआईआर भी होंगे निरस्त
- सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी को भी मिली राहत
- अगर किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ तो सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करें : हाईकोर्ट



#### 2016 में जारी हुआ था नोटिफिकेशन

राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में एक नोटिफिकेशन निकाला था, जिसके तहत फजीर्वाड़ा कर जमीन का गलत ढंग से ट्रांसफर की शिकायत मिलने पर जिलों के उपायुक्त को सेल डीड कैंसिल करने का अधिकार दिया गया था। साथ ही उपायुक्त को एफआईआर करने का भी अधिकार मिला था।

# निपाह वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल, कारगर रही तो इस बीमारी का पहला टीका होगा

### दवाओं से वायरस को कंट्रोल करने की कोशिश करते रहे हैं डॉक्टर्स

**AGENCY NEW DELHI :** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने निपाह वायरस की एक वैक्सीन की ह्यूमन टेस्टिंग शुरू कर दी है। अब तक इस वायरस की कोई वैक्सीन नहीं है। अगर इसकी टेस्टिंग सफल रही तो यह निपाह वायरस की पहली वैक्सीन होगी। डॉक्टर्स दवाओं के जरिए निपाह वायरस के लक्षणों को कंट्रोल करने की कोशिश करते रहे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक पिछले हफ्ते 18-55 की उम्र के 52 पार्टिसिपेंट्स को इस वैक्सीन के डोज दिए गए। अब वैक्सीन का पार्टिसिपेंट्स के इम्यून सिस्टम पर क्या असर हो रहा है, इसे स्टडी किया जा रहा है। यह डोज उसी तकनीक पर आधारित है जिसका उपयोग एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के कोविड-19 शॉट्स में किया गया था।



- 2018 में केरल में 17 मौतें हुई थी
- 18-55 की उम्र के 52 पार्टिसिपेंट्स को इस वैक्सीन के डोज दिए गए

#### ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ग्रुप की निगरानी में हो रही टेस्टिंग

संभावित वैक्सीन की टेस्टिंग ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ग्रुप की निगरानी में की जा रही है। इस ग्रुप को सीईपीआई फंड दे रहा है। सीईपीआई एक वैश्विक गठबंधन है जो नई संक्रामक बीमारियों के खिलाफ वैक्सीन बनाने का समर्थन करता है। अमेरिकी कंपनी मॉडर्ना ने भी निपाह वायरस के लिए वैक्सीन बनाने का काम शुरू किया था। 2022 में मॉडर्ना ने वर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऐलर्जी एंड इंफेक्शियस डिसीज के साथ मिलकर वैक्सीन बनाना शुरू किया था, हालांकि इसका ट्रायल शुरू नहीं हुआ है।

# लाखों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन को लेकर सीबीआई का छापा

### साहिबगंज में एजेंसी की पांच जगहों पर दबिश, खंगाले दस्तावेज

**कार्रवाई**

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट में गुरुवार को सीबीआई की पांच टीमों ने पांच जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई की टीम ने भारतीय स्टेट बैंक (सीएसपी), उसके संचालक के घर एवं तीन बिचौलियों के घरों समेत कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान सीबीआई ने कई दस्तावेजों को खंगाला। बताया जा रहा है कि सीएसपी से लाखों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन पर सीबीआई ने रेड की है। छापेमारी के बाद सीबीआई की टीम भारतीय स्टेट बैंक (बरहेट शाखा) पहुंची और शाखा प्रबंधक मुक्ति लकड़ा से ट्रांजेक्शन को लेकर जानकारी ली। जानकारी के अनुसार साहिबगंज के बरहेट सीएसपी से लाखों के संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए हैं। इसमें कई लोगों की अहम भूमिका है। बताया जा रहा है कि बरहेट बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप स्थित बबीता कुमारी (पति दीपक ठाकुर) का सीएसपी एवं उसके बरहेट बाजार स्थित घर, पेटखस्सा के मनोज दास का घर, डुमरिया के मोहरम अंसारी एवं भागाबांध के कुरबान अंसारी के घर पर सीबीआई की टीम ने रेड की है।

- शिकारीपाड़ा स्टेट बैंक शाखा के तत्कालीन बैंक मैनेजर द्वारा किए गए घोटाले में कार्रवाई
- भारतीय स्टेट बैंक की बरहेट शाखा भी पहुंची सीबीआई, ली जानकारी
- बबीता कुमारी, मनोज दास, मोहरम अंसारी व कुरबान अंसारी के घर भी दस्तक
- 2 जनवरी को सीबीआई ने धनबाद विशेष कोर्ट में दाखिल की थी चार्जशीट



भारतीय स्टेट बैंक के बरहेट शाखा में बैंक मैनेजर से पूछताछ करते सीबीआई के पदाधिकारी

**बैंक मैनेजर से पूछताछ :** छापेमारी के बाद सीबीआई की टीम भारतीय स्टेट बैंक बरहेट शाखा भी पहुंची। वहां पर शाखा प्रबंधक मुक्ति लकड़ा से संबंधित ट्रांजैक्शन के बारे में जानकारी प्राप्त की। हालांकि सीबीआई के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। सीबीआई की छापेमारी जारी है।

#### क्या है मामला


दुमका जिले के शिकारीपाड़ा स्टेट बैंक शाखा के तत्कालीन बैंक मैनेजर मनोज कुमार के द्वारा 2 करोड़ 54 लाख रुपए के किए गए घोटाले के मामले में सीबीआई ने छापेमारी की। मनोज कुमार वर्ष 2016 से लेकर 2018 तक में बरहेट स्टेट बैंक शाखा में फील्ड अफसर के रूप में कार्यरत थे। वह मूल रूप से साहिबगंज के साक्षरता चौक के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर उन्होंने राजमहल विधानसभा से चुनाव लड़ने की बात कही थी। इस मामले को सीबीआई ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। 2 जनवरी 2024 को सीबीआई की टीम ने धनबाद विशेष कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी।

# ईडी के सामने हाजिर नहीं हुए साहिबगंज डीसी यादव

### अधिकारियों को क्यों बुलाया : कैबिनेट सचिव

**CRIME REPORTER RANCHI :** 1250 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले साहेबगंज डीसी रामनिवास यादव गुरूवार को ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। इसके अलावा रांची जेल के हवलदार अवधेश कुमार को भी ईडी के समक्ष उपस्थित होना था। वो भी ईडी ऑफिस नहीं आए। ईडी ने दोनों से पूछताछ की तैयारी कर रखी थी। लेकिन ईडी के अधिकारी इंतजार ही करते रह गए। बीते छह जनवरी को ईडी ने समन जारी करते हुए सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16 जनवरी, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी और विनोद सिंह को 15 जनवरी को ईडी ऑफिस में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था। इधर, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने पूछा है कि किन वजहों से सीएम हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक उर्फ पिंटू, साहेबगंज उपायुक्त और दूसरे अधिकारियों को बुलाया जा रहा है। डीसी का पूछताछ के लिए नहीं आने के पीछे की वजह है झारखंड कैबिनेट का वो फैसला, जिसमें ईडी की पूछताछ में शामिल होने से पहले सरकारी अधिकारी को संबंधित विभाग और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी देना जरूरी है। संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी की इजाजत के बाद ही अधिकारी पूछताछ के लिए जा सकता है, जरूरी और अहम सरकारी दस्तावेज ईडी के साथ शेयर कर सकता है।

**ईडी को लेटर**




- रांची जेल के हवलदार अवधेश कुमार भी नहीं पहुंचे ईडी ऑफिस
- डीसी का पूछताछ के लिए नहीं आने के पीछे की वजह है कैबिनेट का फैसला

# अफगानिस्तान से दिल्ली तक कांपी धरती, दहशत

### भूकंप की 6.1 रही तीव्रता, हिंदुकुश था केंद्र

**AGENCY NEW DELHI :** अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 2:20 बजे तेज भूकंप आया। इसकी वजह से पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और भारत में जम्मू-कश्मीर, जयपुर से दिल्ली-एनसीआर तक झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीसमोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई। इसका केंद्र हिंदुकुश में जमीन से करीब 220 किलोमीटर नीचे था।



फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। 4 नवंबर 2023 को रात 11:32 बजे नेपाल में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 157 लोगों की मौत हुई थी। तब दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और पटना में भी झटके महसूस किए गए थे।

### हार्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग व अजय कुमार को क्लीन चिट

**RANCHI :** झारखंड में राज्यसभा चुनाव-2016 में हार्स ट्रेडिंग मामले डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के राजनीतिक सलाहकार अजय कुमार को क्लीन चिट मिल गई है। हार्स ट्रेडिंग मामले में जगन्नाथपुर थाने में मार्च 2018 में गृह विभाग के अपर सचिव ने केस दर्ज कराया था। पांच साल से अधिक समय तक चली जांच के बाद पुलिस को इस केस में कोई साक्ष्य नहीं मिला। रांची पुलिस ने इस मामले को लेकर पिछले महीने महाधिवक्ता से मंतव्य मांगा था। मंतव्य मिलने के बाद साक्ष्य नहीं होने की वजह से केस बंद करने का आदेश सिटी एसपी ने केस के अनुसंधान पदाधिकारी को दिया था।



### 80 के हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन, 80 पौंड का काटा केक, मना जश्न

**RANCHI :** झारखंड के पूर्व सीएम, झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने गुरुवार को 80वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर 80 पौंड का केक काटा गया। दिशोम गुरु के मोरहाबादी आवास पर जन्मदिन मनाया गया। झामुमो नेताओं व कार्यकताओं में खुशी का माहौल देखा गया। ढोल-नगाड़ों के साथ झामुमो कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन समारोह के मौके पर उनके पुत्र व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी, इंदौर और सूरत को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया

# झारखंड के जमशेदपुर और बुंडू को क्लीन सिटी का अवार्ड

**PHOTON NEWS RANCHI :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग जारी हो गई है। इसमें झारखंड के दो शहरों को क्लीन सिटी अवार्ड मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी हुई, जिसमें जमशेदपुर और बुंडू को क्लीन सिटी का अवार्ड मिला है। देशभर के 4,000 से ज्यादा शहरी निकायों में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण कराया जाता है। गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में शहरों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की गई। इंदौर और सूरत को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। झारखंड के दो शहरों को क्लीन सिटी अवार्ड मिला है, जिसमें लौहनगरी जमशेदपुर को एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में, तो 25 हजार से ज्यादा आबादी वाले नगर निकायों में बुंडू को क्लीन सिटी का पुरस्कार मिला है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) झारखंड और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने राज्य भर से पहुंचे निकायकर्मियों खासकर राज्य सरकार की ओर से नव नियुक्त नगर प्रशासकों, कार्यपालक पदाधिकारियों और नगर प्रबंधकों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमें और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग का तौर-तरीका बदला है। ऐसे में हमें सफाई के साथ-साथ स्ट्रेटजी के साथ कुछ अन्य बिंदुओं पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे शहरों को गार्बेज फ्री स्टार रैंकिंग और ओडीएफ++ प्राप्त करने की जरूरत है। तभी हम देश के अव्वल शहरों का मुकाबला कर पाएंगे।



स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग की घोषणा के अवसर पर मौजूद रहे झारखंड के पदाधिकारी।

#### रांची नगर निगम की योजनाएं फेल

स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिए नगर निगम ने कई योजनाएं बनाई थीं। लेकिन सभी योजनाएं कागजों पर धरी रह गई। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, वेस्ट डिस्पोजल प्लान, सीवरेज प्रोजेक्ट सहित वेस्ट टू वेल्थ प्लान कागज पर होने के कारण सर्वेक्षण में रांची को कम अंक प्राप्त हुए हैं। रांची की सफाई-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम पिछले 12 वर्षों से प्रयास कर रहा है। इसके बाद भी सफलता नहीं मिल रही है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सर्वेक्षण में शहर की सफाई और वेस्ट डिस्पोजल को प्राथमिकता दी गई है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 1600 अंक निर्धारित थे। रांची में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत यह काम निजी एजेंसी से कराना था। लेकिन पिछले 12 साल में 3 कंपनियां काम छोड़ चुकी हैं। इसके बाद निगम ने खुद डोर टू डोर कचरा उठाने शुरू किया। वाहनों की कमी और सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से शहर के 53 वार्डों के सभी घरों से नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा उठाव नहीं हो रहा है।

### रामलला प्राण-प्रतिष्ठा में कांग्रेस के शामिल न होने से कई नेता बंटे

**NEW DELHI :** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में देश की कई पार्टियों का कार्यक्रम में शामिल न होना भी सुर्खियों में है। बुधवार 10 जनवरी को कांग्रेस ने ऐलान किया कि उनका कोई भी नेता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होगा। कांग्रेस के इस फैसले पर पार्टी के कई नेताओं ने असहमति जताई है। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राम किसी पार्टी के नहीं है। हमारी लड़ाई राम या अयोध्या से नहीं, बीजेपी से है। कुछ लोग कांग्रेस को वामपंथी रास्ते पर ले जा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि कांग्रेस नेतृत्व को अयोध्या न जाने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उधर, गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने भी रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पार्टी के शामिल नहीं होने को गलत ठहराया है।

# महाराष्ट्र को आज 30500 करोड़ की सौगात देंगे पीएम

### अटल सेतु पुल का भी करेंगे उद्घाटन

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे और फिर प्रदेश में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। कहा गया है कि शहरी परिवहन अवसंरचना और संपर्क को मजबूत करके लोगों के आवागमन की सुगमता को बढ़ावा देने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप मोदी मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे, जिसे अब अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु नाम दिया गया है। 17,840 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इसका निर्माण किया गया है। नरेंद्र मोदी ने दिसंबर, 2016 में इस पुल की आधारशिला रखी थी। यह भारत का सबसे लंबा पुल और भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा छह लेन वाला पुल है, जिसकी लंबाई समुद्र के ऊपर लगभग 16.5 किमी और जमीन पर लगभग 5.5 किमी है।



# जिम है जरूरी पर बरतें सावधानियां



शीत ऋतु में भी जिम में व्यायाम करने जरूर जाएं, पर मौसम के अनुसार इस संबंध में थोड़ी सावधानी भी बरतें, ताकि आपका जिम जाना जारी रह सके और आप रहें फिट। इस मौसम में जिम जाने में क्या-क्या सावधानी बरतें

सर्दियों का मौसम जोर पकड़ रहा है। ऐसे मौसम में आमतौर पर शरीर में आलस्य बढ़ने लगता है। इससे कई बार हम व्यायाम के प्रति लापरवाह भी होने लगते हैं, जबकि इस मौसम में जिम में व्यायाम करना अधिक आवश्यक हो जाता है। इस मौसम में पसीना कम आता है, हम फूडी भी ज्यादा हो जाते हैं, भूख बढ़ जाती है। यही नहीं हमारी मूवमेंट पर भी फर्क पड़ता है। इन सभी से वजन भी बढ़ने लगता है। ऐसे में जिम जाने वालों के लिए उसे नजरअंदाज करना या पूरी तरह से बंद करना उचित नहीं। हां, यह और बात है कि कुछ बातों का ध्यान रख कर जिम में व्यायाम के समय वर्तमान जलवायु के दुष्प्रभावों से बचते हुए उसे नियमित रखा जा सकता है।

## यह कितना जरूरी है

इवोल्युशन फिटनेस जिम के ओनर और फिटनेस ट्रेनर मंजीत सोलंकी बताते हैं कि कुछ लोग सर्दियां शुरू होने पर जिम में व्यायाम करना बंद कर देते हैं और जब सर्दियां खत्म होने लगती हैं, तब फिर से वर्कआउट शुरू कर देते हैं। अगर आप जिम जाते रहे हैं तो वर्कआउट पूरी तरह बंद करना बिल्कुल सही नहीं। सर्दियों में भी जिम में वर्कआउट नियमित रूप से करना चाहिए। अगर आप ज्यादा जिम नहीं जा पा रहे हैं तो भी हफ्ते में कम से कम चार दिन और करीब डेढ़ घंटे जिम में व्यायाम नियमित तौर पर करें।

## अनिवार्य है व्यायाम

सर्द मौसम में कैलोरी बढ़ने लगती है और हम फैटी होने लगते हैं, इसलिए हमें अपने व्यायाम में रनिंग, वेट ट्रेनिंग और कार्डिओ शामिल रहना चाहिए। खासकर कार्डिओ व्यायाम तो ज्यादा से ज्यादा करने चाहिए। रनिंग के लिए ध्यान रखना चाहिए कि शीत ऋतु में सुबह-सुबह खुले इलाके जैसे पार्क आदि में रनिंग न करें, क्योंकि बाहर के तापमान का शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। यही नहीं, दिनचर्या में भी चलने-फिरने और घूमने वाली गतिविधियां शामिल होनी चाहिए।



## पहनावे के प्रति सावधानी

हम आकर्षक दिखने के लिए पार्टी आदि में तो पहनावे के प्रति सजग रहते हैं, लेकिन व्यायाम के समय नहीं। खासकर आजकल के मौसम में व्यायाम के लिए भी हमें पहनावे का ध्यान रखना चाहिए। वर्कआउट के समय हमारा शरीर गर्म हो जाता है, इसलिए उस दौरान या उससे पहले और बाद में हमारी क्लोथिंग उचित होनी चाहिए। बकौल फिटनेस ट्रेनर मंजीत सोलंकी, जिम में व्यायाम के लिए जाते समय इनलाइन से आउटलाइन तक हमें अपने कपड़ों पर ध्यान देना चाहिए। प्रोपर कपड़े पहनने चाहिए, जिससे आपको व्यायाम करने में सहूलियत हो और तापमान की वजह से शरीर को भी परेशानी न हो। यह मौसम सिर पर सबसे जयादा प्रभाव डालता है, इसलिए जिम आते-जाते समय सिर अच्छी तरह से ढका होना चाहिए। इसके लिए विंटर कैप का इस्तेमाल करें। इससे आप सर्दियों में होने वाली बीमारियां जैसे खांसी, जुकाम, सिर दर्द, नाक व कान दर्द आदि की परेशानियों से बच सकेंगे। अक्सर लोग कार खुले में खड़ी करके उसी में जैकेट, कोट आदि छोड़ कर जिम जाते हैं और जिम में व्यायाम करने के बाद ठंड में बाहर निकलकर अपने व्हीकल तक पहुंचने के बाद जैकेट आदि पहनते हैं। इससे उनके सर्दियों संबंधी रोगों की चपेट में आने का खतरा रहता है। शरीर पर अन्य तरीकों से भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए जिम में पहुंच कर ही जैकेट आदि उतारें और व्यायाम के बाद जिम से निकलने से पहले अपनी जैकेट, कैप आदि पहन कर ही बाहर निकलें।

## जिम जाने का समय

इस मौसम में जिम जाने के लिए कोई निश्चित समय नहीं है। आप अपनी सहूलियत के अनुसार जिम जा सकते हैं। जरूरी है कि आपका शरीर रिलैक्स हो। खासकर सर्दियों में पूरा आराम करने के बाद ही वर्कआउट के लिए जाएं। अक्सर समय कम होने पर हम जिम में वर्कआउट के उपरांत तुरंत बाहर निकल जाते हैं। यह आपकी सेहत को काफी क्षति पहुंचाता है। हैवी वर्कआउट के बाद थोड़ी देर आराम करने के बाद ही जिम से बाहर जाएं।

## आहार के प्रति सजग रहें

जब फिट रहने की बात हो तो खान-पान का जिक्र होना मुनासिब ही है। सर्दियों में अपने आहार में सूप अधिक शामिल करें। जिम में व्यायाम करने के बाद जूस पी सकते हैं तथा प्रोटीन से भरपूर डाइट लें। अमूमन सर्दियों में ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, ठंडे पेय पदार्थ आदि के सेवन के लिए मना ही किया जाता है। ध्यान रखें कि जिम के तुरंत बाद ऐसे ठंडे पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें। जिम में व्यायाम करने के पश्चात आपके शरीर का तापमान काफी बढ़ा हुआ होता है, इसलिए करीब एक घंटे बाद ही ठंडी चीजों का सेवन करें। ऐसा नहीं करने से आपको गले संबंधी समस्या या नजले, जुकाम आदि की शिकायत हो सकती है।



# मूंगफली हर मौसम में खास ठंड का टाइम पास

मूंगफली में सभी पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। भारत में इसे गरीबों का काजू के नाम से भी जाना जाता है। भारत में सिकी हुई मूंगफली खाना काफी प्रचलित है, इसे टाइम पास के नाम से भी जानते हैं। जो लोग टाइम पास के नाम पर मूंगफली का सेवन करते हैं, उनमें से अधिकतर इसके गुणों के बारे में नहीं जानते और अनजाने में ही कई पौष्टिक तत्व ग्रहण कर लेते हैं, जो उनके शरीर के लिए काफी फायदेमंद रहते हैं। मूंगफली में प्रोटीन, चिकनाई और शर्करा पाई जाती है। एक अंडे के मूल्य के बराबर मूंगफलियों में जितनी प्रोटीन व ऊष्मा होती है, उतनी दूध व अंडे से संयुक्त रूप में भी नहीं होती। इसकी प्रोटीन दूध से मिलती-जुलती है, चिकनाई घी से मिलती है। मूंगफली के खाने से दूध, बादाम और घी की पूर्ति हो जाती है। मूंगफली शरीर में गर्मी पैदा करती है, इसलिए सर्दी के मौसम में ज्यादा लाभदायक है। यह खांसी में उपयोगी है व मेदे और फेफड़े को बल देती है। भोजन के बाद यदि 50 या 100 ग्राम मूंगफली प्रतिदिन खाई जाए तो सेहत बनती है, भोजन पचता है, शरीर में खून की कमी पूरी होती है और मोटापा बढ़ता है। इसे भोजन के साथ सब्जी, खीर, खिचड़ी आदि में डालकर नित्य खाना चाहिए। मूंगफली में तेल का अंश होने से यह वायु की बीमारियों को भी नष्ट करती है। मुट्ठीभर भुनी मूंगफलियां निश्चय ही पोषक तत्वों की दृष्टि से लाभकारी हैं। मूंगफली में प्रोटीन, केलोरिज और विटामिन के, ई, तथा बी होते हैं, ये अच्छा पोषण प्रदान करते हैं। मूंगफली पाचन शक्ति को बढ़ाती है, रुचिकर होती है, लेकिन गरम प्रकृति के व्यक्तियों को हानिकारक भी है। मूंगफली ज्यादा खाने से पित्त बढ़ता है अतः सावधानी रखें।

# अदरक सर्दियों में गुणकारी



**अदरक व सौंठ हर मौसम में, हर घर के रसोई घर में प्रायः रहते ही हैं। इनका उपयोग घरेलू इलाज में किया जा सकता है।**

- भोजन से पहले अदरक को चिप्स की तरह बारीक कतर लें। इन चिप्स पर पिसा काला नमक बुरक कर खूब चबा-चबाकर खा लें फिर भोजन करें। इससे अपच दूर होती है, पेट हलका रहता है और भूख खुलती है।
- अदरक का एक छोटा टुकड़ा छीले बिना (छिलके सहित) आग में गर्म करके छिलका उतार दें। इसे मुँह में रख कर आहिस्ता-आहिस्ता चबाते चूसते रहने से अन्दर जमा और रुका हुआ बलगम निकल जाता है और सर्दी-खाँसी ठीक हो जाती है।
- सौंठ को पानी के साथ घिसकर इसके लेप में थोड़ा सा पुराना गुड़ और 5-6 बूंद घी मिलाकर थोड़ा गर्म कर लें। बच्चे को लगने वाले दस्त इससे ठीक हो जाते हैं। ज्यादा दस्त लग रहें हों तो इसमें जायफल घिसकर मिला लें।





# एंटीबायोटिक से नहीं रुकता जुकाम

ब्रिटेन के रॉयल कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर्स और वहां के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए एक ताजा अध्ययन के अनुसार सर्दी-जुकाम के मामूली संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक जरूरी नहीं है। रनिंग नोज या कफ वाली खांसी की समस्या वायरस की वजह से होती है, जो थोड़े समय बाद अपने आप ठीक हो जाती है। एंटीबायोटिक्स से व्यक्ति के शरीर में मौजूद अरबों बैक्टीरिया और वायरस की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एंटीबायोटिक्स के लगातार सेवन से जहां एक ओर शरीर में मौजूद फायदेमंद जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, वहीं नुकसानदेह वायरस पर इन दवाओं का असर कम हो जाता है। क्योंकि ये वायरस एंटीबायोटिक्स के खिलाफ लड़ने के लिए अपनी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बना लेते हैं।

# हड्डियां मजबूत करता है टमाटर

लाल टमाटर को सलाद और सब्जी से लेकर फल की तरह भी खाने के उपयोग में लाया जाता है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर यह फल आपकी ऑस्टियोपोरोसिस जैसे रोग से बचने में सहायता कर सकता है। एक नया अध्ययन भी इस बात की पुष्टि करता है कि टमाटर के ज्यूस का सेवन इस रोग से आपको दूर रख सकता है। इसका कारण है टमाटर में पाया जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट केरेटोनॉइड लाइकोपेन जो टमाटर को लाल रंग भी देता है। इस तरह से मजबूत हड्डियों को पाने की राह में यह बेहद आसान और बनिस्बत सस्ता रास्ता है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Friday, 12 January 2024

## 13 जनवरी से रांची में हॉकी का महामुकाबला : पहले दिन यूएसए को पछाड़ेगा भारत

# किसी भी टीम से निपटने के लिए हम तैयार, वंदना की कमी खलेगी : सविता

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए पूरी तरह तैयार है। 13 जनवरी से हॉकी का महामुकाबला रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुरू हो जाएगा। गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच जेनेके शोपमैन और कप्तान सविता पूनिया ने अपनी तैयारियों के बारे में बताया। कप्तान सविता पूनिया ने का कि किसी भी टीम से निपटने के लिए हम तैयार हैं। इस टूर्नामेंट में भारत ग्रुप बी में है। भारत के साथ इस ग्रुप में न्यूजीलैंड, यूएसए और इटली भी हैं। भारत को अपना पहला मुकाबला 13 जनवरी को यूएसए के खिलाफ खेलना है। ग्रुप ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक रिपब्लिक हैं। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 18 जनवरी को खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 19 जनवरी को खेला जाएगा। कुल 8 में से टॉप तीन टीमें अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। मीडिया से बात करते हुए भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि यहां आकर हमेशा ही अच्छा लगता है। हम सब बहुत एक्साईटेड हैं। यूएसए के साथ हमारा पहला मैच है। उसके लिए हम तैयार हैं। प्रैक्टिस मैच यही देखने के लिए होता है कि सुधार की क्या गुंजाइश है। पेरिस ओलिंपिक के लिए हमने बहुत मेहनत की है। बहुत कम समय में हमने बहुत कुछ सीखा है। ऐसे में हम क्वालीफाई करने की पूरी कोशिश करेंगे। ये टूर्नामेंट मुश्किल होने वाला है। क्योंकि हर टीम अपना बेहतर करना चाहेगी। हम भी अपना बेस्ट देंगे। वंदना कटारिया अनुभवी है और बेहतर खेलती है। उनकी कमी हमें महसूस होगी, लेकिन उनके बदके जो प्लेयर आई है वह भी बेहतर खेलती है।


प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करतीं भारतीय टीम की कोच व कप्तान।

### हमारा फोकस एक-एक मैच पर : कप्तान

कप्तान ने आगे कहा कि हम पूरी तरह से मैच पर फोकस करेंगे। हमारी स्ट्रेंथ अटैकिंग है और हम इसपर ही काम करेंगे। यूएसए के साथ मैच में आपको ये देखने को मिलेगा। कप्तान कहती हैं कि यहां सभी टीमें जीतने आई हैं। उनकी स्पीड बेहतर है, हम उनका मुकाबला करने की कोशिश करेंगे। अपना भी बेहतर खेल दिखाएंगे। वह आगे कहती हैं कि ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करना आसान नहीं होने वाला है। हमने यहां एशियन ट्रॉफी खेली थी। हमें बहुत सपोर्ट मिला था। बस हमारी कोशिश रहेगी कि हम बेहतर खेले। हम किसी भी टीम से निपटने के लिए तैयार हैं।

### इस प्रकार है भारतीय टीम

**गोलकीपर** : सविता पुनिया (कप्तान), बिचू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर** : निक्की प्रधान (उप-कप्तान), उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका।
**मिडफील्डर** : निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर।
**फॉरवर्ड** : लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका।

### भारत का शेड्यूल

**13 जनवरी** : भारत बनाम यूएसए – शाम 7:30 बजे
**14 जनवरी** : भारत बनाम न्यूजीलैंड – शाम 7:30 बजे
**16 जनवरी** : भारत बनाम इटली – शाम 7:30 बजे

### हमारा फोकस अपने स्ट्रेंथ पर : कोच

टीम की कोच जेनेके शोपमैन ने कहा कि जिस तरह पिछली चैंपियनशिप में हमने जीत दर्ज की, उसमें ऑडियंस का पूरा सपोर्ट था। ये सपोर्ट हमारे लिए बेहतर है। लेकिन कहीं न कहीं यह हमारे ऊपर भी बेहतर खेल का दबाव बनाता है। यूएसए, न्यूजीलैंड की स्ट्रेंथ हमें पता है। लेकिन हमारा फोकस अपने स्ट्रेंथ पर होगा। हम उस पर काम करेंगे। प्रेक्टिस अच्छी हो रही है। हमारा पूरा ध्यान अभी यूएसए के खिलाफ पहले मैच पर है। उन्होंने कहा कि यूएसए एक बेहतर टीम है। यहां रैंकिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम जानते हैं कि वह बेहतर खेलती हैं। हम उसी हिसाब से अपना बेस्ट देने की कोशिश करेंगे। टीम को मेंटल स्ट्रेस से बाहर निकलने के लिए भी हमारे पास कोच हैं। वह प्लेयर्स से बात कर रहे हैं। हम बस अपना गेम बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं भारतीय टीम की अनुभवी मिडफील्डर नवनीत कौर ने बताया कि टीम को रांची में खेलने का अनुभव है, लेकिन यहां अपने दर्शकों के बीच खेलने का थोड़ा दबाव भी होगा। उन्होंने बताया कि टीम के जल्द रांची पहुंचने से टीम को यहां के मौसम से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। मुख्य स्टेडियम पर कुछ सेशन खेलने का हमें अनुभव भी मिला है। नवनीत कौर ने कहा कि हम रांची में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खेल चुके हैं और मैदान से अच्छी तरह वाकिफ भी हैं।

# आय से अधिक संपत्ति के मामला में पंकज यादव को एसीबी ने गवाही के लिए बुलाया

## एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में उपस्थित होने का किया अनुरोध

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों के आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच कर रही एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया है। एजेंसी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को पत्र मिलने के एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही देने का अनुरोध किया है। पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि नीलकंठ सिंह मुंडा मामले में गवाही में पत्र भेजे जाने के बाद भी वे तय समय पर उपस्थित नहीं हो पाये थे। बता दें कि पंकज कुमार यादव ने जनवरी 2020 में झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी के आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी। बाद में पंकज यादव ने एसीबी में भी शिकायत की थी। जिसे सीएम ने कैबिनेट से पास करा कर एसीबी जांच के आदेश दिये थे।


शिकायतकर्ता पंकज यादव।

### दाहू यादव के बेटे से ईडी करेगी पांच दिनों तक पूछताछ

**RANCHI :** साहिबगंज जिला में हुए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। वहीं राहुल यादव की बेल पर अब 19 जनवरी को सुनवाई होगी। राहुल ने पिछले मंगलवार को हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। राहुल यादव को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन वे ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।

# जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में नियुक्ति से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान का मामला निष्पादित

## बचपन बचाओ आंदोलन की पीआईएल पर 23 फरवरी को सुनवाई

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) व राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति से संबंधित उठाएंगे कदमों को देखते हुए कोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले को निष्पादित कर दिया। हालांकि इस दौरान कोर्ट ने बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका में बच्चों के अधिकार एवं पुनर्वास सं संबंधित वृहत विषय को देखते हुए उस पर अगली सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। मामले में बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। बता दें कि इससे पूर्व हुई पिछली सुनवाई में मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि रांची एवं जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है और इसके लिए राज्यपाल से भी आवश्यक अनुमति मिल गई है। इसके बाद रांची में अतिरिक्त जेजे बोर्ड गठन कर लिया गया है, जबकि जमशेदपुर में इसके गठन की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। इसके साथ ही 6 जिलों में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी ) में चेयरमैन के रिक्त पदों के लिए भी जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सरकार की ओर से बताया गया था 6 जिलों दुमका, हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, साहिबगंज, सिमडेगा छोड़कर बाकी सभी जगह सीडब्ल्यूसी फंक्शन कर रहा है।




# जेपीएससी दे रहा है सिर्फ तारीख पर तारीख, परीक्षा का पता नहीं

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेपीएससी) द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा की तारीखों का एलान तो हो रहा है। लेकिन परीक्षा के कुछ दिन पहले ही फिर से नयी तारीख का ऐलान कर दिया जाता है। लेकिन उस नयी तिथि में परीक्षा होगी या नहीं उसपर संशय बना रह रहा है। हाल के दिनों में संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया जा रहा है। यह परीक्षा 16 और 17 दिसंबर 2013 को होना था। मगर परीक्षा को स्थगित कर दिया गया। उसके बाद परीक्षा 21 और 28 जनवरी को लेने की तिथि की घोषणा हुई। कुछ दिन पहले इस तिथि में भी बदलाव किया गया। अब 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा लिया जाएगा। वहीं झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 12 जनवरी से आयोजित होनी थी। लेकिन झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर परीक्षा की तिथि आगे बढ़ा दी गयी है।

### 16 को आंदोलन की चेतावनी

अभ्यर्थियों ने रिजल्ट जारी करने के लिए राज्यपाल, मुख्यमंत्री सचिवालय, मुख्य सचिव, कार्मिक और जेएसएससी कार्यालय में आवेदन दे कर परीक्षा का परिणाम 15 जनवरी तक जारी करने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने बताया कि यदि 15 जनवरी तक मांग नहीं मानी तो 16 जनवरी को जेएसएससी कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना पर बैठेंगे।

### नाकामी को छुपाने के लिये धर्म का सहारा ले रही केंद्रः भालचंद्र

**RANCHI :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डाक्टर भालचंद्र कागो ने कहा कि देश में बेकारी, भुखमरी, लाचारी, बेरोजगारी, महंगाई, चरम पर है। केंद्र सरकार दस 10 वर्षों की नाकामी को छिपाने के लिए धर्म के सहारा ले रही है। जबकि देश में 80 प्रतिशत लोग पांच किलो पर जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। देश में आम लोगों की क्रय क्षमता समाप्त हो चुकी है। देश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। लेकिन मंदिर मस्जिद के नाम पर भारतीय जनता पार्टी राजनीति कर रही है। वे गुरुवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। एक दिवसीय बैठक के बाद भालचंद्र ने कहा कि केंद्र की असली चाल को देश की जनता समझ चुकी है और आने वाले दिन में इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के लिए देश की जनता तैयार है।

## रांची में अब न्यू बांधगाड़ी मंदिर में हुई चोरी

# कई सामान ले गए चोर, पास के अटल क्लिनिक से चीजें बरामद

**CRIME REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची में एक और मंदिर में चोरी हो गई है। घटना बुधवार देर रात की है। चोरों ने सदर थाना क्षेत्र के न्यू बांधगाड़ी मंदिर में चोरी की है। जानकारी के मुताबिक चोरों ने दानपेटी, मंदिर में रखी पूजन सामग्री, आरती की थाली, लोटा सहित दूसरी चीजें ले गए। सुबह जब इसकी जानकारी लोगों को हुई तब तलाश शुरू हुआ। तलाशी के दौरान मंदिर से कुछ ही दूरी पर मौजूद अटल मोहल्ला क्लिनिक और पार्षद भवन कार्यालय के पास से चीजें बरामद कर ली गई। मंदिरों में हो रही चोरी को लेकर स्थानीय काफी आक्रोष में दिखे। इस दौरान मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने जानकारी ली और बरामद चीजों को देखा। वहीं एक-दो लोगों से पूछताछ भी की। इसके बाद से पुलिस सीसीटीवी की तलाश कर रही है। जिसके आधार पर चोरों को पकड़ा जा सकता है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों का मनोबल इन दिनों काफी बढ़ा हुआ है। पुलिस भी कार्रवाई नहीं कर रही है। इस वजह से लोगों में नाराजगी है।



### नीतीश की जनसभा 3 फरवरी को रामगढ़ में

**RANCHI :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब 3 फरवरी को रामगढ़ आयेंगे। पूर्व में उन्हें 21 जनवरी को नीतीश जोहार जनसभा में शामिल होने रामगढ़ आना था। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने प्रदेश जदयू कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुरजी की जयंती है। उसके 100 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी इसे शताब्दी समारोह के रूप में मना रही है। इसके साथ ही 26 जनवरी के मद्देनजर उनकी व्यस्तता के कारण कार्यक्रम की तिथि बढ़ा दी गयी है। प्रेस वार्ता में नीतीश जोहार कार्यक्रम के संयोजक मधुकर सिंह, प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सागर उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमिल, कुमार, प्रदेश महासचिव उपेंद्र सिंह, भगवान सिंह, संजय सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## वर्ल्ड क्लास सड़कों के निर्माण से आवागमन और सुलभ होगा, समय भी बचेगा : सुनील कुमार

# झारखंड में सड़कों का जाल, 5200 किलोमीटर का निर्माण पूरा

**PHOTON NEWS RANCHI :** अगर आप झारखंड में रहते हैं, तो यहां वर्ल्ड क्लास सड़कों से गुजरने का मौका मिलेगा। रांची में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को आने वाले दिनों में जाम वाली सड़कों से राहत मिलेगी। बाहर से रांची आने वालों को सड़क मार्ग से अब कम समय में दूरी तय करने का अवसर मिल रहा है। पथ निर्माण विभाग प्रदेश में कई हाईवे और फ्लाई ओवर बना रहा है, जिससे आवागमन में बहुत कम समय लगेगा। यह जानकारी पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने दी। वे गुरुवार को सूचना भवन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

सुनील कुमार ने जानकारी की कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी क्षेत्रों की सड़कों का भी विकास किया जा रहा है। रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है। 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। वहीं रिंग रोड की कनेक्टिविटी पर काम किया जा रहा है और कई कनेक्टिंग रोड की स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाईवे के माध्यम से बनाई जा रही है। राज्य सरकार की ओर से कुल 5200 किलोमीटर सड़क निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 4600 किलोमीटर की सड़क निर्माण जारी है। सचिव ने बताया कि 12503 करोड़ की 11 पथों के निर्माण से संबंधित डीपीआर बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत कुल 323 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। राष्ट्रीय उच्च पथ उपभाग झारखंड के तहत गत चार वर्षों में कुल 6213 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसकी कुल लंबाई 815 किलोमीटर है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1021 करोड़ की कार्य योजना स्वीकृति के लिए मंत्रालय स्तर पर प्रक्रियाधीन है। दूसरी तरफ प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 40 हजार करोड़ की लागत से 1414 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें राज्य सरकार के प्रयास से भूअर्जन, वन भूमि आदि जैसी समस्याओं को दूर किया गया, जिससे 633 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा हो सका। 781 किलोमीटर पथों का निर्माण कार्य प्रगति में हैं।


पथ एवं भवन निर्माण विभाग के सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गिनाई उपलब्धियां।

### चार साल में 525 योजनाओं को मिली स्वीकृति

सचिव ने बताया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार सड़कों के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और सौंदर्यीकरण पर विशेष योजना के तहत काम कर रही है। पिछले चार सालों में विभाग ने 5207 किलोमीटर लंबाई के पथ परियोजनाओं को पूरा किया। जिसमें 39 पुल पुलियों का निर्माण हुआ। वहीं चार वर्षों में 525 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। जिनकी कुल लंबाई 6589 किलोमीटर है। चार वर्षों में 26 महत्वपूर्ण पथ परियोजनाओं को पूर्ण किया गया। वहीं 13 पुल परियोजनाओं को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया। जिससे प्रदेश में छह लेन से लेकर फोन लेन सड़कों का निर्माण संभव हो पाया। उन्होंने बताया कि 283 योजनाएं वर्तमान में विभाग की ओर से चलाई जा रही हैं। अब तक विभाग की ओर से 398 बड़े पुल-पुलिया का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। पथ निर्माण सचिव ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट का 60 प्रतिशत खर्च हो चुका है। 4576 करोड़ का बजट उपबंध है, जिसमें अबतक 2425 करोड़ खर्च हो चुका है। खर्च का शत प्रतिशत लक्ष्य विभाग हासिल करेगा। कोरोना महामारी के दौरान भी पथ निर्माण की बड़ी उपलब्धि रही।

## BRIEF NEWS

### राउरकेला देश के टॉप 15 स्मार्ट शहरों में शामिल



**ROURKELA :** राउरकेला देश के टॉप 15 स्मार्ट शहरों में शामिल हो गया है । राउरकेला में फुटपाथ और साइकिलिंग पथ के निर्माण के लिए पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय गृह एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से किया गया। 'लोगों के लिए सड़कें और बदलाव के लिए भारत साइकिल' कार्यक्रम में राउरकेला देश के शीर्ष 15 अग्रणी शहरों में से एक बनकर उभरा है। यह कार्यक्रम केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा संचालित किया गया है, और हाल ही में समाप्त हुआ है। राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ और एडीएम राउरकेला डॉ. शुभंकर महापात्र ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी।

### ओडिशा का पहला हापलो बोन मैरो ट्रांसप्लांट




**ROURKELA :** एससीबी एमसी एंड एच, कटक और उसके डॉक्टरों को 19 साल के रक्त कैंसर के रोगी में 50 प्रतिशत एचएलए मैच के साथ ओडिशा का पहला हापलो बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट किया है। राज्य सरकार के 100 प्रतिशत समर्थन के साथ महंगा उपचार लोगों के लिए गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए ओडिशा के प्रयासों को उजागर करने वाली एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### माओवादी संगठन ने पुराने साथी को मारी गोली



**ROURKELA :** माओवादियों ने पुराने साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मुखबिरी के शक में ओडिशा-झारखंड सीमा के सारंडा जंगल के समथा गांव में माओवादियों ने तांडव मचाया है। बताया गया है कि नक्सली संगठन सीपीआई माओवादी पश्चिमी सिंहभूम ने इस बर्बरतापूर्ण कृत्य को अंजाम दिया है। सारंडा जंगल अंतर्गत समथा गांव के नेल्सन भेंगरा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। भेगरा के शव के पास एक पर्चा भी छोड़ा गया है। जिसमें नेल्सन पर पुलिस मुखबिर के रूप में काम करने का आरोप लगाया गया और उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। पिछले मंगलवार रात 10 बजे नेल्सन ने भेगरा को घर से बाहर खींच के बेरहमी से पीटा और घर के बाहर तीन गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी। फिर उन्होंने नेल्सन का मोबाइल और अन्य सामान जला दिया। मृतक लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय था। लेकिन 17 मई 2023 को राउरकेला पुलिस ने नेल्सन को गिरफ्तार कर लिया। दो माह पहले जेल से छूटने के बाद वह अपने पैतृक गांव जराईकेला थाना अंतर्गत समथा में रह रहा था। उधर, परिजनों का कहना है कि जेल से छूटने के बाद नेल्सन ने नक्सली संगठन छोड़ दिया था। वह समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सामान्य जीवन जीना चाहता था।

### पुनर्वास के बाद बेदखल करने की मांग को लेकर विधायक के घर के सामने विरोध-प्रदर्शन



**ROURKELA :** राउरकेला सेक्टर 20 हिल टॉप बस्ती के लोगों ने गुरुवार को रघुनाथपाली विधायक के घर के सामने विरोध प्रदर्शन किया। राउरकेला स्टील प्लांट के सिटी सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन से झुग्गी झोपड़ी खाली करने का नोटिस मिलने के बाद झुग्गी के निवासी अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित हो गए हैं। झुग्गीवासियों ने विधायक के घर के सामने प्रदर्शन किए। पहले पुनर्वास करने फिर हटाने की मांग की। विधायक सुब्रत तराई, जो अभी भुवनेश्वर में हैं, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले कुछ लोगों से फोन पर बात की। विधायकों द्वारा कल आकर समस्या का समाधान करने का वादा करने के बाद यह विरोध प्रदर्शन वापस लिया गया।

### झारखंड की शान है दिशोम गुरु : फरीद खान



**RANCHI :** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कमेटी रांची के तत्वावधान में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से केक काट कर मनाया। इकरा मस्जिद चौक स्थित फेडरल बैंक के बाहर टेंट लगाकर केक काटकर एक-दूसरे को खिलाया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि झारखंड अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री हफीजुल हसन अंसारी ने केक काटा। रांची जिला अध्यक्ष फरीद खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने रोड पर चलने वाले लोगों के बीच केक बांटा। साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष फरीद खान ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का सपना दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बिना पूरा होना असंभव था। महाजनी प्रथा के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई ने शिबू सोरेन को दिशोम गुरु बनाया। फरीद खान ने कहा कि आज हम सभी कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के जन्मदिन पर ना सिर्फ केक काटे हैं बल्कि वृक्षारोपण का कार्य भी किए जो यह सदा वृक्ष उनके जन्मदिवस के मौके पर यादगार रहेगा। और पूरे झारखंड में रांची विधानसभा में आज सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा अलापंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता लोग सदैव तत्पर है। कहीं ब्लड दे रहे हैं तो कहीं गरीबों के बीच फल बांट रहे हैं, तो कहीं कंबल वितरण कर रहे। झामुमो कार्यकताओं द्वारा समाज सेव का यह संदेश माननीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संदेश है। इस मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता आफताब आलम, कटरीना तिर्की, अमन खान, करफू भाई, पप्पू भाई, परवेज अख्तर, मो सोनू, प्रिंस, आबिद अंसारी, गुड्डू नाजिम समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 25 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को मिला प्रमोशन

**RANCHI :** राज्य सरकार ने रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के 25 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के पद पर प्रोन्नति दे दी है। प्रोन्नति पाने वालों में संतोष कुमार, श्रवण कुमार,विजय रंजन कुमार, अनिल कुमार, कुंडल कुमार,जयकांत राम,सुनील कुमार रजक, सुबोध पासवान,विजय कुमार दास, बिहारी प्रसाद, कुमार कृष्णानंद दास, गणेश राम,माधव मार्डी, देवाशीष लहरी, रघुवंश चौधरी, प्रेम प्रकाश कुमार सिंह सत्येंद्र प्रसाद सिंह, अभिनेंद्र कुमार,नसीम अली, मनोज कुमार वर्मा ,सैफुल्लाह अंसारी,विनोद कुमार, रविंद्र कुमार, महेंद्र प्रसाद गुप्ता और सुरेश प्रसाद शामिल हैं।

# मेरे नाम में 'राम' लगा होने से आरजेडी को चिढ़

## रामबली चंद्रवंशी ने कहा- मैंने पार्टी विरोधी कोई काम नहीं किया,सामाजिक न्याय की बात की

एजेंसी

**पटना ।** आरजेडी एमएलसी रामबली चंद्रवंशी को बिहार विधान परिषद से हटाने के लिए तर्क पेश कर रही है। लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के निर्देश पर आरजेडी एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने रामबली चंद्रवंशी की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश की है। 16 जनवरी को आरोप के जवाब में रामबली चंद्रवंशी अपना पक्ष रखेंगे।रामबली चंद्रवंशी कहते हैं कि अगर नाम में 'राम' लगाने से ही शक्ति आ जाती है तो इसमें मेरा क्या दोष है? महागठबंधन के नेताओं को मेरे नाम में 'राम' नाम से ही इतनी चिढ़ है तो उनके बारे में भगवान ही जाने। उन्होंने कहा कि मैं सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ता रहूंगा।रामबली कहते हैं, राष्ट्रीय जनता दल का घोषणा पत्र



देखेंगे तो पाएंगे कि सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए ही इसका गठन हुआ था। इसमें राम मनोहर लोहिया से लेकर कपूर्री ठाकुर तक के विचारों का आधार है। हाशिए पर रह रहे वंचित तबके के लोगों को मुख्यधारा में लाना ही पार्टी का उद्देश्य रहा है। अति पिछड़ा की 111 जातियों के मूल सवाल को मैं 2015 से ही उठा रहा हूं। मुझे लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने एमएलसी इसलिए बनाया ही था, क्योंकि मैं उस समाज से आता हूं, जहां काफी गैर बराबरी है। अपने समाज का प्रतिनिधि होने के नाते मेरा कर्तव्य बनता है कि उनकी आवाज उठाऊं। क्या मैं एमएलसी इसलिए बना हूं कि दो कार रख लूं, दो बंगले बढ़ा लूं? मैंने अपने समाज के हित में कदम बढ़ाया है। अगर राष्ट्रीय जनता दल इसे विरोध मानती है तो मैं राजद की परवाह नहीं करता हूं।आरजेडी के एमएलसी ने कहा कि सदन के अंदर और बाहर अपनी बात रखना मेरा फंडामेंटल राइट है। संविधान की 10वीं अनुसूची के अंतर्गत मेरा मामला नहीं आता है। मैंने न तो व्हीप का उल्लंघन किया है, ना ही आरजेडी को छोड़ दूसरी पार्टी ज्वाइन किया है। मैं तेली, तमोली को अति पिछड़ा से बाहर करने की लड़ाई लड़ रहा हूं। आठ वर्षों में अति पिछड़ी जाति का कितना नुकसान हुआ है। इसका डाटा मेरे पास है। समाधान खोजने के बजाय सरकार समस्या उठाने वाले को ही समाप्त कर देना चाहती है। मुझे हटवाने से खुद को सामाजिक न्याय का पुरोधा बताने वाले लालू प्रसाद के प्रति क्या धारणा बनेगी? मुझ पर लगाया गया आरोप गलत है। मेरी नीतियां अगर उनको गलत लगती हैं तो मुझे दल से निकाल देते। दल से निकालने और विधान परिषद से सदस्यता खत्म कराने में काफी अंतर है। जो न्यायोचित भी नहीं है। कई जिलों में यात्रा निकाल चुके हैं बता दें बिहार विधान परिषद को आरजेडी के एमएलसी रामबली चंद्रवशी की सदस्यता खत्म करने के लिए नोटिस दिए जाने के बाद उन पर कार्यवाही चल रही है। वे विधान सभा कोटे से एमएलसी हैं। उन पर दल विरोधी आचरण करने का आरोप है। 16 जनवरी को आरोप के जवाब में रामबली चंद्रवंशी का पक्ष जाना जाएगा। उससे पहले मंगलवार को आधे घंटे की सुनवाई पूरी हो चुकी है। माना जा रहा है कि सदस्यता खत्म किए जाने से जुड़ी यह कार्यवाही है और सदस्यता जाना तय है !बिहार में हुए जाति सर्वे पर सवाल उठाया थारामबली चंद्रवंशी ने बिहार में हुए जाति सर्वे पर सवाल उठाया था। तेली जाति को अतिपिछड़ा में शामिल करने के साथ ही उन्होंने लालू प्रसाद की आलोचना भी की थी। भभुआ में तेली और चौरसिया समाज के लोगों ने उनका घेराव भी किया था। रामबली चंद्रवंशी ने अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के जरिए बिहार के कई जिलों में यात्रा भी निकाली है।

## राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बना देगी कांग्रेस



**बेगूसराय ।** कांग्रेस पार्टी द्वारा राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार किए जाने पर राज्यसभा सांसद प्रोफेसर राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से बाबरी मस्जिद का पक्षधर रही है। कांग्रेस को यदि कभी मौका मिला तो वह राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बना देगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निमंत्रण को कांग्रेस के द्वारा अस्वीकार करना, मंदिर के फैसले में अवरोध करना, मंदिर आंदोलन के पीछे आपत्ति दर्ज करना, पूरी प्रक्रिया दिखाती है कि इस निमंत्रण को खारिज करना बाबरी मस्जिद वाली राजनीति, मानसिकता और प्रवृत्ति दिखाती है। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादास्पद बयान को लेकर अखिलेश यादव से माफी मांगने की मांग की। राकेश सिन्हा ने आज बेगूसराय में कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा के इस ऐतिहासिक मौके पर पूरी दुनिया भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन का स्वागत कर रही है। हिंदुस्तान का हर व्यक्ति इसमें शामिल हो रहा है। कोई अयोध्या पहुंचकर तो कोई अपने गांव घर में ही इसमें शामिल हो रहा है।डॉ. राजेंद्र बाबू का अनुसरण करती कांग्रेससांसद ने कहा कि यह अच्छा अवसर था जब कांग्रेस पार्टी डॉ. राजेंद्र बाबू का अनुसरण करती। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जब राष्ट्रपति थे तो सोमनाथ मंदिर के शिलान्यास में गए थे। राजेंद्र बाबू के कारण कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार में शामिल था। उस रास्ते पर कांग्रेस को चलती तो कांग्रेस की अस्मिता, आस्तित्व और देश की अखंड सांस्कृतिक यात्रा के लिए अच्छा होता।

## भारत यात्रा पर निकले दो युवक

एजेंसी

**जहानाबाद ।**दो युवक भारत यात्रा करते हुए गुरुवार को जहानाबाद पहुंचे हैं। एक युवक वृंदावन का रहने वाला शिवम कुमार बताए जा रहे है। उसने बताया कि राजस्थान गुजरात एपी कर्नाटक केरल तेलंगाना छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों का भ्रमण करते हुए आज बिहार के जहानाबाद में प्रवेश किया हूं।अब यहां से बनारस जाऊंगा और 22 तारीख को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा




समारोह में शामिल होकर आगे की यात्रा करूंगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत को नशा मुक्त बनाना है। आज भारत के नौजवान को नशे की लत लगती जा रही है। जिसके कारण हमारे नौजवान रोग से ग्रसित हो रहे हैं। इसीलिए हम भारत यात्रा कर नौजवानों को संदेश देना चाहते हैं कि भारत को नशा से मुक्त बनाया जाए और लोगों को नशा मुक्त होने का संदेश दें।
हिंदुओं को जगाना है उद्देश्यवही दूसरा युवक रितेश राठौर ने बताया कि हम चार धाम यात्रा प्रारंभ किए हैं मध्य प्रदेश चलकर यात्रा शुरू किया है।

## सड़क हादसे में हुई गर्भवती की मौत

एजेंसी

**नालंदा ।** नालंदा में बुधवार की देर शाम निमार्णाधीन बख्तियारपुर रजौली फोरलेन पर सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी मुढ़ारी गांव निवासी सुभाष कुमार उर्फ बबलू की पत्नी ज्योति देवी (30) के रूप में की गई है। घटना वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत वेना बाजार के समीप की है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि महिला बिहार शरीफ से डॉक्टर के यहां से इलाज कराकर वापस पति के साथ घर लौट रही थी। इसी बीच वेना थाना क्षेत्र के वेना बाजार स्थित धर्म कांटा के समीप तेज गति से आ रही



कंस्ट्रक्शन कार्य में लगी मिक्सर ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके कारण ज्योति देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं सुभाष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।
3 महीने की गर्भवती थी महिला
घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद हरनौत और वेना थाने की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और आक्रोशितों को समझा-बूझकर मामले को शांत कराया। महिला दो बच्चों की मां थी और 3 महीने की गर्भवती थी। वहीं इस घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया।
क्या बोली पुलिसवेना थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि कंस्ट्रक्शन कार्य में लगी ट्रक से हादसा हुआ है। वाहन को जब्त कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जवान की पीटकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

**पूर्णिया ।**झारखंड पुलिस के जवान मुकेश कुमार यादव (37) की पीट-पीटकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। झारखंड के जवान के परिवार वालों ने ही आरोपी को देखा और खदेड़ कर पकड़ा। फिर पुलिस के हवाले कर दिया।मुकेश कुमार यादव झारखंड के साहेबगंज जिले में तैनात थे। वह बीते नवंबर में छठ पूजा की छुट्टी पर अपने घर पूर्णिया के माधवनगर गांव आए थे। मुकेश यादव मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र में हुए एक अपहरण मामले में मुख्य गवाह थे। गवाही देने से पहले ही अपहरण कांड के



आरोपियों ने उनपर हमला किया। 19 नवंबर को 6 की संख्या में आए दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। रॉड से जवान पर हमला हुआ था। वारदात के 16 वें दिन दबंगों की पिटाई में घायल जवान ने लाइन बाजार स्थित निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया था।मामले में एक आरोपी की पहले गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं मुख्य आरोपी को मुकेश के परिवार वालों ने पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान भवानीपुर थाना क्षेत्र के माधवनगर गांव निवासी पंकज यादव के बेटे सुधाकर कुमार यादव के रूप में हुई है।19 नवंबर में अपने घर की चौखट पर बैठे झारखंड पुलिस के जवान पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड़ से हमला कर दिया था। सभी जवान को अधमरा होने तक पीटते रहे। मारपीट और चीखने-चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर जुटे। इसके बाद जवान की नाजुक स्थिति को देखते हुए परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस के जवान को निजी अस्पताल में एडमिट कराया था।
घटना को अंजाम देने के बाद से सभी अपराधी 19 नवंबर से ही फरार थे।

## गुमटी से टकराई स्कॉर्पियो

**हाजीपुर ।** हाजीपुर महनार मुख सड़क मार्ग पर चेचर चौक के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो एक गुमटीनुमा दुकान से टकरा गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए बिदुपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोसित लोगों ने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। सूचना पर विरूपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में लिया। पुलिस स्कॉर्पियो को जब्त कर थाने ले आई और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।सभी घायल चेचर चौक निवासी हैं। घायल में राम प्रवेश सिंह (72)



और मनोज सिंह (45) हैं। बाकी अन्य लोगों को इधर-उधर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि राम प्रवेश सिंह और मनोज सिंह को बेहतर इलाज के लिए बिदुपुर पीएचसी से सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया है। दोनों की स्थिति नाजुक बनी है।

## संक्षिप्त डायरी

### गांजा फूंकने से मना किया तो की मारपीट



**नालंदा ।** नालंदा में बदमाशों ने गुरुवार की सुबह एक ही परिवार के चार सदस्यों के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामला परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी मठ गांव का है। घायलों में स्व. चौरंग मांझी के बेटे महेंद्र मांझी, महेंद्र मांझी की पत्नी प्रवीणा देवी, पुत्री सावित्री कुमारी और बेटे भोला कुमार के साथ मारपीट की घटना हुई है।पीड़िता प्रविला देवी ने बताया कि बुधवार की शाम गांव के ही कुछ लोग उनके दरवाजे पर गांजा फूंक रहे थे। इसके बाद उन्होंने गांजा फूंकने वाले को अपने दरवाजे से हटने की बात कही। इसके बाद सभी लोग वहां से चले गए। गुरुवार की सुबह लाठी डंडा लेकर गांजा फुंकने वाले उनके घर पर चढ़ आए और लाठी डंडे से प्रहार कर उन लोगों को जख्मी कर दिया। वहीं हल्ला होने के बाद सभी बदमाश वहां से भाग निकले।मारपीट की घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में परिजनों के द्वारा भर्ती कराया गया, जहां सभी इलाजरत हैं। वहीं इस मामलें में परवलपुर थानाध्यक्ष अबु तालिब अंसारी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। अभी तक किसी प्रकार का आवेदन इस संदर्भ में प्राप्त नहीं हुआ है। मामले का पता लगाया जा रहा है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### महिलाओं को ठगने वाले 9 लोगों को किया गिरफ्तार



**मोतिहारी ।** मोतिहारी में एक ठग गिरोह का खुलासा हुआ है। ठगी के आरोप में 9 लोगों को पुलिस गिरफ्तार किया है। एक फर्जी संस्था सुकन्या योजना के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के नाम पर लोगों से ठगी कर रही थी। सूचना जैसे सुगौली थानेदार को लगी घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से सभी को हिरासत में लेकर थाना पहुंचे। पूछताछ में इन सभी ने कोई वैध कागजात नहीं दिए, जिसके बाद सभी के न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार सभी आरोपी गांव की महिलाओं से सुकन्या योजना के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का लाभ दिलाने के नाम पर फॉर्म भरवा कर सभी से पैसे ले रहे थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस तो सैकड़ों कागजात बरामद हुए। जिसमें संस्था के प्रमुख पश्चिमी चंपारण के नौतन थाना क्षेत्र बिनटोली मंगलपुर निवासी राजेश मुखिया सहित 9 लोगों को हिरासत में लिया। सभी से पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन संतोष जनक जवाब नहीं मिला। जिसके बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।सुगौली थाना क्षेत्र के सरगम सिनेमा स्थित रोड में किराए के मकान में राजेश मुखिया गांव की महिलाओं को डेढ़ से दो लाख रुपए दिलवाने के नाम पर फॉर्म भरवाता था। जब इस बात की जानकारी कुछ लोगों को मिली तो सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की।

### प्रॉपर्टी डीलर के सिर में मारी गोली, मौत



**हाजीपुर ।** हाजीपुर में बुधवार की शाम अपराधियों ने प्रोपर्टी डीलर के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मामला हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के नखास चौक स्थित मुक्ति मोहल्ला आदर्श पथ की है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के मिठाकुंआ गांव के रहने वाले स्व. विजय कुमार सिन्हा के बेटे राम प्रकाश (35) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राम प्रकाश बाइक से बाजार जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें राम प्रकाश को चार गोलियां लगी, जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गए।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नगर थाना अध्यक्ष अस्मित कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई हैं। मृतक तीन भाई में सबसे छोटा था। मृतक के पिता की मौत एक साल पहले हुई थी।हाजीपुर सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि युवक के सिर में गोली लगी है। मौके से तीन खोखा बरामद किया गया है। जांच के बाद पता चलेगा कि गोली क्यों मारी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता

**कटिहार ।** कटिहार के कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत संदलपुर पंचायत के वार्ड नंबर तीन में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़क में काफी अनियमितता पाई गई है। संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य में और अनियमितता बरतने को लेकर ग्रामीणों ने हल्ला बोल कर दिया है। वही इस मामले को लेकर ग्रामीण विभागीय स्तर से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।ग्रामीण विनोद यादव ने बताया कि डहरी गांव से नजर हाजी टोला तक बन रही पक्की सड़क में घोर अनियमितता दिखाई दे रही है। सड़क काफी कमजोर एवं गुणवत्ता विहीन दिख रही है, जो अभी से टूट रही है। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है।विभागीय




जांच कर कार्रवाई की मांगनिर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। ग्रामीण नाजीर, आजाद अली, मोहम्मद ताहिर, अरशद अली ने बताया कि ठेकेदार अनवर हुसैन के द्वारा यह पक्की सड़क बनवाई जा रही है। कहीं भी कोई बोर्ड नहीं लगा हुआ है। जिससे सड़क के बनने की जानकारी मिल सके।विभागीय उदासीनता के कारण इस तरह की घटिया सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

## 5 दिन में ठंड से 2 स्टूडेंट्स की मौत

**पटना ।** बिहार के कई जिलों में शीतलहर का कहर जारी है। इसका सीधा असर अब स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। बीते 5 दिनों में राज्य के अलग-अलग जिलों में ठंड लगने से दो छात्रों की मौत हो गई है। वहीं, तीन स्टूडेंट्स ठंड की वजह से बेहोश हो गए।ताजा मामला मोतिहारी का है, जहां बुधवार को ठंड लगने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक छात्र का नाम मनीष कुमार (15) है, जो चकिया प्रखंड के आदर्श मध्य स्कूल में छठी क्लास में पढ़ाई करता था। इससे पहले, शनिवार को जमुई में भी ठंड की वजह से सुमित कुमार (7) की मौत हो गई थी। सरी ओर बेतिया में भी ठंड के चलते बुधवार को स्कूल गई चौथी क्लास की छात्रा ज्योति कुमारी (10) बेहोश होकर



क्लास रूम में ही गिर गई। पिछले सोमवार और शुक्रवार को भी जिले में दो और छात्राओं के ठंड से स्कूल में अचानक बेहोश होने की घटना सामने आई थी।मोतिहारी में क्लास जाने के दौरान मनीष अचानक बेहोश होकर गिर पड़ाचकिया प्रखंड के बैसाहा गांव निवासी राजेश राम के बेटे मनीष छठा वर्ग का छात्र था। वह बुधवार सुबह स्नान करने के बाद साइकिल से स्कूल गया था।स्कूल में प्रार्थना खत्म होने के बाद सभी छात्र क्लास में जा रहे थे। इसी दौरान मनीष



अचानक बेहोश होकर गिर गया। मनीष के परिजन का कहना है कि उसकी मौत ठंड लगने से हुई है। परिजनों के मुताबिक, मनीष की मौत चकिया रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई थी।जबकि, स्कूल के प्रिंसिपल राम नारायण पासवान ने बताया कि प्रार्थना के दौरान मनीष बेहोश होकर गिर पड़ा था, इसके बाद पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उसे भर्ती कराया गया। शिक्षकों ने उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद मनीष के परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में चकिया इएड मिथिलेश कुमारी ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल ने जानकारी दी। प्रिंसिपल ने बताया कि छात्र प्रार्थना के दौरान बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।बेतिया में भी ठंड से बेहोश हुई छात्रा, इलाज जारीऐसा ही एक मामला बुधवार को बेतिया से आया है, जहां कड़ाके की ठंड के चलते स्कूल गई चौथी क्लास की छात्रा ज्योति कुमारी बेहोश होकर क्लास रूम में ही गिर गई। शिक्षकों ने आनन-फानन में बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# 'राम आएंगे' कार्यक्रमः मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम हमारे आदर्शः प्रान्त प्रचारक सुभाष

ंवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आमंत्रण हेतु विश्व हिंदू परिषद , संस्कार भारती व विचार परिवार द्वारा एक भव्य ' राम आएंगे ' कार्यक्रम का आयोजन नगर स्थित श्रीराम जानकी मठ मंदिर परिसर में किया गया और श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए अक्षत/तुलसी दल, प्रभु श्रीराम का चित्र, पत्रक बितरित कर श्रद्धालुओं को आमन्त्रित किया गया।बुधवार को आयोजित 'राम आएंगे' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोरक्ष प्रान्त प्रचारक सुभाष जी ने कहा कि



मयार्दा पुरुषोतम भगवान श्रीराम हमारे आदर्श हैं। लाखों राम भक्तों के बलिदान के पश्चात राम मंदिर का सपना साकार हुआ है। पांच सौ वर्षों बाद सनातन का यह सपना साकार हुआ है। धर्म नगरी अयोध्या में वैश्विक इतिहास की गाथा लिखी जा रही है। 22 जनवरी को भव्य मंदिर में राम लला विराजमान होंगे। भव्य आयोजन का पूरा विश्व गवाह बनेगा। इस मौके पर हर घर उत्सव होगा और दीप जलेगा। सांकृतिक कार्यक्रम संस्कार भारती के कलाकारों के साथ सुप्रसिद्ध गायक अनीस सोनी ने भक्ति की गंगा बहाई। मन्दिर के गर्भ गृह से महन्थ त्रिभुवन शरण दास, पुजारी राम बेलास दास के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सांसद विजय दुबे पालकी में सजे राम लला के बाल स्वरूप को सर पर रखकर कार्यक्रम में पहुंचे। जहां श्रीराम का पूजन आरती किया गया। साथपूरा पंडालजयश्रीराम के नारे से गूंज रहा था। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डा0 अनिल कुमार सिन्हा ने सबका स्वागत किया। संचालन राजू जायसवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, विधायक पीएन पाठक, विधायक मोहन वर्मा, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक विनय गोंड, संस्कार भारती संरक्षक पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, पवन केडिया, नापप कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल, राकेश जायसवाल, महन्थ शिव शरण दास, अशोक जैन, डॉ अम्बरीष विश्वकर्मा, ममता मणि त्रिपाठी, कालिंदी त्रिपाठी सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## एक्सीलेंस इन एजुकेशन के लिए भारत शिखर से सम्मानित हुए विख्यात शिक्षाविद डॉ. सुधीर गिरि हुए





संवाददाता

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के श्री वेंक्टेश्वरा समूह के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। उच्च शिक्षा, मेडिकल ऐजुकेशन, व्यवसायिक शिक्षा एवं शानदार चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को ह्यह्यएक्सीलेन्स इन एज्युकेशन एण्ड हैल्थ के लिए ह्यह्यभारत शिखर सम्मानह्यह्य से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के कैबिनेट जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रदान किया। नई दिल्ली स्थित पाँच सितारा होटल ताज मानसिंह में आयोजित भारत शिक्षर सम्मान का शुभारम्भ केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण, केन्द्रीय मंत्री आर. के. सिंह, वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि एम.डी.एच. के चेयरमैन राजीव गुलाटी एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज मोदी जी की ह्यह्यगारन्टीह्यह्य के कारण भारतीय टेलेंट अब विदेशों का रूख न करके अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगे हैं। मोदी जी के विकसित भारत/2047 अभियान में शिक्षण संस्थानों की भूमिका सर्वोच्य होगी। नई शिक्षा नीति एवं शोध व नवाचारों के दम पर भारत अगले एक दशक में दुनिया का सिरमौर बनेगा। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने उपस्थित जनसमूह को विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में किये जा रहे शानदार कार्यों की विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत की। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को ह्यह्यभारत शिखर सम्मानह्यह्य मिलने पर बधाई देने वालों का ताँता लग गया। उनको बधाई देने वालों में प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे।

## याहियापुर कताई मिल गौशाला की बागडोर संभालेंगी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं



संवाददाता

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता गौ संरक्षण के दृष्टिगत याहियापुर कताई मिल गौशाला के सफल संचालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख अमरोहा ब्लॉक प्रमुख गजरौला अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमरोहा सी एल गुप्ता जूबिलेंट RACL कंपनियों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत में गाय को माता के रूप में पूजा जाता है और इसका गोबर और मूत्र प्रत्येक धार्मिक अनुष्ठान में प्रयोग किया जाता है इसका संरक्षण किया जाना हम सब का कर्तव्य बनता है। जिलाधिकारी ने कहा कि अब इस याहियापुर कताई मिल गौशाला में पशुओं के संरक्षण का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेगी उन्हें यह बागडोर दी जा रही है ।स्वयं सहायता समूह की यह महिलाएं गौ संरक्षण के साथ-साथ मधुमक्खी पालन मत्स्य पालन मशरूम की खेती व अन्य संबंधित कार्य कर अपनी आय बढ़ा सकेंगी। गाय के गोबर के सदुपयोग के लिए अगरबत्ती और दीपक बनाने के कार्य भी करेगी ताकि उनकी आय बढ़ सके और साथ ही साथ गौशाला की भी इनकम बढ़ सके ।खाली पड़ी जमीन पर मत्स्य पालन मधुमक्खी पालन कर सकेंगे इन सब कार्य के लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा । जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा गौ वंश से बड़ी समस्या है शीघ्र ही निस्तारण हो सकेगा इस गौ संरक्षण केंद्र में 1000 से अधिक पशु अभियान चलाकर संरक्षित किए जाएंगे क्षेत्र में कोई भी पशु छुट्टा नहीं घूम सकेगा। गौ संरक्षण के मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी और पशुपालन विभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अच्छी नस्ल का सीमेन लाया जाए और किसानों को भी बताया जाए ताकि गाय अधिक दूध दे सके और किसान पालने के प्रति आकर्षित हों ।

## कैलास मानसरोवर मुक्ति व तिब्बत आजादी बने आंदोलनः रजनीकांत मणि

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारत तिब्बत समन्वय संघ की कुशीनगर में हुई सांगठनिक बैठक में देवों के देव महादेव की मूल स्थली कैलास मंनसरोवर की मुक्ति व तिब्बत की आजादी के अभियान को जनांदोलन का रूप देने का संकल्प लिया गया। इस बात पर सबने सहमति जताई कि तिब्बत की आजादी तभी संभव है, जब भगवान शंकर की जन्म स्थली कैलास मानसरोवर को मुक्त कराने को हर देशवासी संकल्पित हो। इस हेतु जागरूकता का अभियान चलाना होगा। इस आशय के विचार भारत तिब्बत समन्वय संघ के केन्द्रीय परामर्शदात्री समिति सदस्य पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जब तक राममंदिर का ताला नही खुला तब तक भगवान राम का मंदिर नेपथ्य में रहा। ज्योंही राम



मंदिर का ताला खुला, इसके बाद भगवान राम के भव्य मंदिर बनाने की सुगबुगाहट शुरू हुई। फिर देश भर में राममंदिर शिलापूजन अभियान शुरू हुआ। इसके साथ ही यह देशवासियों के लिए आस्था व अस्तित्व का सवाल खड़ा हुआ। इसके बाद के संघर्षों के परिणाम आगामी 22 जनवरी को सबके सामने फलीभूत होगा। इसी प्रकार जब तक भगवान शंकर की जन्म स्थली की मुक्ति के लिए जब तक आमजनमानस चैतन्य नहीं होगा तब तक हमारा संकल्प पूरा नहीं होगा। बैठक को संघ के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हनुमान इंटर कालेज, पडरौना के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने आगामी 14 जनवरी को संघ की स्थापना दिवस की पूर्वसंध्या पर कुशीनगर में संगोष्ठी आयोजित करने का प्रस्ताव किया, जिसका करतल ध्वनि से सहमति व्यक्त की गयी। दूसरी ओर भारत तिब्बत समन्वय संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों द्वारा उदित नारायण पीजी कालेज की प्राचार्य डॉ ममता मणि त्रिपाठी को महिला विभाग का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व समाजसेविका कालिंदी त्रिपाठी को प्रतियोगिता प्रभाग का क्षेत्रीय सह संयोजक का दायित्व प्रदान किये जाने पर इनका स्वागत किया गया। बैठक में बौद्धिक प्रभाग की क्षेत्रीय सहसंयोजक डॉ सुनीता पांडेय, महिला विभाग की जिलाध्यक्ष मीनू जिंदल, शोध प्रभाग के क्षेत्रीय सहसंयोजक मनोज शर्मा सारस्वत, जिलाध्यक्ष मूल विभाग संजय शुक्ल, मुख्य जिला संयोजक विजय पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## श्री श्री ज्ञान मंदिरों की राष्ट्रीय संयोजिका भानु दीदी का मनाया गया जन्मोत्सव

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता व आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित श्री श्री ज्ञान मंदिरों की राष्ट्रीय संयोजिका भानु नरसिंघम उर्फ भानु दीदी के जन्मोत्सव के अवसर पर शिक्षकों व बच्चों ने केक काटकर उनके दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर बच्चों में भोजन व मिष्ठान बितरित किया गया।नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 17 मणिपुरम (शामपुर हतवा बाड़ी पुल) व परसौनी खुर्द स्थित श्री श्री ज्ञान मन्दिर में भानु दीदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम को सबोधित



करते हुए जिला समन्वयक राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि भानु दीदी के निर्देशन में श्री श्री ज्ञान मन्दिर विद्यालयों में बच्चों को सांस्कारिक व नैतिक शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेंद्र मिश्रा, अमीना खातून, ममता यादव, रंजीत सिंह, वन्दना देवी, प्रमोद राव, अशोक मिश्रा, स्वामी नाथ, प्रधानाध्यापक हरेंद्र यादव सहित बच्चे उपस्थित रहे। वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह नगर (अनिरुद्धवा) स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर में भानु दीदी के जन्मदिन पर विद्यालय के प्रबन्धक व वार्ड सभासद पीएन सिंह, शिक्षकों व बच्चों ने केक काटा और दीदी के दीघार्यु की कामना कीं। प्रबन्धक श्री सिंह ने कहा कि भानु दीदी की देख रेख में पूरे देश में श्री श्री ज्ञान मन्दिर शिक्षा की ज्योति जला रही है। इसी क्रम में सिसवा - महन्थ स्थित श्री श्री ज्ञान मन्दिर विद्यालय में प्रधानाध्यापक आमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया और केक काटा गया। इस अवसर पर अशोक सिंह, श्रीमती संगीता सिंह, राजभवन सिंह, गणपति शर्मा, हरीओम प्रकाश सिंह, मंगेश चन्द, पूनम गुप्ता श्वेता सिन्हा, ज्योती सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, अनुराधा मद्धेशिया, सबिता देवी, रीना मिश्रा, मेनका एलियास रेशमा, ज्योती, आंचल कुशवाहा, शीला सिंह, रानी सिंह मौजूद रहीं।

## ज्वैलर्स का हत्यारोपी एनकाउंटर में मारा गयाः बदमाश का साथी घायल



**कन्नौज ।** गुरुवार सुबह ज्वेलर्स का हत्यारोपी बदमाश एनकाउंटर में मारा गया। उसका साथी पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। वहीं, बदमाशों की फायरिंग में 2 सिपाही भी घायल हुए हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ज्वेलर्स से लूटी ज्वेलरी और नगदी भी बरामद कर ली है। जिसकी कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है। गुरुवार सुबह 7:30 बजे दोनों बदमाश इजहार और तालिब बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी पुलिस ने गुरसहायगंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र में पूर्वी बाइपास के नजदीक उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन खुद को फंसा देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसमें गुरसहायगंज कोतवाली में तैनात सिपाही अमन सिंह और विनय कुमार घायल हो गए हैं। पुलिस की तरफ से की गई फायरिंग में समधन निवासी बदमाश इजहार की गोली लगने की मौत हो गई। उसका साथी तालिब घायल हो गया। घायल दोनों सिपाहियों और बदमाश तालिब को गुरसहायगंज अस्पताल ले जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा। पुलिस ने मारे गए बदमाश के कब्जे से 250 ग्राम सोने के जेवर और 500 ग्राम चांदी के जेवर बरामद किए हैं। साथ ही 4 लाख 30 हजार कैश भी मिला है। इसके अलावा ज्वैलर्स से लूट की वारदात में प्रयोग की गई सफेद रंग की आपचे बाइक भी बरामद की है। पूछताछ में घायल बदमाश तालिब ने बताया, कुछ और सोने-चांदी का सामान उसके एक अन्य साथी द्वारा बेचा गया है। अब पुलिस उस बदमाश की तलाश कर रही है, जिसने सामान बेचा था। एसपी अमित कुमार आनंद ने मौके पर पहुंच कर मुठभेड़ की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी शाम 7:30 बजे गुरसहायगंज थाना क्षेत्र में एक सरार्फा कारोबारी अयाज अपने दो बेटों के साथ जा रहा था। इसी बीच रास्ते में दो बदमाशों ने लूटपाट की थी। इसमें अयाज को गोली लगी थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना के खुलासे के लिए 400 सीसीटीवी खंगाले गए। साथ ही 20 से अधिक पुलिस टीमों का गठन किया था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी में एक जगह अपराधी हमे हेलेमेट पहने हुए दिखे थे। सूचना देने वाले को 25 हजार इनाम देने की घोषणा की थी। आज गुरुवार सुबह 7:30 बजे मुठभेड़ गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ही जहांगीरपुर के करीब महोना-रामाश्रम के पास जीटी रोड किनारे हुई। इस मुठभेड़ में दो सिपाही घायल हुए हैं। वहीं दो आरोपी इजहार और तालिब को भी गोली लगी है। जिसमें इलाज के दौरान इजहार की मौत हो गई है। तालिब पर 8 मुकदमे दर्ज हैं। बदमाश के पास से लूटा गया 20 लाख का सामान बरामद कर लिया गया है।

## कन्या शिक्षा की प्रणेता उर्मिला राघव का निधन



संवाददाता

**बुलन्दशहर।** पहासू कस्बे में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा अन्य कन्या विद्यालयों की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कुंवरपुर गांव निवासी उर्मिला राघव की बीमारी के बाद बुधवार को निधन हो गया। उस दशक में लोग जब कम शिक्षित हुआ करते थे ।तब उन्होंने ग्वालियर से एमए इंग्लिश पास किया था। उनके पति महिपाल सिंह क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों से जुड़े हुए थे। महिपाल सिंह एलटी साहब के नाम से मशहूर थे बताया जाता है। एलटी साहब क्षेत्र में सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे थे। परिवार ने प्रेरणा उठाई और अपने क्षेत्र के खास तौर पर कन्या को शिक्षित करने का प्रयास किया। जिसके चलते दो पाठशाला खोले। पहासू में उर्मिला राघव कन्या इंटर कॉलेज तथा कन्या डिग्री कॉलेज की स्थापना कर क्षेत्र में बालिका शिक्षा अलख जगाई। उर्मिला राघव का निधन पर पहासू और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है।

## मोदी की गारंटी यात्रा का हो रहा चारों तरफ चर्चा : सुधीर राव

संवाददाता

**कुशीनगर।** हाटा ब्लाक के गांव बैदौली महुआडीह और परसौना बुजुर्ग में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौपाल कार्यक्रम के बतौर मुख्य अथिति ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कहा की सरकारी योजनाओं का लाभ भाजपा सरकार में पात्रों को सीधे मिल रहा है जबकि अन्य दलों की सरकारों में लाभार्थियों का हिस्सा विचौलिये खा जाते थे। पात्रों तक लाभ पहुंचाना मोदी सरकार की गारंटी है। स्वास्थ्य विभाग से धर्मेंद्र



गौड़, कृषि विभाग से श्यामसुंदर वर्मा और ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओ के बारे में पंचायत सचिव अखिलेश सोनकर ने ग्रामीणों को बताया , बालविकास पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम अतिथियों द्वारा किया गया वैन नोडल प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने ग्रामीणों को 2047 तक भारत को विकसित बनाने के पंचप्रण की शपथ दिलाई । विधालय के स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।संचालन धीरज राव,और ग्राम प्रधान भरत मल्लाह,और प्रमोद कुमार ने किया । इस अवसर पर ,नोडल दिवस अधिकारी उदय शंकर राय, बीडीओ सुधा पाण्डेय,कृष्ण मोहन मिश्र, कमलेश मिश्र, सचिव किशन राय, अजय प्रताप यादव, मनोज शुक्ल, अचंभित सिंह, शिशिर पाण्डेय,प्रशांत किशोर यादव, राकेश निषाद, कमलेश चौधरी,चंदभूषण ओझा, राकेश वर्मा, विनोद गुप्ता, रामनाथ पांडे, बृजकिशोर तिवारी, अंशुल सिंह, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत काला खेड़ा में नई गौशाला का फीता काटकर किया शुभारम्भ

संवाददाता

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी जी द्वारा विकासखंड जोया के ग्राम पंचायत काला खेड़ा में फीता काटकर नई गौशाला का उद्घाटन किया ।जिलाधिकारी ने गौ शाला में ग्राम पंचायत क्षेत्र के छुट्टा पशुओं को माला पहना हरा चारा खिलाकर कर गुड़ खिलाकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि अब क्षेत्र के कोई भी पशु छुट्टा नहीं रह सकेंगे खंड विकास अधिकारी अभियान चलाकर जो भी क्षेत्र के पशु घूम



रहे हैं उन्हें इस गौशाला में संरक्षित किया जाए कोई भी पशु छुट्टा नहीं दिखना चाहिए ।गौशाला में पशुओं को संरक्षण के संबंध में किसी



प्रकार की लापरवाही ना हो। गौ संरक्षण के लिए गौ शाला में हरा चारा भूसा खल का पर्याप्त प्रबंध होना चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को पंचायती राज विभाग के कार्मिकों जिसमे ग्राम पंचायत अधिकारी व एडीओ पंचायत व जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया की तरफ से सहयोग के रूप में एकत्र गौ संरक्षण हेतु 1 लाख रुपये का चेक दान स्वरूप सौंपा गया ।निरीक्षण के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया वीडीओ प्रतिभा सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# उच्च गुणवत्ता में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाना

विनिर्माण क्षेत्र में 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि 'मेड इन इंडिया' ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पाद व व्यवहार के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षा की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है। मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता इको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे। सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं। क्यूसीओ ने 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किए जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किए गए कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है। क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं। गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते, घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था। वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआईएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था। इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय बाजार में 84 प्रतिशत खिलौने बीआईएस मानकों का पालन करते हैं। क्यूसीओ ने न केवल भारतीय बच्चों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने उपलब्ध कराए हैं, बल्कि 2018-19 की तुलना में 2022-23 में उनके निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है। उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सरकार उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करने और उन निमार्ताओं का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है, जो गुणवत्ता में सुधार करना चाहते हैं।

# अर्थव्यवस्था का आधार बन रहे आस्था व अध्यात्म

ANALYSIS



प्रदीप मिश्र

**देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सबकुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाए गए सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई। पर्यटन विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग क्रमशः 588 और 936 करोड़ रुपये से अकेले अयोध्या में ही कुंड, मठ और मंदिरों का जीर्णोद्धार करा रहा है। चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य, शुकताल, गोला गोकर्णनाथ, वृंदावन, बटेश्वर आदि में कॉरिडोर विकसित कर सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास है। परिणाम, प्रदेश में 2022 में जो पर्यटक 31.85 करोड़ थे, सितंबर 2023 तक उनकी संख्या 32 करोड़ से अधिक हो गई। 9.54 लाख सैलानी विदेशी रहे। इस दौरान सबसे ज्यादा 8.42 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु वाराणसी पहुंचे।**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि ज्यों-ज्यों करीब आ रही है, वहां के अभ्युदय, आख्यान, आस्था और अध्यात्म के साथ-साथ आह्लाद और अर्थात पर चातुर्दिक चचाएं तेज हो गई हैं। 2024 की जनवरी और विक्रम संवत 2080 का पुनीत पौष और फाल्गुन माह अयोध्या के दृष्टिकोण से सामाजिक चिंतन और राजनीतिक विचार-विमर्श का केंद्र बिंदु बन चुका है। अर्थव्यवस्था के अंकगणित के पैमाने पर भी समग्र आयोजन और प्रयोजन को परखा जा रहा है। देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सबकुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाए गए सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई। पर्यटन विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग क्रमशः 588 और 936 करोड़ रुपये से अकेले अयोध्या में ही कुंड, मठ और मंदिरों का जीर्णोद्धार करा रहा है। चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य, शुकताल, गोला गोकर्णनाथ, वृंदावन, बटेश्वर आदि में कॉरिडोर विकसित कर सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास है। परिणाम, प्रदेश में 2022 में जो पर्यटक 31.85 करोड़ थे, सितंबर 2023 तक उनकी संख्या 32 करोड़ से अधिक हो गई। 9.54 लाख सैलानी विदेशी रहे। इस दौरान सबसे ज्यादा 8.42 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु वाराणसी पहुंचे। दूसरी पसंद प्रयागराज रही और 4.50 करोड़ पर्यटकों ने शहर देखा। 2.39 करोड़ श्रद्धालुओं के साथ तीसरे स्थान पर अयोध्या रही। प्रयागराज के आंकड़े अगले साल और अयोध्या के आंकड़े जल्दी ही बदल जाएंगे। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ होगा, जिसमें छह करोड़ श्रद्धालु पहुंचने की आशा है। इसी मंतव्य से वहां की साज-सज्जा और सुरक्षा के साथ ही सुगम मार्ग बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आह्वान किया है। माना जा रहा है कि इसके बाद अयोध्या देश का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश सरकार को यहां हर महीने दो करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। रामनगरी में 26 जनवरी से 26 दिन तक प्रतिदिन प्रत्येक राज्य से पांच-पांच हजार श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की योजना है। सामान्य तौर पर एक पर्यटक ढाई हजार रुपये से अधिक खर्च करता है। इस आधार पर प्रत्येक वर्ष 55 हजार करोड़ रुपये की आमदनी होगी। अर्थव्यवस्था इससे सशक्त होगी। वाराणसी और अयोध्या के बीच श्रद्धालुओं के लिए हेलिकॉप्टर सेवा फरवरी में शुरू होगी, जबकि आगरा-मथुरा के बीच यह शुरू हो चुकी है। अयोध्या का घटनाक्रम आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रहा है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड (कैट) का कहना है कि इस आयोजन से 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होगा। इसके अंतर्गत श्रीराम मंदिर के मॉडल से लेकर मूर्तियां, पूजन सामग्री, घंटा-घड़ियाल, अगरबत्ती-धूपवत्ती, चंदन, चित्र, दीपक और गंगाजल की खरीदारी बढ़ेगी। अयोध्या की यात्रा इसमें सम्मिलित नहीं है। रेलवे ने आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं तो लाखों यात्री अपने या सार्वजनिक साधनों से रामलला के दर्शन-पूजन कर स्वयं को अनुग्रहीत करेंगे। यहां यह भी जानना उपयुक्त होगा कि 2021-22 में अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में 110 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। 2022-23 में यह बढ़कर 254 करोड़ रुपये हो गया है। यही नहीं, अयोध्या में 2018-19 तक 28 हजार से अधिक रजिस्ट्री होती थीं, जो 2023-24 में अब तक 46 हजार पार हो गई हैं। यही स्थिति वाराणसी की है। यहां इसी अवधि में 40 हजार का आंकड़ा 72 हजार पहुंच गया है। तीर्थाटन के आंकड़े मात्र आंकड़े नहीं है। इनमें आस्था और अध्यात्म का अहम आधार है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की चारधाम यात्रा प्रसिद्ध है। घरेलू पर्यटकों में 44 फीसदी का उद्देश्य तीर्थयात्रा और धार्मिक यात्रा का होता है। 2022 में राज्य में पांच करोड़ लोग पहुंचे थे, जिसमें 3.8 करोड़ कांवड़िये और 45 लाख चारधाम के यात्री रहे। 2023 में वैष्णो देवी के दरबार में मत्था टेकने वालों की संख्या 97 लाख रही। 2022 में यह आंकड़ा 91.25 लाख था। 2012 में यहां पहली बार 1.04 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। बीते वर्ष 62 दिन चली अमरनाथ यात्रा में 4.45 लाख श्रद्धालु शामिल हुए थे,जबकि 2022 में यह संख्या 3.65 लाख थी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में कॉरिडोर बनने के बाद पहली बार 8.10 लाख भक्तों ने दर्शन पूजन कर 2024 की शुरूआत की। एक दिन पहले यानी 32 दिसंबर को संख्या तीन लाख से अधिक थी। यही नहीं, तिरुपति बालाजी मंदिर में हर दिन 50 हजार से एक लाख के बीच श्रद्धालु पहुंचते हैं। एक कालखंड में बुजुर्ग ही तीर्थयात्रा के लिए उपयुक्त पात्र माने जाते थे। वह भी तब, जब उनकी मनौती पूरी होती थी या और मांगने की इच्छा होती थी। बाद में इसमें बदलाव आया। फिर भी देशाटन, तीर्थाटन और पर्यटन साधनों, संसाधनों और सुरक्षा की कमी के कारण अनियमित था। अब श्रद्धालुओं की श्रेणी में युवक-युवतियां और बच्चे भी आ गए हैं। आर्थिक सामर्थ्य बढ़ने के कारण एक बड़ा वर्ग वर्ष में कम से एक बार पौराणिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाले स्थानों पर जाता है। तीर्थयात्री आने-जाने से लेकर परिवहन, होटल, धर्मशाला, भोजनालय आदि पर खर्च करने के साथ स्थानीय महत्व की स्मृतियां संजोने के लिए खरीदारी भी करते हैं। यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा उत्सव देखने के लिए कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। इन्हें समझते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने राम की महत्ता को समझते हुए राम वन गमन पथ बनवाया। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या का घर माना जाता है। हरियाणा सरकार ने सूरजकुंड में दिवाली उत्सव मनाने की योजना बनाई है तो कुरुक्षेत्र में दो सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर ज्योतिसर पार्क खोला जा रहा है। यहां देश में पहली बार महाभारत की कहानी के वाचन के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा। जिले में 164 अन्य तीर्थस्थलों का विकास किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र में 1989 में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव अब वैश्विक हो गया है। 24 दिसंबर 2023 को गीता जयंती के उपलक्ष्य में कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में एक लाख श्रद्धालुओं द्वारा गीता पाठ का विश्व रिकॉर्ड अविस्मरणीय हो गया है। असम में कामाख्या मंदिर के विकास कार्यों पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर कॉरिडोर और नासिक से त्र्यंबकेश्वर तक सुविधाजनक मार्ग निमार्णाधीन है। यदि तेलंगाना में भगवान नृसिंह का मंदिर बन रहा है तो राजस्थान में गोविंद देव मंदिर और पुष्कर तीर्थ में सुविधाएं उपलब्ध कराने की कोशिश है। तीर्थाटन का महत्व सरकारों को भी पता चल गया है। यही कारण है कि पंजाब सरकार ने नवंबर में गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर मुख्यमंत्री तीर्थ योजना शुरू की। इसमें तीन महीने तक 53,850 बुजुर्ग श्रद्धालुओं को देश भर के तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए लाने-ले जाने से जुड़े सारे खर्च सरकार देगी। इस पर 40 हजार करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। मध्य प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव से चंद दिन पहले अपनी तीर्थ दर्शन योजना में बड़ी सोच प्रदर्शित कर राज्य के 32 वृद्धजनों को दर्शन-पूजन के लिए हवाई जहाज से प्रयागराज भेजा। इससे पहले यह योजना हरियाणा और दिल्ली में भी चलाई जा चुकी है। दिल्ली सरकार ने 75 हजार लोगों को तीर्थयात्रा कराई थी। भारत में सैर सपाटा वाले प्रमुख स्थानों में 75 से 80 प्रतिशत से अधिक तीर्थस्थल हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगेश्वर श्रीकृष्ण, देवाधिदेव महादेव, दुष्ट विनाशनी दुर्गा और काली के अलावा अमोघ आशीषों से आच्छादित हनुमान देशवासियों की आस्था के केंद्र रहे हैं। यही कारण है कि धीरे-धीरे तीर्थस्थल ही पर्यटन के प्रमुख स्थान बन गए। पर्यटन पहले से अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या या भारत ही नहीं, सारे संसार में राम की चर्चा है। भारत तो राममय हो ही चुका है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि-विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान होने वाले हैं। भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उस जन्मस्थान पर आखिर सभी पंथ, सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं? क्योंकि, राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बंधे हैं। राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं। इसीलिए तो यहां सिख गुरु नानकदेव भी आए और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश-परंपरा से ही जोड़ा। बनारस से दलित संत रविदास भी रामदर्शन के लिए अयोध्या आए तो दक्षिण के आलावर संत भी। द्वैत सिद्धांत मानने वाले आचार्य भी। अद्वैत के प्रवर्तक शंकराचार्य और विशिष्टाद्वैत के बल्लभाचार्य भी अयोध्या आकर जन्मस्थान पर अपनी साधना में लीन रहे। निर्गुण कबीर भी राम को भजते हैं और सगुण तुलसी भी। भवभूति भी राम को जपते हैं। तुकाराम से तिरुवल्लुवर तक के लिए राम पीड़ित, शोषित और वंचित की अभिव्यक्ति हैं। श्रीराम की अयोध्या कैसी है? अयोध्या लोकतंत्र की जननी है। आराधिका है। संरक्षिका है। अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण की श्रेष्ठता से चलता है। अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है। और वहां बना राम मंदिर ? क्या जन्मस्थान पर बनी यह नई इमारत राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थरों और कंक्रीट का महज एक मंदिर है? नहीं। ये बदलते भारत का प्रतीक है, जिसमें किसी अन्याय के प्रतिकार की ताकत है। इस मंदिर से हमारी परंपरा, संस्कृति, धर्म, सभ्यता, मान - सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है। अयोध्या का मंदिर श्रीराम का है। इस बीच, एक बात कहनी होगी कि अयोध्या में रामलला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की जिस तरह से तैयारियां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में हुई उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के कामकाज के साथ मंदिर निर्माण के काम को भी देखा। वे रोज काम की प्रगति की जानकारी लेते रहे और अपने मंत्रिमंडल के साथियों व अफसरों को जरूरी निर्देश देते रहे। उनकी पैनी नजर के चलते ही राममंदिर में चल रहा निर्माण कार्य वक्त रहते पूर्ण हुआ। बहरहाल, अयोध्या श्रीराम की थी, श्रीराम की है और श्रीराम की ही रहेगी। श्रीराम भारत के कण-कण में हैं। हमारे भाव की हर हिलोर में श्रीराम हैं। राम यत्र-तत्र, सर्वत्र हैं। जिसमें रम गए, वहीं राम हैं। यहां सबके अपने-अपने राम हैं। गांधी के राम अलग हैं, लोहिया के राम अलग। बाल्मीकि और तुलसी के राम में भी फर्क है। भवभूति के राम दोनों से अलग हैं। कबीर ने राम को जाना, तुलसी ने माना, निराला ने बखाना। राम एक हैं, पर राम के बारे में दृष्टि सबकी भिन्न है। त्रेता युग के श्री राम त्याग, शुचिता, मयार्दा, संबंधों और इन संबंधों से ऊपर मानवीय आदर्शों की वे प्रति मूर्ति है, जिनका दृष्टांत आधुनिक युग में भी अनुसरण करने के लिए दिया जाता है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम आदर्श पुत्र, आदर्श राजा, आदर्श भ्राता ही नहीं वरन आदर्श पति भी हैं, जो आजीवन एकपत्नी व्रती रहे। भगवान श्री राम ने राजा होते हुए त्याग, संयम, धैर्य, सहयोग और प्रजा के प्रति सेवा भाव का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पत्नी वियोग के साथ नाना प्रकार के कष्ट सहे। ईश्वरीय अवतार होने के बावजूद मनुष्य रूप में अनेक कष्ट सहने के बावजूद इतिहास ने भी उनके साथ कम अन्याय नहीं किया। माता सीता पर मिथ्या दोषरोपण के कारण राम द्वारा सीता का परित्याग एक मात्र ऐसा प्रसंग रहा, जिसके कारण आज भी प्रभु श्रीराम नारीवादियों के कटघरे में खड़े दिखाई देते हैं। हालाँकि, मूल वाल्मीकि रामायण में सीताजी के त्याग का ऐसा कोई प्रसंग नहीं मिलता। ऐसा माना जाता है यह प्रसंग बाद में तत्कालीन लेखकों तथा कवियों ने रामकथा की दिशा को मोड़ने या यूं कहें राम की छवि को धूमिल करने और सनातन संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने के लिए जोड़ा। ऐसा भी कह सकते हैं कि भविष्य में नारी के लिए मयार्दा और शुचिता के कड़े मानदंड स्थापित करने के लिए बाद में यह प्रसंग जोड़ा गया हो। लंका विजय के पश्चात अग्नि को साक्षी मानकर सीता माता को पूरे मन से अपनाने वाले प्रभु श्रीराम माता सीता का परित्याग करने के बजाय उनके साथ पुनः वनवास लेना अधिक श्रेयस्कर समझते। लेकिन, इस अनर्गल प्रसंग ने प्रभु श्रीराम को निरपराध कटघरे में खड़ा कर दिया। वाकई सीता माता के साथ अन्याय हुआ या नहीं यह तो अतीत के गर्भ में है परंतु यदि श्रीराम पर मिथ्या दोष लगाया गया है, तो वाकई इस सूर्यवंशी महान प्रतापी और मर्यादित राजा के साथ हर युग में अन्याय हुआ है। इस बीच, कुछ ऐसे कथित ज्ञानी भी हैं जो श्रीराम को काल्पनिक मानते हैं। वैसे उनके कहने से क्या फर्क पड़ता है। फर्क तब पड़ता, अगर वे हजारों वर्ष से जिस प्रकार जीवित है, हयात है, साक्षात है, वह न होते। वे केवल जीवित ही नहीं हैं, उनके नाममात्र ने मुर्दा बना दिए गए राष्ट्र को ऐसा संजीवन कर दिया उसने विश्व सत्ता को अपने स्थान वापस कर दिया, जैसे वामन अवतार ने राजा बलि को। उनका नाम मात्र धर्म का पर्याय बन गया। दशरथ पुत्र श्रीराम से अधिक, कहीं गुना अधिक काम तो राम नाममात्र से हुए। गांधीजी ने साफ कहा कि वे इस बात में पड़ना ही नहीं चाहते कि राम ऐतिहासिक हैं या नहीं। उनके लिए रामनाम ही उनकी शक्ति और उनकी प्रेरणा थी।

## Social Media Corner

सच के हक में...



आज जब अयोध्या धाम में श्री राम लला की अगवानी को लेकर हर ओर आनंद का वातावरण है, ऐसे में सूर्यगायत्री जी की यह स्तुति हर किसी को भक्ति-भाव से भर देने वाली है।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



स्वच्छता के महत्व पर गांधीजी के विचार और कार्य हमारी विरासत के गौरवशाली अध्याय हैं। सत्य और अहिंसा के साथ, गांधीजी के स्वच्छता के आदर्श को अपने आचरण में ढालकर हम सब गांधीजी के सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



जन्मदिन की शुभकामनाएं बाबा। आपका जज्बा, आपका संघर्ष, आपका मार्गदर्शन देश और राज्य के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणादायी है। झारखण्ड और झारखण्डवासी आगे बढ़े, कोई गरीब और शोषित हक-अधिकार से वंचित न रहे, आपके इसी संकल्प को साकार करने का काम कर रही है झारखण्डी सरकार।

**(सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# विलुप्त होते आदिवासियों की चिंता

विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी क्रांतिकारी नेता भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन पर उनके जन्म स्थान झारखंड स्थित खूंटी के उलिहातू से एक महत्वाकांक्षी कल्याणकारी जनमन योजना की घोषणा की। इस योजना को ऐतिहासिक बताया जा रहा है। यह योजना ऐसे 75 आदिवासी समूहों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है, जो आज भी देश की मुख्यधारा से विमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों को बेहतर आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधा और जरूरत को सुनिश्चित करने का काम किया जायेगा। यह तीसरा मौका है, जब भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने आदिवासियों के लिए बड़ा काम किया है। इस मामले में खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने आदिवासी समाज के लिए अलग से मंत्रालय बनाया और अलग बजट आवंटित किया। पहले की तुलना में आदिवासी कल्याण का बजट छह गुना बढ़ाया गया है, ताकि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और आदिम जनजातियों तक पहुंच कर उनका विकास सुनिश्चित कर सके। इससे पहले भाजपा सरकार ने ही आदिवासियों को केंद्र में रख कर दो प्रांतों का गठन किया, जिसमें झारखंड एक व्यापक जनजातीय बहुल प्रदेश है। इस योजना को विशेष रूप से आदिवासियों के कल्याण हेतु बनाया गया है, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने प्रथम चरण में 24 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 8.12 प्रतिशत भाग आदिवासियों का है। आदिवासी समूहों में से लगभग 10 ऐसे समूह हैं, जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है और उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त आरक्षण का भी भरपूर लाभ उठाया है, लेकिन अधिकतर आदिवासी समूह सरकार की योजनाओं से वंचित रहे हैं। सरकार का दावा है कि आदिवासी समूहों में से 75 ऐसे समूह हैं, जहां आज भी सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं के बराबर पहुंचा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा घोषित यह जनमन योजना उन्हीं 75 आदिवासी समूहों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में जिस विकसित भारत की आधारशिला रखी है, उसमें भी इस योजना की चर्चा की गयी है। यह बताया गया है कि जब तक देश के घने वनों, गिरी और कंदराओं में रहने वाले जनजातियों को देश के विकास की मुख्यधारा से नहीं जोड़ा जायेगा, तब तक विकास की अवधारणा अधूरी ही समझी जायेगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पीएम जनमन योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य जनजातीय आदिवासी समुदाय के नागरिकों का विकास सुनिश्चित करना है। इस योजना के माध्यम से आदिवासी जनजातियों के परिवारों को सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी, बिजली पहुंचाने, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध करवाने का काम किया जायेगा। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण तक इन जनजातियों की पहुंच बनाने के लिए बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को पूरा किया जायेगा। योजना में इस बात की चर्चा की गयी है कि अति पिछड़े 75 आदिवासी समूह देश के 22 हजार से अधिक गांवों में रहते हैं। इनकी संख्या लाखों में है, जो विलुप्त होने की कगार पर हैं। इस योजना के तहत सरकार की अन्य योजनाओं को भी जोड़ा गया है, जैसे- शत प्रतिशत टीकाकरण, सिकल सेल रोग उन्मूलन, पीएमजेएवाइ, टीबी उन्मूलन, पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, पीएम पोषण, पीएम जन योजना आदि।

# अहम हज समझौता

पिछले कुछ वर्षों से भारत और सऊदी अरब के परस्पर संबंधों का व्यापक विस्तार हुआ है। इस प्रक्रिया में द्विपक्षीय हज समझौता 2024 एक अहम मील का पत्थर है। बीते दिनों सऊदी अरब की राजधानी जेद्दा में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सऊदी मंत्री तौफीक बिन फौजान अल-राबिया ने इस समझौते पर दस्तखत किये। इस दौरे में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन भी शामिल थे। अपनी यात्रा के दौरान स्मृति ईरानी ने इस्लाम के सबसे पवित्र शहरों में शुमार मदीना भी पहुंची तथा भारतीय तीर्थयात्रियों से भेंट की। इस वर्ष हज यात्रा पर 1,75,025 भारतीय जा सकेंगे, जिनमें से 1,40,020 तीर्थयात्री भारत की हज कमिटी के जरिये जायेंगे। पहली बार हज करने जाने वाले लोगों पर इस साल अधिक ध्यान दिया जायेगा। बाकी 35 हजार यात्री हज यात्रा कराने वाली निजी एजेंसियों के माध्यम से जायेंगे। महिला यात्रियों की संख्या बढ़ाना और उनकी सुविधा का समुचित ध्यान रखना इस समझौते की एक प्रमुख विशेषता है। समझौते की बातचीत में डिजिटल तकनीक के अधिक इस्तेमाल पर जोर दिया गया ताकि हज यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाया जा सके। सऊदी अरब ने इस मामले में भारत के प्रयासों की सराहना भी की है। साथ ही, यात्रा के प्रबंधन, संयोजन, चिकित्सा सुविधा, ठहरने की व्यवस्था आदि के बारे में सहमति बनी है। भारतीय मंत्रियों ने जेद्दा के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के हज टर्मिनल का भी मुआयना किया। इस समझौते से भारत और सऊदी अरब के धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को तो मजबूती मिलेगी ही, साथ ही सामाजिक और तकनीकी सहकार भी बढ़ेगा। इस नाते इसे एक महत्वपूर्ण प्रगतिशील पहल माना जा सकता है। इस्लाम के दो सबसे पवित्र मस्जिद और तीर्थस्थल- मक्का एवं मदीना- सऊदी अरब में स्थित हैं, जबकि दुनिया में मुस्लिम समुदाय की आबादी के हिसाब से इंडोनेशिया के बाद भारत दूसरे स्थान पर है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# सिटी नेटवर्क खरीदने रिलायंस जियो सहित 14 कंपनियां सामने आईं

## - कंपनियां 17 जनवरी तक जमा कर सकती हैं अपने प्रस्ताव

**मुंबई ।**

एस्सेल समूह की संकटग्रस्त सिटी नेटवर्क लिमिटेड को खरीदने के लिए रिलायंस जियो की हैथवे डिजिटल और हिंदुजा समूह की इंडसइंड मीडिया ऐंड कम्युनिकेशन से हित 14 कंपनियों में होड़ मची हुई है। संभावित समाधान प्रस्ताव (पीआरए) देने वाली ये कंपनियां 17 जनवरी तक अपने प्रस्ताव जमा कर सकती हैं। हैथवे और इंडसइंड ने इस मामले में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सिटी नेटवर्क मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर और तार से ब्रॉडबैंड पहुंचाने वाली कंपनी है, जिसके पास 33,000 किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर और कोएक्सियल केबल नेटवर्क है। यह देश में 580 स्थानों पर 1.15 करोड़ से अधिक दर्शकों को केबल सेवाएं देती है। एक वरिष्ठ सलाहकार ने कहा` कि पूर्वी क्षेत्र में गहरी पैठ को देखते हुए सिटी नेटवर्क के अधिग्रहण से कंपनियों के विस्तार को बल मिलेगा। कंपनी का फाइबर ऑप्टिक कारोबार भी बहुत बढ़िया है। 30 नवंबर, 2022 को सिटी नेटवर्क ने एक बयान जारी कर कहा था कि उसके ऊपर सात ऋणदाताओं के 1,173 करोड़ रुपये बकाया हैं। इनमें एचडीएफसी के 279 करोड़ रुपये, ऐक्सिस बैंक के 269 करोड़ रुपये, इंडसइंड बैंक के 156 करोड़ रुपये और आईडीबीआई बैंक के 147 करोड़ रुपये हैं। इन बैंकों ने कंपनी को 9 से 13 प्रतिशत ब्याज दर के साथ सावधि ऋण दिया था। सिटी नेटवर्क ने स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया था कि उसके ऋणदाताओं की समिति की चौथी बैठक बीते साल 15 दिसंबर को आयोजित हुई थी। इस बैठक में समाधान प्रस्ताव पेश किया गया। कंपनी ने बताया कि बैठक में इस प्रस्ताव के साथ-साथ सीआईआरपी संबंधी मुद्दों पर




सीओसी सदस्यों के साथ चर्चा की गई। सिटी नेटवर्क वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली छमाही से लगातार घाटे में चल रही है और 30 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार कंपनी पर नकारात्मक कार्यगत पूंजी और नकारात्मक नेटवर्थ हो गई थी। वित्त वर्ष 23 की पहली छमाही के दौरान कंपनी को 683.9 करोड़ के अर्जित राजस्व पर 145.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। इससे पहले वित्त वर्ष 2022 में कंपनी को कुल 1460.8 करोड़ के अर्जित राजस्व पर 260.9 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

# पिछले साल एफपीआई ने किया 25 फीसदी निवेश

## एफपीआई निवेश में से 44,950 करोड़ रुपये प्राथमिक निर्गमों में गए

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2023 में देसी शेयरों में 1.7 लाख करोड़ रुपये लगाए, जो किसी वित्तीय वर्ष में हुए सबसे अधिक निवेश में रहा। मगर इसका छोटा हिस्सा ही बाजार से शेयरों की सीधी खरीद में गया। एनएसडीएल के आंकड़ों से पता चलता है कि एफपीआई निवेश में से 44,950 करोड़ रुपये प्राथमिक निर्गमों में गए। आंकड़ों के अनुसार स्टॉक एक्सचेंज के जरिये एफपीआई ने जो निवेश किया, उसका बड़ा हिस्सा ब्लॉक डील में लगाया गया। इसका मतलब है कि शेयरों की सीधी खरीद में निवेश पहले से कम रहा। पिछले साल 2 लाख करोड़ रुपये की ब्लॉक डील हुईं, जिनमें सबसे बड़े खरीदार एफपीआई थे। प्राथमिक निर्गम में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ), पात्र संस्थागत नियोजन और राइट्स निर्गम शामिल होते हैं। एनएसडीएल प्राथमिक निवेश और स्टॉक एक्सचेंज के जरिये हुए एफपीआई निवेश के अलग-अलग आंकड़े देता है। ब्लॉक डील सौदे स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के जरिये होते हैं। बीते दो वित्तीय वर्ष के दौरान प्राथमिक बाजार में एफपीआई का निवेश स्टॉक एक्सचेंज के जरिये किए गए निवेश से काफी ज्यादा था। वर्ष 2022 में प्राथमिक बाजार में एफपीआई निवेश सकारात्मक था और शेयर बाजार में निवेश ऋणात्मक रहा। मगर 2021 में प्राथमिक बाजार में एफपीआई की खरीदारी बढ़ने से निवेश सकारात्मक रहा था। बाजार के भागीदारों ने कहा कि मूल्यांकन को नियंत्रण में रखने के लिए जरूरी है कि घरेलू और विदेशी निवेशकों से निवेश नई प्रतिभूतियों के जरिये आए। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि का अनुमान देखते हुए हमें एफपीआई और घरेलू संस्थागत निवेशकों से 25-25 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद है। देसी-विदेशी निवेशकों से आने वाली तेज निवेश आवक को देखते हुए नई प्रतिभूतियां जारी करना जरूरी होगा। ऐसे में क्यूआईपी, ब्लॉक डील, आईपीओ और पीई निवेशकों का जाना काफी होगा। इससे बाजार में आने वाले ज्यादा निवेश को खींचने में मदद मिलेगी।

# पेटीएम की गिफ्ट सिटी में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना




**मुंबई ।**

फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी ने इसकी जानकारी दी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी एक निश्चित अवधि में निवेश करेगी और इसके लिए अपेक्षित मंजूरी मांगेगी। वन97 कम्युनिकेशंस के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने कहा, ''गिफ्ट सिटी एक वैश्विक वित्तीय केंद्र बनने के लिए तैयार है, जो नवाचार के वैश्विक मानचित्र पर भारत की उपस्थिति सुनिश्चित करेगी। गिफ्ट सिटी में रणनीतिक निवेश वैश्विक अवसरों को पेश करते हुए कृत्रिम मेधा-संचालित सीमा पार प्रेषण तथा भुगतान प्रौद्योगिकी परिदृश्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है... बयान के अनुसार, सीमा पार गतिविधि के लिए एक आदर्श 'इनोवेशन हब के रूप में गिफ्ट सिटी के साथ पेटीएम भारत में निवेश करने के इच्छुक दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के लिए नई प्रौद्योगिकी का आविष्कार तथा निर्माण करने की अपनी सिद्ध क्षमता का इस्तेमाल करेगा। नया समाधान और प्रौद्योगिकी आधार प्रदान करने के लिए पेटीएम गिफ्ट सिटी में एक विकास केंद्र स्थापित करने की भी योजना बना रहा है। शर्मा ने कहा, ''इसके अलावा हम एक समर्पित विकास केंद्र स्थापित करने के लिए इस निवेश का लाभ उठाने का इरादा रखते हैं।

# देश के कुछ राज्यों में बदली पेट्रोल और डीजल की कीमत

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नजर आ रही है। गुरुवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड गिरावट के साथ 71.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 76.80 प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 35 पैसे और डीजल 34 पैसे सस्ता हुआ है। बिहार में पेट्रोल 29 और डीजल 27 पैसे सस्ता हुआ है। झारखण्ड में पेट्रोल और डीजल की कीमत में 44 पैसे की वृद्धि की गई है। महाराष्ट्र में भी पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़े हैं। दूसरी ओर मध्य प्रदेश में पेट्रोल 52 पैसे और डीजल 46 पैसे सस्ता हुआ है। पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत में 44 पैसे और डीजल में 41 पैसे की गिरावट है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में भी गुरुवार को पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.86 रुपये और डीजल 94.46 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है,



गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.54 रुपये और डीजल 94.32 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# ग्लोबल फिनटेक हमारी दुनिया को दे रहा नया आकार : पीएम मोदी

**गांधीनगर ।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है` कि ग्लोबल फिनटेक हमारी दुनिया को नया आकार दे रहा है। बुधवार को गिफ्ट सिटी में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फोरम की बैठक में भाग लेने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कियो कि आज गिफ्ट सिटी में ग्लोबल फिनटेक फोरम में भाग लिया। यह वित्त और प्रौद्योगिकी में प्रतिभाशाली दिमागों का एक बड़ा संगम था, जिसमें डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए अभिनव समाधानों पर चर्चा की गई। यह देखना वाकई रोमांचक है कि फिनटेक हमारी दुनिया को कैसे नया आकार दे रहा है। पीएम मोदी ने इससे पहले राज्य को निवेश केंद्र के रूप में प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का उद्घाटन किया। उनकी भागीदारी वैश्विक मंच पर आयोजन के महत्व और राज्य की आर्थिक क्षमता को दर्शाती है। वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं ने बुधवार को शिखर सम्मेलन में देश के लिए अपनी निवेश योजनाओं का अनावरण करते हुए पीएम मोदी की विकसित भारत की आर्थिक दृष्टि की सराहना की। इस दौरान जापान की सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने प्रधानमंत्री को उनके मजबूत नेतृत्व का श्रेय दिया और देश में विनिर्माण उद्योगों को प्रदान किए गए समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार बन गया है। आर्सेलर मित्तल कंपनी के अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल ने वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मेगा वैश्विक आयोजन के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार करने के लिए प्रक्रिया की निरंतरता पर प्रधानमंत्री के जोर की सराहना की। वहीं अमेरिकी चिप विनिर्माण दिग्गज माइक्रोन के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए खोलने के दृष्टिकोण के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि यह भविष्य में एक बड़ा आर्थिक चालक बन जाएगा, क्योंकि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है।



# केंद्रीय बैंक क्रिप्टो नियमों पर दूसरों का अनुकरण नहीं करेगा: दास

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दूसरों का अनुकरण नहीं करेगा और जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग द्वारा अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निर्माण की अनुमति देने के लिए बदलावों को मंजूरी देने के बाद उनका यह बयान आया है। इसलिए हमारे विचार, रिजर्व बैंक के और व्यक्तिगत रूप से मेरे वही रहेंगे।




# आईटी की रेड पड़ते ही धड़ाम से गिरे पॉलीकैब इंडिया के शेयर

## -सीधे 500 रुपये गिरकर शुरुआती कारोबार 22 फीसदी नीचे आया

**नई दिल्ली।** आईटी की रेड पड़ते ही पॉलीकैब इंडिया के शेयर धड़ाम हो गए। जानकारी के अनुसार पॉलीकैब इंडिया के शेयर आज 11 जनवरी को शुरुआती कारोबार में 22 प्रतिशत तक गिर गए। जबे कि कल 10 जनवरी को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा था कि कंपनी के ऑफिस में सर्च करने पर 1,000 करोड़ रुपये बेहिसाब कैश सेल पकड़ी है। इसी का असर आज की ट्रेडिंग में देखा गया और भाव कल के क्लोजिंग भाव के मुकाबले लगभग 500 रुपये नीचे खुला। कल एनएसई पर 4,911.85 रुपये पर क्लोजिंग दी थी, मगर आज 4,420.70 पर खुला। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्सचेंजों पर 1,293 करोड़ रुपये की अलग-अलग डील हुई हैं। लगभग 33 लाख शेयरों की खरीद-बेच हुई है, जोकि कुल शेयरों का 2.2 प्रतिशत हिस्सा है। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि इन डील्स में कौन खरीदार रहे और कौन बेचने वाले हैं। लगभग 10 बजकर 56 मिनट पर पॉलीकैब का शेयर 4,020 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। हालांकि आज ही के दिन 3,801 रुपये के स्तर तक का लो छू चुका था। जानकारी के अनुसार जब यह शेयर 3,801 रुपये पर था, उस समय यह निवेशकों को एक ही दिन में 1,111 रुपये की गिरावट दिखा रहा था। इस शेयर में आज वॉल्यूम भी काफी बढ़ती हुई नजर आई है। हालांकि इससे पहले 20 लाख शेयर बेचे और खरीदे जा चुके थे। यदि एक महीने की रोज की एवरेज पर गौर करें, तो यह तीन गुना अधिक है। आज 11 जनवरी की ट्रेडिंग अभी जारी है। यहां गौरतलब है कि आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान कंपनी के महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली के 50 परिसरों पर तलाशी ली गई थी। मीडिया रिपोर्ट में कंपनी के नाम के रूप में पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड की पुष्टि की गई है। 10 जनवरी को पॉलीकैब कंपनी पर छापेमारी के बारे में सेंट्रल बॉर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स के पदाधिकारियों ने कहा, लगभग 1,000 करोड़ रुपये के कैश लेन-देन का पता लगा है, जिनका लेखा-जोखा कंपनी के पास नहीं है।

# ओजोन फार्मा का तीन साल में 1,000 करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** ओजोन फार्मास्युटिकल्स ने कहा कि वह अगले तीन साल में 1,000 करोड़ रुपये का कारोबार हो सिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसके अलावा कंपनी ने मॉलिक्यूल पहल की पेशकश की है और इसका दुनिया की प्रमुख दर्द प्रबंधन कंपनियों में शो मिल होने का लक्ष्य है। कंपनी ने कहा कि उसका अगले तीन साल में खुद को भारत की शीर्ष 20 औषधि कंपनियों में शामिल कराने का लक्ष्य है। अभी यह 56वें स्थान पर है। बयान के अनुसार ओजोन ने दुनिया की अग्रणी दर्द प्रबंधन कंपनी बनने के लक्ष्य के साथ अपनी मॉलिक्यूल पहल शुरू की। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एससी सहगल ने कहा कि तीन दशक की विरासत को अपनाते हुए ओजोन समूह ने उल्लेखनीय प्रगति देखी है। पिछले चार साल में हम 84 से 56वें स्थान पर आ गए हैं।

# मेडी असिस्ट का अगले हफ्ते खुलेगा आईपीओ

**मुंबई ।** मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज अपना आईपीओ को अगले हफ्ते बाजार में लाने वाली है। यह बीमा कंपनियों को थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन सर्विसेज देने वाली कंपनी है। बता दें कि साल 2024 का यह दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ होगा। इससे पहले ज्योति सीएनजी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। जनवरी का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ 15 जनवरी से 17 जनवरी तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। वहीं एंकर निवेशकों के लिए यह 12 जनवरी को खुल जाएगा। मेडी असिस्ट आईपीओ का प्राइस बैंड 397-418 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बेंगलुरु स्थित कंपनी 2,80,28,168 इक्विटी शेयरों के सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से लोअर प्राइस बैंड पर 1,112.7 करोड़ रुपये और अपर प्राइस बैंड पर 1,171.6 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। यह पूरी तरह से ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) इश्यू है और इसमें कोई नया इश्यू घटक नहीं है।

# देश में हो सकती है दवाओं की कमी

**नई दिल्ली ।** देश में दवाओं की कमी हो सकती है और कीमत आसमान पर पहुंच सकती है। कई मझोली और छोटी दवा कंपनियों का कहना है कि वे सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों का पालन करने की स्थिति में नहीं हैं और इनमें से कई इकाइयां बंद हो सकती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में शेड्यूल एम में बदलाव को लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया था। सभी दवा कंपनियों के लिए इसे लागू करना अनिवार्य बनाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले साल जुलाई में कहा था कि शेड्यूल एम को सभी माइक्रो, स्मॉल और मीडियम कंपनियों के लिए चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 250 करोड़ रुपये से अधिक सालाना टर्नओवर वाली कंपनियों को एक अगस्त, 2023 से छह महीने के भीतर मानकों को लागू करना जरूरी है। छोटी कंपनियों को इसके लिए एक साल का समय दिया गया है लेकिन लघु उद्योग भारती के एक प्रतिनिधि का कहना है कि छोटी और मझोली कंपनियों के लिए रिवाइज्ड शेड्यूल एम को लागू करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी कंपनियां क्वालिटी में सुधार के लिए तैयार हैं लेकिन इसमें बहुत खर्च आएगा। इस प्रोसेस में कई कंपनियां बंद हो जाएंगी। इससे देश में दवाओं की कमी हो जाएगी और उनकी कीमत बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि छोटी कंपनियों के लिए नए नियमों को लागू करने चुनौतीपूर्ण काम है। पंजाब ड्रग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन का कहना है कि इससे एनएलईएम में शामिल जरूरी दवाओं को बनाना मुश्किल हो जाएगा। नए नियमों के कारण इन दवाओं को बनाने की लागत उनकी सीलिंग प्राइस से ऊपर चली जाएगी।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

## सेंसेक्स 63.47 अंक , निफ्टी 28.50 अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये उछाल विश्व भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में खरीददारी बढ़ने से आया है। इस कारण बाजार लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त पर रहा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.09 फीसदी या 63.47 अंक की हल्की बढ़त के साथ ही 71,721.18 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 0.13 फीसदी तकरीबन 28.50 अंक बढ़कर 21,647.20 पर बंद हुआ। निफ्टी की 25 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 24 नुकसान के साथ ही नीचे आये।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे ज्यादा बढ़त रही। आरआईएल का शेयर 2.58 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर भी लाभ पर बंद हुए वहीं दूसरी ओर इंफोसिस, यूनिलीवर, विप्रो, लार्सन एंड टुब्रो और नेस्ले के शेयरों में गिरावट रही। वहीं एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि सियोल गिरावट पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में हालांकि बढ़त रही। गत दिवस अमेरिकी बाजार तेजी पर बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों का बिकवाली का दौर जारी है। उन्होंने




बुधवार को 1,721.35 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

इससे पहले आज सुबह बाजार गुरुवार की सकारात्मक शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स 250 अंक बढ़कर 71,908 पर खुला और 71,950 के आसपास कारोबार कर रहा था। एनएसई निफ्टी 50 को 21,700 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा सेंसेक्स 30 में शीर्ष पर रहे। एशिया में सुबह के कारोबार में बढ़त देखने को मिली।

जापान का निक्केई 1.9 फीसदी बढ़कर 34 साल के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया! व्यापक इंडेक्स भी सकारात्मक हो गए और दोनों बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.2 और 0.3 फीसदी उछलकर बंद हुए।

# ओडिशा वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ ले सकता है ऋण: नाबार्ड

**भुवनेश्वर ।**

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने कहा है कि ओडिशा वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये उधार ले सकता है, जो एक साल पहले की अवधि से 25.19 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में हुई एक बैठक में नाबार्ड द्वारा तैयार एक स्टेट फोकस पेपर पेश किया गया। बयान में कहा गया कि नाबार्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के तहत 2,00,608 करोड़ रुपये की समग्र ऋण क्षमता का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष 2023-24 की तुलना में 25.19 प्रतिशत अधिक है। नाबार्ड ने 2023-24 के लिए 1,60,280 करोड़ रुपये की समग्र ऋण क्षमता का अनुमान लगाया था। नाबार्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चालू वर्ष 2023-24 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और ओडिशा में प्राथमिकता वाले क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। राज्य विकास आयुक्त अनु गर्ग ने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन और निर्माण तथा उनके संचालन को बढ़ाने में राज्य सरकार का एक प्रमुख भागीदार रहा है। वित्त सचिव विशाल कुमार देव ने कहा कि ओडिशा में बैंकों से प्राथमिकता वाले क्षेत्र में ऋण प्रवाह अब तक अच्छा रहा है, लेकिन इसमें अब भी बहुत सुधार तथा अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक एस. पी. मोहंती ने बैंकों को आगामी वित्त वर्ष के लिए निर्धारित ऋण लक्ष्य हासिल करने के अलावा अपने दायरे का विस्तार करने की भी सलाह दी।

NABARD

# एनएचबी प्रवर्तित कंपनी में 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी एलआईसी

**मुंबई ।**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) द्वारा प्रवर्तित कंपनी में 10 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के लिए उनके निदेशक मंडल से मंजूरी मिल गई है। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल ने अपने शेयर पूंजी के 10 प्रतिशत तक एनएचबी द्वारा प्रवर्तित एक नई कंपनी में निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि निवेश एक या अधिक किस्तों में किया जाना है। हालांकि संबंधित कंपनी के बारे में विशिष्ट विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। एलआईसी के पास पहले से ही एक हाउसिंग फाइनेंस सहायक कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड है, जिसकी स्थापना 1989 में हुई थी। यह सहायक कंपनी जो 1994 में सार्वजनिक हुई, इसके स्टॉक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई) में सूचीबद्ध हैं। एनएचबी-प्रवर्तित कंपनी में प्रवेश, आवास वित्त क्षेत्र में एलआईसी के निरंतर विस्तार का प्रतिनिधित्व करता है, जो इसके व्यापक अनुभव और वित्तीय कौशल का लाभ उठाता है।

जानकारी

# सीने में दर्द और जलन का कारण हो सकता है ‘प्लूरिसी’ रोग

## फेफड़ों की झिल्लियों में हो जाता है इन्फेक्शन

सीने में दर्द और जलन हो, तो ये सिर्फ हार्ट अटैक या दिल की बीमारी का संकेत नहीं होता है, बल्कि कई बार फेफड़ों की बीमारी के कारण भी ऐसा हो सकता है। प्लूरिसी फेफड़ों से संबंधित रोग है। हमारे फेफड़ों की सुरक्षा के लिए उन पर पतली झिल्ली का दोहरा खोल चढ़ा होता है। इन झिल्लियों को प्लूरा कहते हैं। इसकी एक तह फेफड़ों के बाहरी भाग पर चढ़ी रहती है और दूसरी तह पसलियों के भीतरी भाग पर। इन्हीं झिल्लियों में होने वाले संक्रमण को प्लूरिसी कहते हैं।



इस संक्रमण के कारण झिल्लियों में सूजन आ जाती है। इन दोनों झिल्लियों के बीच द्रव की एक पतली पर्त होती है, जो इन्हें चिकनाहट प्रदान करती है। इस रोग के कारण इन झिल्लियों में सूजन आ जाती है और ये अपेक्षाकृत मोटी हो जाती हैं। इस वजह से दोनों झिल्लियां आपस में टकराने लगती हैं। इस टकराहट के कारण झिल्लियों के बीच का द्रव एक जगह ठहरने लगता है और जमने लगता है। इसके कारण रोगी को छाती में तेज जलन और दर्द महसूस होता है जो कभी-कभी असहनीय हो सकता है।

### यह हैं रोग के लक्षण

चूंकि ये रोग फेफड़ों से संबंधित है इसलिए इस रोग के कारण मरीज को सांस लेने, छींकने और खांसने में बहुत परेशानी होती है। इस रोग का सबसे आम लक्षण सीने में तेज दर्द और जलन है, जिसके कारण छींकने और खांसने में तेज दर्द होता है। प्लूरिसी के कारण सांस लेने और छोड़ने में भी तकलीफ होती है और दर्द महसूस होता है। इस रोग के कारण छाती भारी लगने लगती है और खांसने के दौरान मुंह से कुछ गंदे पदार्थ भी निकल सकते हैं। इसके अलावा बुखार आना, भूख न लगना और शरीर का वजन तेजी से कम होने लगना आदि प्लूरिसी के लक्षण हैं।

### प्लूरिसी रोग के कारण

प्लूरिसी में तीन तरह से सूजन आ सकती है- शुष्क प्लूरिसी, नम प्लूरिसी और एम्पाइमा प्लूरिसी। फेफड़े में बैक्टीरियल इंफेक्शन या छाती की मांसपेशियों में वायरल संक्रमण शुष्क प्लूरिसी के कारण होता है। कई बार फेफड़ों की टीबी, फेफड़े का ट्यूमर जैसे रोग होने पर खून की सप्लाई रुक जाने से भी प्लूरा की तहों में सूजन आ जाती है। नम प्लूरिसी तब होती है जब प्लूरिसी में पानी भर जाता है। टीबी के कारण प्लूरा में पानी भर जाता है। इसके अलावा निमोनिया, ट्यूमर, कैंसर के कारण भी प्लूरा प्रभावित हो सकती है। पेट के अंदरूनी अंगों में सूजन होने पर भी ये तकलीफ हो सकती है। दिल, गुर्दे और जिगर में से किसी एक के ठीक से काम न करने पर भी प्लूरा में पानी भर सकता है। इसके अलावा एम्पाइमा होने पर प्लूरिसी में खून एकत्र हो जाता है। चोट से प्लूरा में खून एकत्र होने व संक्रमण हो सकता है।

### सही समय पर इलाज जरूरी

प्लूरिसी रोग खतरनाक और जानलेवा होता है, इसलिए इसका सही समय पर इलाज जरूरी है। सीने में तेज जलन, दर्द, चुभन आदि को बिल्कुल नजरअंदाज न करें। पेट के किसी भाग में कोई सूजन समझ आए या भूख न लगे और छाती भारी लगे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और उचित सलाह लें। छाती के एक्स-रे या अल्ट्रासाउंड में प्लूरा में पानी और मवाद के लक्षण दिख जाते हैं। अगर अल्ट्रासाउंड में प्लूरिसी रोग का पता चलता है तो इसका सही कारण जानने के लिए छाती के अंदर से सुई के माध्यम से नमूना निकालकर जांच की जाती है।

### घरेलू इलाज

प्लूरिसी के लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, लेकिन इसके दर्द से तत्काल राहत के लिए कुछ घरेलू नुस्खों की मदद ली जा सकती है। दर्द से राहत के लिए गरम पानी से सिंकाई या इलैक्ट्रिक हीटिंग पैड असरकारी है। अगर आप नियमित श्वसन से जुड़े व्यायाम करते हैं तो प्लूरिसी होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है, क्योंकि इससे फेफड़े को खुलने में मदद मिलती है।

# वर्कआउट करने का सही समय और फायदे

# सही व्यायाम से घटेगा वजन

स्वस्थ व चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए जितना जरूरी सही खानपान है, उतना ही जरूरी व्यायाम भी है, जिससे हमारा वजन भी नियंत्रित रहता है। स्वस्थ जीवन और खुशहाल जिंदगी की कुंजी है व्यायाम। इस कारण हमारी दिनचर्या में व्यायाम को महत्वपूर्ण स्थान देना जरूरी हो जाता है।

जीवित रहने के लिए जिस प्रकार वायु, जल और भोजन आवश्यक है, उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है। इसकी कमी से या इसको नियमित रूप से न करने से मनुष्य का जीवन दुर्बल और अनेक रोगों का घर बन जाता है। प्रतिदिन नियम के तहत व्यायाम करने से शरीर हल्का तथा फुर्तीला बना रहता है। व्यायाम हमेशा उतनी ही मात्रा में किया जाना चाहिए कि शरीर में थोड़ी थकावट तो महसूस हो, लेकिन आप थककर चूर न हो जाएं। जैसे-जैसे शक्ति का संचार बड़े, वैसे-वैसे व्यायाम का समय बढ़ाया जा सकता है।

शरीर की शक्ति से बढ़कर व्यायाम करना हानिकारक सिद्ध हो सकता है। ध्यान रहे, व्यायाम शरीर को गठीला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ स्वस्थ रखने में भी सहायक होता है। विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम हैं। कुछ शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए होते हैं और कुछ निरोगी रखने में सहायक होते हैं। ऐसे ही कुछ व्यायामों के बारे में जानने की कोशिश करते हैं, जिनसे बढ़ती उम्र को 10 साल तक कम किया जा सकता है।

### खेलकूद में मन लगाएं

सामूहिक खेलकूद केवल कसरत करने से कहीं ज्यादा उपयोगी होते है। खेलों में मजा तो आता ही है, साथ ही शारीरिक कसरत भी हो जाती है, लेकिन सभी खेल एक जैसे उपयोगी नहीं होते। यह खेल की गति, उसमें लगने वाली ताकत, मासपेशियों के तालमेल, दबाव सहने की क्षमता आदि भी खेल की उपयोगिता पर निर्भर करती है।

### जितना हो सके उतना चलें

चलना सभी उम्र के लोगों के लिए (खासतौर पर दिल की बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए) काफी उपयोगी होता है। शारीरिक फायदों के अलावा चलने से स्फूर्ति और आराम मिलता है। मध्यम गति से एक किलोमीटर चलने पर करीब 50 कैलरी ऊर्जा खर्च होती है। इसलिए जितना हो सके, चलना चाहिए।

### योग को जीवन में ढालें

योग में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के अनुशासन की जरूरत होती है। योग एक कमाल का व्यायाम होता है, जिसमें मूलतः तीन चीज की जाती हैं- आसन, मुद्राएं, बंध। नियमित योग हृदय रोग, रक्तवाहिका रोग, डायबिटीज और मोटापा जैसे रोगों की रोकथाम करता है।

### योग की सीमाओं को समझें

किसी भी आसन को तीन से पांच बार और योग को एक से दो बार किया जा सकता है। अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रिरका जैसे प्राणायाम में सांस को अधिक देर तक न रोकें, वर्ना चक्कर आने एवं उल्टी आ सकती है। शीर्षासन को अधिक देर करने से चक्कर आ सकते हैं और ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। इसलिए सभी अभ्यास विशेषज्ञ की देखरेख में ही सीखें या करें।



### नियमों को न करें नजरअंदाज

**शुरुआत के लिए :** शुरुआती दिनों में बहुत अधिक व्यायाम करने से बचें। ट्रेनर के अनुसार ही व्यायाम करें। सप्ताह में जितना व्यायाम कहा जाए, उससे ज्यादा करना शरीर को तकलीफ दे सकता है।

**वार्मअप जरूर करें :** व्यायाम शुरू करने के पहले वार्मअप जरूर करें, ताकि आपका शरीर पूरी तरह से तैयार हो सके। अगर आप वार्मअप की अनदेखी करते हैं, तो यह आपके शरीर के लिए हानिकरक हो सकता है।

**उम्र के अनुसार :** व्यायाम का चुनाव अपनी उम्र के अनुसार करें और शुरू करने से पहले विशेषज्ञ से सलाह जरूर लें। अगर आपको सेहत संबंधी कोई समस्या है, तो इसका विशेष ध्यान रखें।

**खानपान का ध्यान :** व्यायाम के साथ-साथ डाइट का भी विशेष ध्यान रखें और तेजी से पचने वाले भोजन का सेवन करें। ये शरीर में मांसपेशियों के निर्माण में सहायता करते हैं।

### प्रभावी नहीं होते ये व्यायाम

- एरोबिक्स व्यायाम से शरीर लचीला और मजबूत तो बनता है, लेकिन यह चर्बी कम करने में उतना सक्षम नहीं है।
- स्पॉट ट्रेनिंग से वजन घटाना आसान नहीं होता। बेहतर होगा कि कार्डियो व्यायाम के साथ इनको मिलाएं।
- सिट-अप्स, क्रंच व एब्स एक्सरसाइज करने से पेट की चर्बी नहीं घटती। वजन घटाने के लिए प्रभावी व्यायाम का चुनाव करना जरूरी है।
- जब तक आप वेट ट्रेनिंग के साथ कार्डियों को नहीं मिलाते हैं, वजन घटाने में कोई इसका योगदान नहीं हो पाता है और आप व्यर्थ में ही पसीना बहा रहे होते हैं।
- सीधे पैर कर सिट-अप्स लगाना व्यर्थ है। इससे कोई फायदा नहीं होता। इस तरह से सिट-अप्स लगाने से कमर में चोट लगने की आशंका अधिक हो जाती है।
- अगर आप पूरे सेट लगाकर पुल-डाउन कर रहे हैं, तो ध्यान रहे कि आप रॉड को आगे की ओर रखते हुए ही इसे करें। पीछे से पुल डाउन करने पर आपकी गर्दन एवं कंधों में चोट आ सकती है।

### खेल भी अच्छा व्यायाम

खेल शिक्षिका नंदिनी रावत के मुताबिक, स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम का बढ़ा महत्व है। व्यायाम से रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है। व्यायाम से शारीरिक अंगों का विकास होता है और दृढ़ता आती है।

सुझाव

# पेट के ऊपरी हिस्से में हो रहा दर्द कहीं पैंक्रियाटाइटिस तो नहीं



पेट में दर्द कई कारणों से हो सकता है। कई बार ये सामान्य बीमारियों जैसे एसिडिटी, कब्ज, गैस आदि के कारण होता है और कई बार इसके पीछे कोई गंभीर बीमारी हो सकती है। अगर किसी को पेट के ऊपरी हिस्से में तेज दर्द हो रहा है तो संभव है कि उसे पैंक्रियाटाइटिस यानि अग्नाशयशोथ हुआ हो। ये रोग दो तरह का हो सकता है यानि एक्यूट और क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस। इस बीमारी के नाम से आपको कुछ नहीं समझ आ रहा है तो घबराएं नहीं। हम आपको बता रहे हैं कि क्या है ये बीमारी और कैसे संभव है इससे बचाव।

### क्या होता है पैंक्रियाटाइटिस

अग्नाशय पेट के पीछे उदर गुहा में होता है जो सामान्यतः छोटी आंत में खाना को पचाने वाले एंजाइम्स छोड़ता है। अग्नाशय से निकलकर जब ये एंजाइम्स छोटी आंत में पहुंचते हैं, तो एक्टिवेट होते हैं और खाना पचाने की प्रक्रिया शुरू होती है। अगर यही एंजाइम्स छोटी आंत में पहुंचने से पहले सक्रिय हो जाएं, तो अग्नाशय को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे अग्नाशय यानि पैंक्रियाज में सूजन आ जाती है। अग्नाशय की इसी सूजन को प्रैंक्रियाटाइटिस कहते हैं। ये दो तरह के होते हैं। एक्यूट यानि तीव्र पैंक्रियाटाइटिस, जो तेजी से मरीज को अपनी चपेट में लेता है और इससे मरीज के दिल, फेफड़े या गुर्दे पर प्रभाव पड़ सकता है। दूसरा क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस यानि दीर्घकालिक पैंक्रियाटाइटिस, जिसमें मरीज को लंबे समय तक इस अंग विशेष में सूजन रहती है। पैंक्रियाटाइटिस एक गंभीर बीमारी है क्योंकि ये मरीज के दिल को भी प्रभावित कर सकती है। एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस में मरीज को अचानक से इसका दर्द हो सकता है और इसका कारण ज्यादा मात्रा में शराब पीना, पित्ताशय में पथरी या किसी एक्सीडेंक के कारण लगी चोट हो सकती है। इसमें मरीज की जान को खतरा होता है।

### यह हो सकते हैं बीमारी के कारण

पैंक्रियाटाइटिस गंदगी के कारण होता है। सड़क के किनारे खड़े ठेलों और रेहड़ी पर बनने वाले फूड्स जिनमें मक्खियां भिनभिनाती हैं और धूल-मिट्टी भर जाती हैं, उन्हें खाने से पैंक्रियाटाइटिस का खतरा होता है। इसके अलावा पैंक्रियाटाइटिस का सबसे बड़ा कारण शराब का सेवन है। ज्यादा मात्रा में शराब पीना या लगातार शराब पीने से पैंक्रियाज प्रभावित होते हैं। इसके अलावा कुछ दवाइयों के रिएक्शन से, पित्त नलिका में बाधा आने से, किसी संक्रमण से या खून में कैल्शियम घुलने से ये रोग हो सकता है। सही समय पर इलाज न करने से इस रोग के कारण पैंक्रियाटिक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### ऐसे करें बचाव

पैंक्रियाटाइटिस से बचाव के लिए एल्कोहलिक पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा एलर्जेंस यानि ऐसे पदार्थ जिनसे एलर्जी की संभावना होती है जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स, सोया प्रोडक्ट्स, केमिकल वाले फूड्स का सेवन बंद कर दें। कैफीन वाले पदार्थों का सेवन भी कम कर दें। इसके अलावा खाने में फल, सब्जियां, प्रोटीनयुक्त आहार, अनाज, ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल आदि का सेवन शुरू कर दें। रोजाना योग करें और तनाव से बचें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ज दे दो चा ची): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली -3062




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हरेक रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण: 1 2 3 4 6

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3061 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक महिला दूसरी महिला से बोली- ‘मेरे पति की याददाश्त बहुत कमजोर है.’

‘वह कैसे ?’

‘एक बार मैं चाट खाने गई तो देखा कि पतिदेव वहां पहले से ही जमे हुए हैं. मैंने जब उनका ध्यान अपनी ओर दिलाया तो बोले- ‘बहन जी! आपको पहले भी कहीं देखा है. पर कहां, यह ठीक से याद नहीं पड़ रहा.’

‘बस ?’ दूसरी महिला हंसती हुई बोली- ‘मेरे पति की याददाश्त तुम्हारे पति से भी ज्यादा कमजोर है.’

‘तुम भी सुनाओ !’

‘एक बार मैं उनके साथ फिल्म देखने गई. फिल्म देखने के बाद वे मुझे एक ओर खड़ा करके स्कूटर लेने चले गये. जब उन्हें गये काफी देर हो गई तो मैं अकेली ही घर पहुंच गई. मेरे दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा उन्होंने खोला तो जानती हो बहन उन्होंने क्या पूछा ?’

‘क्या पूछा ?’


‘यही कि इतनी रात गये मैं कहां से आ रही हूं.’

एक दोस्त ने दूसरे से कहा- ‘यार! यह सुरेश भी साला अजीब इन्सान है. जब देखो कड़की में ही मिलता है.’

‘क्यों ? क्या वह तुमसे पैसे मांगने आया था ?’ मित्र ने पूछा.

‘नहीं ! लेकिन मैं जब कभी भी उससे पैसे मांगने जाता हूं, वह एक ही जवाब देता है- ‘मेरे पास पैसे नहीं हैं’.’

## फिल्म वर्ग पहेली- 3062



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की ‘इसे खेल ना समझो’ गीत वाली फिल्म-१,३
४. ‘एक लड़की जिसके’ गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की ‘सासूजी थारो लल्ला’ गीत वाली फिल्म-३
७. ‘हम दिल दे चुके सनम’ में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म ‘दरार’ में सहनायक कौन था-४
१०. ‘रंग दे रंग दे’ गीत वाली फिल्म ‘तक्षक’ के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म ‘मेरे हुजूर’ की नायिका कौन थी-२
१५. ‘दिल है तुम्हारा’ में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की ‘जाना तुम्हारे प्यार में’ गीत वाली फिल्म-४
१९. ‘इस टूटे दिल’ गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की ‘माथे पे चमके इसके’ गीत वाली फिल्म-४
२२. ‘सोला किये थे’ गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की ‘मुझे नींद न आये’ गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की ‘उठाये जा उनके’ गीत वाली फिल्म-३
२७. ‘ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम’ गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की ‘जिसके सपने हमें रोज’ गीत वाली फिल्म-२
२९. ‘जाने क्या होगा रामा रे’ गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की ‘कितना बेचैन हो के’ गीत वाली फिल्म-३
३. ‘तेरे बिना मैं कुछ’ गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की ‘यारी है ईमान मेरा’ गीत वाली फिल्म-३
५. ‘बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया’ गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म ‘रजिया सुल्तान’ में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की ‘मीत ना मिला रे मन का’ गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की ‘तेरी चाहत में’ गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की ‘चलो बुलावा आया है’ गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की ‘शाबा ये नखरा’ गीत वाली फिल्म-३
१८. ‘ये मेरा दिल यार का दीवाना’ गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. ‘दिल का तोहफा लाई हूँ’ गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की ‘तेरी मुहब्बत’ गीत वाली फिल्म-२
२३. ‘ये काली काली आँखें’ गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3061

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | | खा | मो | शी | | आ | स | ग |
| रू | | फ | न | | बा | द | शा | ह | |
| दे | वी | | दा | ग | | स्त | | र | न |
| व | र | दा | न | | म | क | ड़ी | | ती |
| | ता | | | फॉ | सी | | | श | जा |
| आ | | स | जा | | हा | र | जी | त | |
| शि | का | र | | आ | | क्ष | | औ | |
| क | | ग | ब | न | | क | ह | र | |
| | धू | म | | बा | जी | | | दि | ल |
| पा | प | | जी | न | त | | डॉ | न | |

## सूडोकु -3062


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3061 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3062



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

शब्द पहेली -3061 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ह | म | क | | जा | य | दा | द | |
| ल | | क | म | र | | न | म | न | | अ |
| व | स | | ता | त | | का | ज | | हा | र |
| कु | ली | न | | ल | ह | र | | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | | म | | आ | स | मा | न |
| | | | सा | फ | स | फा | ई | | | |
| अ | च | र | ज | | फ | | ना | ला | य | क |
| व | म | न | | ह | र | म | | ल | की | र |
| ता | न | | स | जा | | हा | र | | न | त |
| र | | क | र | म | | व | ज | न | | ब |
| | ग | फ | ल | त | | त | क | दी | र | |

# अर्जुन अवॉर्ड मिलने के बाद शमी ने बयां की दिल की बात, कहा- 'मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा'

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज मोहम्मद शमी को मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान शमी के साथ 26 और एथलीटों को इस पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं शमी ये अवॉर्ड पाने वाले 58वें क्रिकेटर हैं। बता दें कि, अर्जुन अवॉर्ड खेल पुरस्कार में दूसरा सबसे बड़ा है। शमी ने अवॉर्ड मिलने के बाद अपने दिल की बात बयां की।

दरअसल, शमी ने अवॉर्ड मिलने के बाद कोच, साथी खिलाड़ियों और परिवार का आभार व्यक्ति किया। इंस्टाग्राम पर शमी ने लिखा, आज राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं उन सबी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने में काफी मदद की और उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरा साथ दिया। मेरे कोच, बीसीसीआई, टीम के साथियों, मेरे परिवार और स्टाफ साथ ही मेरे फैंस का बहुत शुक्रिया। मेरी कड़ी मेहनत को पहचानने के लिए धन्यवाद। मैं हमेशा अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करूंगा। फिर से सभी को धन्यवाद।

साल 2023 शमी के लिए बेहतरीन रहा, जहां उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में पूरी दुनिया को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। दरअसल, वनडे विश्व कप 2023 में सनसनीखेज प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शमी के नाम की सिफारिश की थी। शमी ने विश्व कप 2023 को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में समाप्त किया, केवल 7 मैचों में 24 विकेट लिए।




# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**कुआलालम्पुर (एजेंसी)।** भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए।

दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया। पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।

वहीं श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए। कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13-21, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी।




एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग ने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहले ही गेम में 11-2 की बढ़त बना ली। फ्रांसीसी जोड़ी ने हालांकि स्कोर 12-14 कर दिया। भारतीय जोड़ी का अनुभव यहां काम आया जिसने लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीता। दूसरे गेम में 4-11 से पिछड़ने के बाद सात्विक और चिराग ने जबर्दस्त वापसी करते हुए 16-16 से बराबरी की। इसके बाद अपने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने चार मैच प्वाइंट के साथ गेम और मैच जीता।

उधर श्रीकांत की शुरूआत अच्छी रही और एक समय वह 6-1 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने गलतियां करनी शुरू की और का लोंग ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की। पिछले दो मुकाबलों में श्रीकांत ने का लोंग को हराया था लेकिन इस बार लय कायम नहीं रख सके और पहला गेम आसानी से गंवा दिया। दूसरे गेम में एक समय उनके पास 11-10 की बढ़त थी लेकिन फिर गलतियों से वह उबर नहीं सके।

# लामिछाने को 8 साल की सजा



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल की शीर्ष अदालत ने क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार के मामले में 8 साल की सजा सुनाई। शिशिर राज ढकाल की पीठ ने इस मामले में हुई सुनवाई के बाद लामिछाने को आठ साल की कैद की सजा सुनाई इसके साथ ही उन्हें पीड़िता को मुआवजा भी देना होगा। इससे पहले काठमांडू जिला न्यायालय की अदालत ने भी लामिछाने को बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया था।

पिछले साल दिसंबर में शिशिर ढकाल की पीठ ने दोनों पक्षों के अंतिम बयान सुनने के बाद अब इस मामले में फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले इस साल 23 फरवरी को इस मामले को त्वरित फास्ट-ट्रैक के माध्यम से जल्द फैसले तक पहुंचाने का आदेश दिया था पर सुनवाई पूरी न होने के कारण ऐसा नहीं हो पाया। तब इस क्रिकेटर के विश्व कप क्वालीफायर में भाग लेने को देखते हुए अदालत ने बार-बार सुनवाई रोकी थी। इस दौरान लामिछाने जमानत पर थे और उन्हें विदेश यात्रा की भी अनुमति दे दी गई थी।

वहीं इस मामले में पाटन उच्च न्यायालय ने 12 जनवरी को नाबालिग से बलात्कार के मामले में लामिछाने को हिरासत में रखने के लिए आधार की कमी का हवाला देते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने के काठमांडू जिला न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया था। अगले दिन उन्हें 20 लाख रुपए की जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# युवा तेज गेंदबाज वासुकी को मिल सकती है भारतीय टीम में जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के युवा तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। माना जा रहा है कि वासुकी आने वाले समय में एक बेहतरीन तेज गेंदबाज बनकर उभरेंगे। इस युवा तेज गेंदबाज से टीम के वर्तमान तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को भी टक्कर मिल सकती है जबकि इनके सामने बल्लेबाजों को बेहद मुश्किलें होती हैं। बुमराह अपनी खतरनाक यार्कर जबकि शमी अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए जाने जाते हैं। वासुकी ने पंजाब के खिलाफ 15 ओवर में 41 रन देकर 7 विकेट लेकर पंजाब को पहली पारी में 152 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी इस शानदार गेंदबाजी के दम पर पर कर्नाटक की टीम 7 विकेट से मैच जीतने में सफल हुई थी।

वासुकी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया है।इस गेंदबाज के घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अभी तक खेले 10 मैचों में 49 विकेट लिए हैं। वहीं 34 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 64 और 33 टी 20 में 40 विकेट लिए हैं। इसके बाद भी हालांकि इस गेंदबाज को अब तक आईपीएल में भी अवसर नहीं मिला है। रणजी ट्रॉफी में किए गए शानदार प्रदर्शन के बाद इस युवा गेंदबाज की जमकर तारीफ हो रही है। ऐसे में बीसीसीआई उन्हें भारतीय टीम में भी शामिल कर सकती है।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ पाक टीम की शुरुआत करेंगे सईम और रिजवान

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब 12 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरु होने वाली सीरीज में नई सलामी जोड़ी को आजमा सकता है। हाल में खराब प्रदर्शन को देखते हुए बाबर आजम की जगह युवा सईम अयूब और मोहम्मद रिजवान पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इसी कारण टीम प्रबंधन ने नेट पर नई गेंद से सईम और रिजवान से बल्लेबाजी कराई जबकि बाबर और फखर जमां ने दूसरे नेट पर स्पिनरों को खेला।







टी20 प्रारूप में बाबर और रिजवान की जोड़ी सफल रही है पर नये कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, नए हाई परफार्मेंस कोच यासिर अराफात और टीम निदेशक मोहम्मद हफीज न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की सीरीज में नया प्रयोग करना चाहते हैं। दुबई में 2021 में टी20 विश्व कप के दौरान इन दोनो की 150 रन की नाबाद साझेदारी से पाक ने पहली बार भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। बाबर अब किसी भी प्रारूप में कप्तान नहीं है और ऐसे में वह मध्यक्रम में उतरने के लिए तैयार हैं।

# अंकिता को आईटीएफ महिला ओपन में सीधे प्रवेश मिला

बेंगलुरु। अंकिता रैना यहां 14 जनवरी से होने वाले 40 हजार डॉलर इनामी राशि वाले आईटीएफ महिला ओपन के लिए सीधे प्रवेश मिला है। पिछले साल की उप विजेता और एकल में विश्व की 208वें नंबर की खिलाड़ी अंकिता मुख्य वर्ग में सीधे प्रवेश पाने वाली 20 खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं 4 खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है जबकि 8 खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जाएंगे। इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ कर रहा है। इसके एकल मुख्य ड्रॉ में भारत की 10 खिलाड़ी खेल सकती हैं। अंकिता के अलावा चार खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है जबकि 5 खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में पहुंचेंगे। इसके क्वालीफायर मुकाबले 14 और 15 जनवरी को होंगे। वहीं फाइनल 21 जनवरी को होगा। स्थानीय खिलाड़ी सोहा सादिक और सुहिता मारुरी वाइल्ड कार्ड पाने वाली भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं लात्विया की दार्जा सेमेनिस्ताजा 143वीं एकल रैंकिंग के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। यह टूर्नामेंट का तीसरा सत्र होगा जो पहली बार क्रत्रिम रोशनी में खेला जाएगा।



# टी20 विश्वकप के लिए बिश्नोई को शामिल करें : गावस्कर

## –कुलदीप और चहल से बेहतर बताया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि आगामी टी20 विश्वकप में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल नहीं बल्कि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को शामिल किया जाना चाहिए। गावस्कर के अनुसार बिश्नोई क्षेत्ररक्षण के मामले में भी कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल से काफी बेहतर हैं। इसके अलावा वह बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। बिश्नोई ने पिछले कुछ समय में टी20 प्रारुप में काफी सफलता भी हासिल की है। इस लेग स्पिनर को कुलदीप यादव के कारण टीम में जगह नहीं मिल पा रही। टी20 विश्वकप इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनकर्ताओं को इस टूर्नामेंट के लिए दल का चयन करते हुए कई कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। इसमें स्पिनरों का चयन सबसे कठिन रहेगा क्योंकि अभी भारतीय टीम के पास कुलदीप और चहल के अलावा रवींद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिनर भी हैं। गावस्कर ने लेग स्पिनर के रूप में रवि बिश्नोई के स्तर को कुलदीप और चहल से ऊपर माना है। उन्होंने कहा मेरे विचार से बिश्नोई अधिक बेहतर हैं क्योंकि वह गेंदबाजी के अलावा वह बहुत अच्छे क्षेत्ररक्षक भी हैं। इसके अलावा वह बल्लेबाजी भी कर सकते हैं, उन्होंने पिछले आईपीएल में अपने दिमाग का इस्तेमाल कर अपनी टीम को मैच जिताया था। बिश्नोई ने भारतीय टीम की ओर से टी20 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 34 विकेट लिए हैं।



# रिदम सांगवान ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी में हासिल किया 16वां कोटा

**जकार्ता (एजेंसी)।** रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिये सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले तोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था।

एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है। इससे पहले ईशा सिंह और वरूण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरूष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं। हरियाणा की 20 वर्ष की रिदम पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल टीम का हिस्सा थीं जिसमें ईशा और मनु भाकर भी शामिल थी। रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिए काफी था।




चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। इस वर्ग में वह ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकी थी। रिदम ने अपनी सफलता का श्रेय निजी कोच विनीत कुमार को देते हुए कहा, 'मुझे खुशी है कि कांस्य पदक जीतकर देश के लिये कोटा हासिल कर सकी।'

उन्होंने कहा, 'मैं अपने निजी कोच विनीत कुमार को धन्यवाद देना चाहूंगी। उनकी वजह से ही मैं यहां तक पहुंची हूं। मैं अपने सभी समर्थकों को भी धन्यवाद दूंगी।' यह पूछने पर कि तीनों पदकों में से उन्हें सबसे ज्यादा गर्व किस पर है, रिदम ने कहा कि सभी पदक उनके दिल के करीब है लेकिन वह देश के लिये कोटा जीत सकी, इसलिए यह खास है।'

# निश्ना पटेल ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर में बढ़त बनाई



पुणे। निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। हिताषी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी की। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 139 है। स्नेहा सिंह (69) और दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहर अटवाल (68) भी आगे बढ़ने में सफल रहीं। एमेच्योर मन्नत बरार (74) संयुक्त 5वें स्थान पर खिसक गई हैं। खुशी खानिजाउ (71) भी संयुक्त पांचवें स्थान पर है। उनका दोनों का कुल स्कोर एक ओवर 143 है।

# कारपोरेट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट खेलते समय दिल का दौरा पड़ने से खिलाड़ी की मौत

**नोएडा (एजेंसी)।** यहां क्रिकेट खेलते समय एक खिलाड़ी की मौत का मामला सामने आया है। यह नोएडा का मामला है यहां कारपोरेट लीग में मैवरिक्स इलेवन और ब्लैजिंग बुल्स का मैच चल रहा था। इसी दौरान रन लेते समय एक बल्लेबाज बीच में ही लड़खड़ाकर पिच पर बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद अन्य खिलाड़ी दौड़े और उसे संभालने का प्रयास करने लगे। कुछ खिलाड़ियों ने सीपीआर दिया पर जब हालत बिगड़ने लगी तो उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां उसके डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इस 36 साल के खिलाड़ी का विकास नेगी था और दिल्ली की एक कंपनी में इंजीनियर था। ये घटना रविवार की है और इसका एक वीडियो सामने आया है। कारपोरेट लीग में मैवरिक्स इलेवन और ब्लैजिंग बुल्स के बीच चल रहे इस मैच में

मैवरिक्स टीम की तरफ से उमेश कुमार और विकास बल्लेबाजी कर रहे थे। 14वां ओवर चल रहा था। उमेश ने शॉट खेला। विकास नॉन-स्ट्राइकर एंड से रन लेने के लिए दौड़े पर आधी पिच तक पहुंचते तभी गेंद बाउंड्री पार पहुंच गई। फिर, विकास ने उमेश को बधाई दी। इसी बीच अचानक लड़खड़ाकर गिर गए। दिल का दौरा पड़ने से पहले विकास ने छह गेंद खेलकर 7 रन बनाये थे। ये मुकाबला यूट्यूब पर लाइव ब्रॉडकास्ट हो रहा था। वहीं हादसे के बाद टूर्नामेंट रोक दिया गया। साथी खिलाड़ियों ने बताया कि विकास



मैच खेलने से पहले तक बिल्कुल ठीक था। अंदाजा नहीं था कि उनकी तबीयत खराब है। यह सब कुछ अचानक हुआ। किसी को कुछ समझ नहीं आया। विकास मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले थे। वह दिल्ली के रोहिणी इलाके में रहते थे।

# तदर्थ समिति गठित करने के खिलाफ अदालत जाएंगे : संजय सिंह

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह ने खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित करने के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि वह इस मामले को लेकर अदालत में जाएंगे। संजय ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित करते हुए एक तदर्थ समिति बनाई है जबकि हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार खेल मंत्रालय ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते। वहीं डब्ल्यूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवादों पर उन्होंने कहा, 'कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे निराश हैं। उन्होंने आंदोलनकारी पहलवानों पर निशाना साधते हुए कहा कहा कि उन्होंने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए सारे प्रयास कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि 2012 से पहले की पदक तालिका उठाकर देख लें और 2012 से अभी तक की पदक तालिका देख लें तो समझ में आ जाएगा कि कुश्ती का विकास किसने किया क्योंकि केवल कुश्ती महासंघ पर कब्जा करने के लिए यह सब कुछ किया गया। संजय ने कहा, 'अगर वो लोग कुश्ती का इतना ही भला चाहते हैं तो यह जरूरी नहीं है कि अध्यक्ष बनकर ही कुश्ती का भला करेंगे। वे बच्चों का मार्गदर्शन करके और उन्हें प्रोत्साहित करके कुश्ती का भला कर सकते थे। संजय ने कहा कि हमारा लक्ष्य ओलंपिक के लिए पहलवान तैयार करना होगा जिससे पदक मिलें। उन्होंने कहा, 'मैं जूनियर पहलवानों के लिए पूरी ताकत लगाऊंगा पर बिना ट्रायल के उन्हें नहीं जाने दूंगा।



# कोहली-रोहित की मौजूदगी से भारत को टी20 विश्व कप में मजबूती मिलेगी: सुरेश रैना

**मुंबई (एजेंसी)।** बेंगलुरु -पूर्व भारतीय आलराउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया। रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी।

रैना ने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।' उन्होंने कहा, 'इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी।'


उन्होंने कहा, 'वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।' रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उसके अनुभव से मजबूती मिलेगी विशेषकर अमेरिका और वेस्टइंडीज की चुनौतीपूर्ण पिचों पर। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'

उनका यह भी मानना है कि विश्व कप जैसे दबाव भरे टूर्नामेंट में जब टीम लक्ष्य का पीछा करेगी तो भी उनकी मौजूदगी अहम साबित होगी। भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है।' उन्होंने कहा, 'उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिये समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।'

रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया। इस 37 साल के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'संजू ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक जड़ा। उसमें निश्चित रूप से कप्तानी के गुण है क्योंकि जब भी वह मैदान में होता है तो वह हमेशा सोचता रहता है। हमारे पास विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका में केएल राहुल, जितेश शर्मा, इशान किशन और फिट होने के बाद पंत के रूप में काफी अच्छे विकल्प मौजूद हैं।'

रैना ने उम्मीद जताई कि सैमसन अफगानिस्तान के खिलाफ और इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अच्छा प्रदर्शन दिखाए। उन्होंने कहा, 'मैं मध्यक्रम में संजू को देखना पसंद करूंगा क्योंकि उसके पास काफी शॉट हैं। उम्मीद करता हूं कि वह चयनकर्ताओं के टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन करे। संजू के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा मौका है और वह विश्व कप में हमारा 'एक्स फैक्टर' हो सकता है।'

रैना का यह भी मानना है कि अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत के लिए चीजें आसान नहीं होंगी और बल्लेबाजों को दौरा करने वाली टीम के गेंदबाजों को दबाव में लाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'भारतीय बल्लेबाजों को अफगानिस्तान के स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करनी होगी। उनके पास नूर अहमद और आबिद नबी के रूप में शानदार



स्पिनर मौजूद हैं इसलिए हमारे लिये चीजें आसान नहीं होंगी। अफगानिस्तान पावरप्ले में अपने स्पिनरों का बखूबी इस्तेमाल करता है। हमारे पास रोहित, कोहली और गिल हैं जो स्पिन को बहुत अच्छी तरह खेलते हैं। हमें शुरू से आक्रामकता दिखानी होगी जिससे अफगानिस्तान के गेंदबाज दबाव में आ जाएंगे।'

## उड़ान भरने से पहले ही दरवाजा खोलकर फ्लाइट से कूदा यात्री

**–बीस फीट ऊंचाई से लगाई छलांग, हुआ घायल, विमान में मचा हड़कंप**

टोरंटो ।एयर कनाडा की उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब विमान में सवार एक व्यक्ति ने उड़ान से पहले ही छलांग लगा दी।उसने केबिन का दरवाजा खोला और 20 फीट की ऊंचाई से विमान से नीचे कूद गया।हालांकि इस हादसे में उसे मामूली चोटें आई है। यह घटना आठ जनवरी की बताई जा रही है, जब यात्री टोरंटो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान में चढ़ा, लेकिन बाद में अपनी सीट पर बैठने की बजाय केबिन का दरवाजा खोलकर उसमें से बाहर कूद गया।हादसे के बाद क्षेत्रीय पुलिस और आपातकाल सेवाओं को घटनास्थल पर बुलाया गया। एयर कनाडा वेबसाइट के अनुसार, इस घटना के कारण बोइंग 747 के उड़ान भरने में छह घंटे की देरी हुई।इस संबंध में एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा ?कि इस मामले की जांच जारी है।सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।उनकी चोट कितनी गहरी है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं है कि यात्री की इस हरकत के कारण गिरफ्तारी होगी या नहीं।विमान में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं, अभी कुछ दिन पहले ही एक 16 वर्षीय यात्री ने एयर कनाडा की फ्लाइट में एक परिवार पर हमला किया था।इस घटना के कारण अन्य यात्रियों को तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा था।रॉयल कैनेडियन पुलिस ने बताया कि जब विमान टोरंटो से कैलगरी जा रहा था, तब यह हादसा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 16 वर्षीय यात्री को अन्य यात्रियों और स्टाफ ने रोकने की कोशिश की थी।इस हमले में परिवार के सदस्यों को चोटें भी आई थी।आरोपी को हिरासत में लेने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था।

## 14 फरवरी को हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने यूएई पहुंच रहे पीएम मोदी

दुबई । भारत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राजदूत अब्दुल नासिर अलशाली ने कहा कि अबू धाबी में अगले महीने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर का उद्घाटन ''सहिष्णुता और स्वीकृति का जश्न मनाने'' के लिए एक महत्वपूर्ण दिन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने वाले हैं। राजदूत अलशाली ने कहा, हम 14 फरवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं... यह एक अभूतपूर्व यादगार दिन होने के साथ सहिष्णुता, स्वीकृति का जश्न मनाने और इस रिश्ते को अधिक मजबूत करने का एक विशेष अवसर होगा। स्वामी ईश्वरचरणदास और स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बीते महीने बीएपीएस हिंदू मंदिर की ओर से प्रधानमंत्री को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया था, इस निमंत्रण को पीएम मोदी ने स्वीकार कर लिया था। राजदूत ने 13 फरवरी को अबू धाबी के शेख जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में होने वाले प्रवासी भारतीयों के विशाल जमावड़े की भी पुष्टि की है। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'अहलान मोदी' है जिसका अर्थ 'हैलो मोदी' है।

## जेलेंस्की ने कहा, रुस को रोका जा सकता यह साबित हुआ

कीव।यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश ने दुनिया को दिखाया है कि रूस की सेना को रोका जा सकता है।उन्होंने 22 महीने से जारी युद्ध में रूस की बड़ी और संसाधनों से पूर्ण सेना के खिलाफ अपने देश के लिए अधिक मदद हासिल करने के उद्देश्य से बाल्टिक देशों की यात्रा शुरू की है। लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ अपनी वायु सुरक्षा को मजबूत करना है और हमें गोला-बारूद की आपूर्ति चाहिए। उन्होंने लिथुआनियाई राष्ट्रपति गिटानस नौसेदा के साथ वार्ता के बाद कहा, हमने साबित किया है कि रूस को रोका जा सकता है, मुकाबला संभव है। उन्होंने कहा, हमें आधुनिक रक्षा प्रणालियों की सख्त जरूरत है।

## इजरायली हमलों में अब तक 23,357 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा (ईएमएस)।गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 23,357 हो गई है। हवा, जमीन और समुद्र से इजरायली बमबारी जारी है। मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने 24 घंटों के दौरान 147 फिलिस्तीनियों को मार डाला व 243 अन्य को घायल कर दिया। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने घोषणा की कि सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 150 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। अद्राई ने कहा कि वायु सेना के जेट विमानों ने मध्य गाजा पट्टी में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर में कई आतंकवादियों पर हमला किया, जबकि सेना बलों ने क्षेत्र में 15 से अधिक भूमिगत सुरंगों का खुलासा किया। उन्होंने कहा,अल-मगाज़ी में सैन्य इमारतों पर छापे के दौरान, बलों को रॉकेट चालित ग्रेनेड, रॉकेट, ड्रोन और विस्फोटक सामग्री लांच करने के लिए मंच मिले।

## जर्मनी की सड़कों पर हजारों किसानों का प्रदर्शन

**– ट्रैक्टर ट्राली और कृषि उपकरण लेकर सड़कों पर प्रदर्शन**

बर्लिन ।जर्मनी के हजारों किसानों ने सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन शुरू कर दिया है।हजारों किसान अपने ट्रैक्टर ट्राली और कृषि उपकरण लेकर साउथ जर्मनी के आगसवर्ग में प्रदर्शन कर रहे हैं।13 दिसंबर को जर्मनी की गठबंधन सरकार ने 2024 के बजट में घोषणा की।इस बजट में किसानों की सब्सिडी को घटा दिया है। सरकार ने कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले डीजल पर मिलने वाले टैक्स रिफंड को खत्म कर दिया है।कृषि वाहनों पर मिलने वाली सब्सिडी भी खत्म कर दी है।जिससे नाराज किसानों के संगठनों ने 18 दिसंबर 2023 से आंदोलन शुरू किया था। यह आंदोलन धीरे-धीरे सारे जर्मनी में फैल गया है। जर्मनी के सभी शहरों में जबरदस्त आंदोलन हो रहा है। म्यूनिख, बर्लिन सहित कई बड़े शहरों के हाईवे और सड़कों को किसानों ने जाम कर दिया है। किसानों ने सड़क पर खाद भी फैला दी है। किसानों के जबरदस्त विरोध के कारण फ्रांस, पोलैंड और चेक गणराज्य के साथ जर्मनी की सीमाओं में आवागमन को लेकर भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। किसान आंदोलन को समर्थन देने के लिए,जर्मनी के ट्रेन ड्राइवरों की हड़ताल भी शुरू हो गई है।जिसके कारण पूरी व्यवस्था चरमरा गई है।जर्मनी में लोगों को सब्जी, दूध इत्यादि नहीं मिल पा रहा है।रास्ते जाम होने के कारण पेट्रोल डीजल जैसी समस्याएं भी बढ़ती ही जा रही हैं।दो सप्ताह से अधिक चल रही किसानो की हड़ताल के कारण जर्मनी के लोगों को खाद्य पदार्थ भी नहीं मिल पा रहे हैं।इसको लेकर अफरा तफरी का माहौल बन गया है।जर्मनी के किसान संगठनों ने भारत में हुए 1 साल से अधिक चले किसान आंदोलन से प्रभावित होकर पहली बार इस तरह का आंदोलन जर्मनी में कर रहे हैं।इससे जर्मन सरकार की मुसीबत बढ़ गई है।

## जुआ कंपनी से कमाए करोड़ो,आज ब्रिटेन की सबसे अमीर महिलाओं में शुमार है डेनिस

लंदन।एक अच्छे बिजनेस की शुरुआत के लिए लोग बड़ी प्लानिंग के साथ बड़ी रकम लगाते हैं।इसके बाद भी सफलता की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन ब्रिटेन की डेनिस ने बगैर मोटी रकम लगाए जुआ कंपनी से इतना कमा लिया है कि वो ब्रिटेन की सबसे अमीर महिलाओं में शुमार हो गई है।उसकी सेलरी इतनी है कि सुनने वाले भी चौंक जाते हैं।बेटींग कंपनी की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डेनिस कोट्स ब्रिटेन की सबसे अधिक वेतन पाने वाली महिला हैं।इतना ही नहीं, वो दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाली सीईओ में से एक हैं।वेतन के मामले में डेनिस ने ब्रिटेन के पीएम को भी पीछे छोड़ दिया है।हालांकि, उनकी इतनी कमाई को लेकर कई तरह के सवाल भी हैं। कुछ ग्रुप्स का ये दावा है कि डेनिस का जो वेतन बताया जा रहा है वो सही नहीं है। डेनिस कोट्स ने साल 2000 में बेटिंग प्लेटफॉर्म बेट 365 की शुरुआत की थी। बेटिंग प्लेटफॉर्म बेट 365 पर अब करीब 9 करोड़ यूजर हैं।कंपनी ने 2023 में करीब 421 यानी 35 हजार करोड़ रुपये का बिजनेस किया। हालांकि, कंपनी के गेमिंग सेक्शन को 630 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, लेकिन टोटल प्रॉफिट बीते साल से ज्यादा ही रहा, और डेनिस आज ब्रिटेन की सबसे अमीर महिलाओं में आती हैं।जुआ कंपनी बेट365 की फाउंडर और मालिक ने 26 मार्च, 2023 को समाप्त हुए पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 281 मिलियन डॉलर सैलरी ली है।ये इतनी बड़ी रकम है, कि बड़ी-बड़ी कंपनियों की पूरी इनकम इतनी नहीं होती।



खारकीव में एक होटल पर रुसी मिसाइल हमले के बाद वहां के हालात देखते हुए बचावकर्मी।

## पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी 2024 की रिपब्लिकन दौड़ से हुए बाहर

वाशिंगटन।न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी 2024 की रिपब्लिकन दौड़ से बाहर हो गए हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार 61 वर्षीय व्यक्ति ने देश में पहली प्राथमिक परीक्षा से 13 दिन पहले बुधवार रात को न्यू हैम्पशायर राज्य में एक टाउन हॉल कार्यक्रम में यह घोषणा की।ट्रम्प के सबसे बड़े आलोचक माने जाने वाले क्रिस्टी ने अपनी अधिकांश घोषणा रिपब्लिकन मतदाताओं से पूर्व राष्ट्रपति को अस्वीकार करने की अपील करते हुए की है।उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प चाहते हैं कि आप हर दिन क्रोधित हों, मैं किसी भी तरह से डोनाल्ड ट्रम्प को दोबारा संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति बनने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि जो कोई यह कहने को तैयार नहीं है कि (ट्रंप) संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के लिए अयोग्य हैं, वे खुद संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के लिए अयोग्य हैं।उन्होंने लोगों यह भी कहा कि आज रात मुझे यह भान हो गया है कि मेरे लिए नामांकन जीतने का कोई रास्ता नहीं है, इसलिए मैं आज रात अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए अपना अभियान स्थगित कर रहा हूं, उन्होंने इसे मेरे लिए सही काम बताया है।सूत्र बताते हैं कि अपनी घोषणा करने से पहले, उन्हें रिपब्लिकन दौड़ में अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वियों - फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर निक्की हेली के खिलाफ लाइव माइक्रोफोन पर कुछ अनौपचारिक टिप्पणी करते हुए पकड़ा गया था। वह धूम्रपान करने वाली है और आप और मैं दोनों इसे जानते हैं।वह इसके लिए तैयार नहीं है, क्रिस्टी को स्पष्ट रूप से हेली के संदर्भ में यह कहते हुए सुना जा सकता है।न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर ने यह भी उल्लेख किया कि डेसेंटिस ने उनसे संपर्क किया था।क्रिस्टी ने ऑडियो कट आउट होने से पहले कहा, डीसेंटिस ने मुझे फोन किया, मुझे डर था। उनके बाहर निकलने के जवाब में हेली ने क्रिस्टी को कई वर्षों का दोस्त कहा और कड़ी मेहनत से लड़े गए अभियान के लिए उनकी सराहना भी की है।

# शेख हसीना मंत्रिमंडल में 25 कैबिनेट मंत्री, 11 राज्यमंत्री होंगे

**– शेख हसीना की नई कैबिनेट को राष्ट्रपति शहाबुद्दीन शपथ दिलाएंगे**



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने नए मंत्रिमंडल में पार्टी के करीब 25 सांसदों को कैबिनेट मंत्री और 11 को राज्यमंत्री बनने के लिए आमंत्रित किया है, जबकि उन्होंने अपने कई पुराने सहयोगियों को हटा दिया है और कई नए चेहरों को शामिल किया है। 7 जनवरी को हुए चुनावों में अवामी लीग द्वारा लगातार चौथा कार्यकाल हासिल करने के बाद शेख हसीना की नई कैबिनेट को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन गुरुवार शाम यहां बंगभवन में शपथ दिलाएंगे। बुधवार को एक ब्रीफिंग में कैबिनेट डिवीजन सचिव एमडी महबूब हुसैन ने कहा कि नए कैबिनेट में 25 मंत्री शामिल होंगे और 11 राज्यमंत्री और उपमंत्री होंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नई कैबिनेट के मंत्रियों, राज्यमंत्रियों और उपमंत्रियों के बीच विभागों का वितरण करेंगे। प्रधानमंत्री शेख हसीना कुछ विश्वसनीय सहयोगियों को बरकरार रख रही हैं, जिनमें कुछ एएल दिग्गज भी शामिल हैं, लेकिन उनके पोर्टफोलियो बदल सकते हैं। गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने कहा कि उन्हें बुधवार शाम कैबिनेट डिवीजन से फोन आया। उन्होंने कहा कि मुझे किसी मंत्रालय का जिक्र किए बिना गुरुवार को शपथ लेने के लिए कहा गया था। स्थानीय सरकार के मंत्री ताजुल इस्लाम ने भी कहा कि उन्हें भी इसी तरह का फोन आया था, बिना इस बात की पुष्टि किए कि उन्हें कौन सा मंत्रालय मिलेगा। कानून मंत्री अनीसुल हक, शिक्षा मंत्री दीपू मोनी, उद्योग मंत्री नुरुल माजिद महमूद हुमायूं और सूचना मंत्री हसन महमूद ने भी कहा कि उन्हें शपथ ग्रहण के लिए फोन आए हैं। ऐसी अटकलें थीं कि निजी उद्योग और निवेश पर प्रधानमंत्री के सलाहकार सलमान एफ. रहमान को नए मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है, लेकिन उन्होंने बताया कि उन्हें हसीना की नई मंत्रिपरिषद में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था।

जहांगीर कबीर नानक जिन्होंने 2009-2014 सरकार में स्थानीय सरकार के राज्यमंत्री के रूप में काम किया था, लेकिन उन्हें अगली सरकार में जगह नहीं मिली, उन्होंने भी कहा कि उन्हें भी एक फोन आया था। ओबैदुल कादर, ए.के.एम मोजम्मेल हक, मुहम्मद फारुक खान और अबुल हसन महमूद अली नए कैबिनेट सदस्यों में से हैं, जिन्हें प्रमुख मंत्रालय सौंपे जाएंगे। अवामी लीग के महासचिव क्वादर ने बताया कि उन्होंने सड़क परिवहन और पुल मंत्री के रूप में अपना पद बरकरार रखा है। नए मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में चुने गए अन्य लोग हैं मोहम्मद अब्दुस शाहिद, साधन चंद्र मजूमदार, आर.ए.एम. उबैदुल मुक्तदिर चौधरी, मोहम्मद अब्दुर रहमान, नारायण चंद्र चंदा, अब्दुस सलाम, मोहिबुल हसन चौधरी, फरहाद हुसैन, मोहम्मद फरीदुल हक खान, मोहम्मद जलिुल हकीम, सबर हुसैन चौधरी, नजमुल हसन।याफेश उस्मान और डॉ. सामंत लाल सेन टेक्नोक्रेट कोटा के तहत होंगे। राज्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए जिन लोगों को आमंत्रित किया गया है, उनमें बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के करीबी सहयोगी ताजुद्दीन अहमद की बेटी सिमिन हुसैन रिमी, नसरुल हामिद, जुनैद अहमद पलक, मोहम्मद अली अराफात, मोहम्मद मोहिब्बुर रहमान, खालिद महमूद चौधरी, जाहिद फारुक शामिल हैं। कुजेंद्र लाल त्रिपुरा, बेगम रूमाना अली, शफीकुर रहमान चौधरी और अहसानुल इस्लाम टीटो।

## पन्नू को मारने की साजिश के अमेरिकी दावे पर कोर्ट ने मांगे सबूत

**न्यूयॉर्क(एजेंसी)।** खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को साजिश के तहत मारने के अमेरिकी दावों पर वहां की कोर्ट सख्त हो गई है। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने अमेरिका की सरकार से दस्तावेजी सबूत मांगे हैं। अदालत ने अमेरिकी सरकार को निखिल गुप्ता के वकीलों द्वारा दायर एक प्रस्ताव का जवाब देने का आदेश दिया है, जिसमें उनके खिलाफ आरोपों से संबंधित दस्तावेजी सबूतों की मांग की गई है। भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिकी अधिकारियों ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

बता दें कि अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि 52 वर्षीय गुप्ता खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश में शामिल था। पन्नू के पास यूएस और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। वहीं परिवार ने पिछले दिनों भारतीय सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में कहा था कि कारोबारी निखिल गुप्ता यात्रा पर चेक गणराज्य गए थे। उन्हें 30 जून को प्राग हवाई अड्डे पर अवैध रूप से हिरासत में लिया गया और लगभग 100 दिनों तक एकांत कारावास में रखा गया। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि गुप्ता की गिरफ्तारी के नियमों के तहत नहीं की गई और इसमें कई अनियमितताएं थीं। इस मामले को लेकर पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी न्याय विभाग ने मैनहट्टन की एक संघीय अदालत में दायर एक मुकदमें में दावा किया था कि एक भारतीय अधिकारी पन्नू को मारने की नाकाम साजिश में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के साथ काम कर रहा था। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू जी ऑलसेन ने कहा है कि 52 वर्षीय निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या के लिए हत्यारे को हायर करने का आरोप लगाया गया है, जिसमें अधिकतम 10 साल जेल की सजा का प्रावधान है।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने 8 जनवरी को आदेश में कहा, 4 जनवरी, 2024 को, बचाव पक्ष के वकील ने आरोपों से संबंधित सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए एक प्रस्ताव दायर किया। इसमें अनुरोध किया गया कि अदालत एक आदेश दे जिसमें सरकार को निर्देश दिया जाए कि वह बचाव पक्ष के वकील को संबंधित दस्तावेज प्रदान करे। यह कोर्ट सरकार को इस आदेश की तारीख के तीन दिनों के भीतर संबंधित दस्तावेजी सबूत पेश करने के प्रस्ताव पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देती है।अदालत का ये आदेश अमेरिकी सरकार के लिए झटका माना जा रहा है। दरअसल निखिल गुप्ता इस समय चेक रिपब्लिक की जेल में बंद हैं। अमेरिका निखिल के प्रत्यर्पण को लेकर पूरा जोर लगा रहा है।

## नेपाल का चमत्कारी बुद्ध बॉय गिरफ्तार, बलात्कार, यौन शोषण का लगा आरोप



**काठमांडू (एजेंसी)।** पुलिस ने बुधवार को कहा कि एक नेपाली व्यक्ति, जिसके बारे में हजारों लोग मानते थे कि वह बुद्ध का अवतार था और जिसने किशोरावस्था में अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया था, को बलात्कार और यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने कहा कि उन्होंने 33 वर्षीय राम बहादुर बोमजोन को मंगलवार को काठमांडू के बाहरी इलाके में एक घर से गिरफ्तार किया, जहां वह छिपा हुआ था। सीआईबी ने एक बयान में कहा कि हमारी टीम ने उसे उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह घर की खिड़की से कूदकर भागने की कोशिश कर रहा था।

एक किशोर के रूप में बोमजोन को बुद्ध बालक के रूप में जाना जाने लगा और उन्होंने 2005 में अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियाँ बटोरीं जब अनुयायियों ने कहा कि वह कई दिनों तक बिना पानी, भोजन या नींद के निश्चल ध्यान कर सकते हैं। उन्होंने 100,000 से अधिक लोगों को दक्षिण-पूर्वी नेपाल के घने जंगलों में एक पेड़ के नीचे क्रॉस लेग्ड बैठे देखने के लिए आकर्षित किया। पुलिस हिरासत में टिप्पणी के लिए बोमजोन से संपर्क नहीं किया जा सका, और यह स्पष्ट नहीं था कि उसके पास अभी तक कोई वकील था या नहीं। सीआईबी प्रवक्ता नवाज अधिकारी ने कहा कि बोमजोन को सरलाही जिला अदालत भेजा जाएगा, जिसने उसके लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## भारत से तल्खी के बावजूद चीन-मालदीव के बीच 20 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत से तल्खी के बावजूद चीन व मालदीव के बीच 20 समझौतों पर हस्ताक्षर होने के समाचार मिले हैं। बता दें कि पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपने मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर मालदीव के भारत से रिश्ते तल्ख हो चुके हैं। इस बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने बुधवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इसके बाद दोनों देशों ने पर्यटन सहयोग सहित 20 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए और अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने की घोषणा की। इस दौरान मुइज्जू ने कहा कि वह इस बात को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि वह अपनी पहली राजकीय यात्रा पर चीन आए हैं तथा वह इस वर्ष चीन आने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को अधिक महत्व देते हैं। जानकारी के अनुसार शी ने इस बात पर बल दिया है कि चीन राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल विकास की राह तलाशने में मालदीव का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि चीन राष्ट्रीय संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय गरिमा की रक्षा करने में मालदीव का दृढ़तापूर्वक समर्थन करता है।




इस दौरान दोनों राष्ट्रपतियों ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने की भी घोषणा की। मालदीव के राष्ट्रपति के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज दोपहर मालदीव और चीन की सरकारों के बीच 20 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और इस मौके पर दोनों राष्ट्रपति मौजूद थे। इन समझौतों में पर्यटन सहयोग, आपदा जोखिम में कमी, समुद्री अर्थव्यवस्था, डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेश को मजबूती देना और 'बेल्ट एंड रोड' पहल शामिल हैं। इस बीच चीन मालदीव को अनुदान सहायता भी देने को तैयार हो गया है लेकिन राशि का खुलासा नहीं किया गया। इस यात्रा के दौरान मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद का बीजिंग में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राष्ट्रपति शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने उनके सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया। बता दें कि मालदीव के राष्ट्रपति की चीन की राजकीय यात्रा पीएम मोदी के खिलाफ उनके मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों और यूरोपीय संघ चुनाव अवलोकन मिशन की एक रिपोर्ट जारी होने के संदर्भ में हो रही है।

## भरत-ब्रिटेन व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी में साथ मिलकर काम करने पर सहमत

**–राजनाथ सिंह ने लंदन में पीएम सुनक से की मुलाकात, रामदरबार किया भेंट**

**लंदन (एजेंसी)।** भारत और ब्रिटेन व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी में साथ मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह सहमति रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से मुलाकात के बाद व्यक्त की गई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ब्रिटेन दौरे पर गए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से उनके आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट, लंदन में की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ब्रिटेन और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को शांतिपूर्ण और स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि भारत के उत्थान में सहयोगी बन सकें। ब्रिटेन के पीएम सुनक ने भी व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते को सफल बनाया जा सकता है।

इस मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को राम दरबार की प्रतिमा उपहारस्वरूप दी। मुलाकात के दौरान ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद रहे। वहीं लंदन के इंडिया हाउस में एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में एक लेख का उदाहरण देते हुए कहा कि चीन का भी अब भारत को लेकर नजरिया बदल चुका है और चीन, भारत को एक उभरती आर्थिक ताकत और रणनीतिक ताकत के रूप में स्वीकार करता है। राजनाथ सिंह ने इसकी वजह देश के तेज आर्थिक विकास और मजबूत विदेश नीति को दिया। राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि गलवान घाटी में हुई भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से चीन का भारत के प्रति रुख बदला है। अब भारत कमजोर नहीं बल्कि इसे उभरती हुई वैश्विक ताकत के तौर पर उभरा है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अब ऐसा नहीं है कि कि भारत को आंख दिखा के जो चाहे सो निकल जाए। उन्होंने कहा कि हम किसी को भी दुश्मन देश के तौर पर नहीं देखते, लेकिन दुनिया इस बात से वाकिफ है कि भारत और चीन के रिश्तों में तनाव है। हालांकि हम चाहते हैं कि अपने पड़ोसी देशों और दुनिया के अन्य देशों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। बता दें कि राजनाथ सिंह का विदेश मंत्री के रुप में ब्रिटेन का बीते बीस सालों में यह पहला दौरा है। इस दौरान उन्होंने लंदन में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून से भी मुलाकात की।



# 'केजीएफ 2' के बाद रवीना का फिर दिखा रौबीला अंदाज

अभिनेत्री रवीना की वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग का जब मेकर ने टीजर लांच किया तो रवीना का रौबदार किरदार नजर आया। तभी से इस सीरीज की चर्चाएं शुरू हो गई। मुंबई में मंगलवार की शाम को मेकर्स ने इस सीरीज का ट्रेलर लांच हुआ। इस अवसर अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा कि इस शो का ऑफर मुझे 10 साल पहले मिला था तब यह शो स्टार प्लस के लिए बनाया जा रहा था और अब ये डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रहा है। कर्मा कॉलिंग में अभिनेत्री रवीना टंडन इंद्राणी कोठारी का किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर में वह गुरूर और दंभ से भरी नजर आ रही हैं। सवाल जवाब के दौरान रवीना टंडन ने कहा, 10 साल के बाद जब दोबारा इस सीरीज का ऑफर आया तो मैं बहुत दुविधा में थी कि यह शो करूं या ना करूं। क्योंकि इस सीरीज में मेरा जो किरदार है, वह मेरे व्यक्तित्व से काफी अलग है। मुझे डर था कि कहीं मेरी हमदर्दी इंद्राणी कोठारी के किरदार में न ढल जाए। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिए और इस किरदार के लिए काफी मेहनत की। अभिनेत्री रवीना टंडन ने कहा, मुझे इंडस्ट्री में 33 साल हो गए। इस दौरान मैंने कई तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन इस तरह का किरदार ना तो किसी फिल्म में निभाया है और ना ही किसी सीरीज में। सालों से मेरी यही कोशिश रही है कि हर तरह के किरदार निभाऊं। जब आप ऐसा सोचते हैं तो पूरी कायनात आपकी मदद करती है। मुझे वेब सीरीज अरण्यक और फिल्म केजीएफ 2 के बाद अब इस सीरीज में एक अलग किरदार निभाने का मौका मिला है। रवीना टंडन का कहना है कि एक एक्टर के तौर पर वह खुद को निर्देशक के सामने समर्पित कर देती है। उन्होंने कहा, हर एक्टर को अपने आपको निर्देशक के हाथ में छोड़ देना चाहिए। क्योंकि निर्देशक को हर किरदार की बारीकी पता होता है। इस सीरीज के शूटिंग के दौरान जब मेरे शॉट खत्म होता था, तब निर्देशक रुचि नारायण को एक लुक जरूर देती थी। अगर उनके हिसाब से शॉट ठीक हुआ तो आगे बढ़ते थे,नहीं तो वह इशारों में समझा देती थी कि उन्हें और बेहतर क्या चाहिए। वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग की डायरेक्टर रुचि नारायण इस सीरीज पर 10 साल पहले स्टार प्लस के लिए शो बनाने वाली थी। उस समय उन्होंने रवीना टंडन को शो में काम करने का ऑफर दिया था, लेकिन तब रवीना टंडन शो नहीं कर पाई। रवीना टंडन ने कहा, उस समय शो के लिए काफी समय देना पड़ता और उस समय मेरे लिए इतना समय निकाल पाना संभव नहीं था, क्योंकि मेरे बेटा रणबीर थडानी उस समय केवल चार महीने का था। लेकिन कर्मा वापस आता है और आज 10 साल के बाद यह शो फिर वापस मेरे पास वेब सीरीज के रूप में वापस आ गया।



# विद्युत की क्रैक में होगा -दिल झूम झूम चले, का रीमिक्स वर्जन

विद्युत जामवाल, नोरा फतेही, अर्जुन रामपाल जैसे सितारों से सजी फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जीएगा फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले यह खबर आ रही है कि फिल्म क्रैक में अली जफर के हिट ट्रैक झूम का रीमिक्स होगा। जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रीमिक्स गाने को विशाल मिश्रा और श्रेया घोषाल मिलकर अपनी आवाज देंगे। पाकिस्तानी गायक ने भी इस खबर पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में, श्रेया, विशाल मिश्रा और अली के बीच सोशल मीडिया पर दिल छू लेने वाली बातचीत ने फैंस का भी उत्साह बढ़ा दिया है। श्रेया ने अली जफर के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, ꠸दिल झूम झूम चले झूम चले, मैं हमेशा से अली जफर और खूबसूरत गाने झूम का बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं विशाल मिश्रा के साथ फिल्म क्रैक में एक बार फिर इस गाने को सुनने का इंतजार कर रही हूं। बता दें कि क्रैक-जीतेगा तो जिएगा एक स्पोर्ट्स फिल्म है, जो आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित है। आदित्य आशिक बनाया आपने और टेबल नंबर 21 जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं। यह दो भाइयों पर आधारित फिल्म है। फिल्म में दर्शकों को एक्शन का जबर्दस्त डोज मिलने वाला है।



# मलाइका- अर्जुन के ब्रेकअप की खबरों पर लगा विराम


फिल्मी गलियारों में बीते कई दिनों से चर्चा है कि मलाइका अरोड़ा ने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से ब्रेकअप कर लिया है। इसी बीच अब फराह खान के एक वीडियो से ये सभी अफवाहें बेबुनियाद साबित हुई हैं। फराह खान के बर्थडे पर मलाइका ने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन से खास डिमांड कर उन्हें सरप्राइज दिया था। मलाइका ने दिया फराह को बर्थडे सरप्राइज 9 जनवरी को फराह खान 59 साल की हो गई हैं। फराह के बर्थडे पर सरप्राइज देने के लिए उनकी दोस्त और को-जज मलाइका अरोड़ा ने उनके लिए घर का खाना मंगवाया था। क्योंकि मलाइका खुद झलक दिखला जा की शूटिंग में व्यस्त थीं, तो उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से घर का खाना लाने की डिमांड की थी। फराह खान ने खुद वीडियो शेयर कन्फर्म किया है कि वो खाना मलाइका नहीं बल्कि अर्जुन कपूर के घर से आया है। मलाइका, फराह को सरप्राइज देने के लिए झलक दिखला जा 11 के सेट पर अपनी वैनिटी में ले गई थीं, जहां उन्होंने उन्हें खाना खिलाया है। फराह ने वीडियो में खाना दिखाते हुए कहा है, वाह, मेरे बर्थडे का लंच हो रहा है और इतना सारा खाना मलाइका अरोड़ा ने खुद अपने हाथों से कॉल कर अर्जुन जी से मंगवाया है। इस खाने के लिए थैंक्यू अर्जुन। इस वीडियो को शेयर करते हुए फराह ने लिखा है, झलक दिखला जा के शूट पर प्री बर्थडे सेलिब्रेशन। मुझे बिगाड़ने वाले दोस्त पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। थैंक्यू मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर, ये लंच ऑर्गेनाइज करने के लिए। रवीना टंडन का भी स्पेशल डिश लाने के लिए शुक्रिया और ऋत्विक धनजानी का भी ज्यादा खाना खाने के लिए शुक्रिया। बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा ने अकेले क्रिसमस सेलिब्रेट किया था, जबकि अर्जुन कपूर अपनी बहन अंशुला के साथ लंदन में थे। दोनों को अलग-अलग सेलिब्रेट करते देखने पर दोनों के ब्रेकअप के कयास लगाए जा रहे थे।

# 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन में मीरा राजपूत ने खोला राज

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आस्क मी एनीथिंग सेशन किया। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस के सभी सवालों के जवाब दिए। सेशन में एक फैन ने मीरा से शाहरुख को लेकर एक शब्द कहने के लिए कहा। इस पर मीरा ने बताया कि जब वो शाहरुख से मिलती हैं तब वो उन्हें पद्मश्री, डॉक्टर, सर या जी बुलाने पर जोर देते हैं। एक दूसरे यूजर ने मीरा से पूछा कि आपमें और शाहिद में कौन अच्छा डांसर है...इसका जवाब देते हुए मीरा ने लिखा- मेरे दो बाएं पैर हैं, लेकिन दो लोगों के लिए इतनी स्पिरिट काफी है। मीरा और शाहिद अक्सर अपनी शादीशुदा लाइफ के कुछ मोमेंट्स सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। मीरा और शाहिद दोनों हाल ही में अपने बच्चों मिशा और जैन, ईशान खट्टर, नीलिमा अजीम और कुछ लोगों के साथ भूटान में फैमिली वेकेशन पर गए थे। शाहिद ने इंस्टाग्राम पर फैमिली वेकेशन का फोटो एलबम शेयर करते हुए लिखा था- 2024 में मुस्कुराने के लिए थोड़ा समय निकालें। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर अपकमिंग फिल्म देवा 2024 में रिलीज होगी। फिल्म ने अपना पहला शेड्यूल मुंबई में पूरा कर लिया है। ये फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसका निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। मुंबई में फिल्माई गई देवा के लिए शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई थी।


## शाहिद से 13 साल छोटी हैं मीरा

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत की शादी 7 जुलाई, 2015 को पंजाबी रीति-रिवाज के साथ हुई थी। बता दें, कि शाहिद उम्र में मीरा से 13 साल बड़े हैं। शाहिद और मीरा को दो बच्चे हैं, बेटा जैन और बेटी मिशा। शाहिद और मीरा की मुलाकात तब हुई थी जब मीरा महज 20 साल की थीं। उस वक्त वो कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं, वहीं शाहिद उस वक्त 34 साल के थे। दोनों एक अरेंज मैरिज सेटअप में मिले और शादी के बंधन में बंध गए। शाहिद बताते हैं कि जब वो मीरा से शुरुआत में मिले थे, तब वह थोड़े शर्मिंदा थे। हालांकि, कुछ समय बाद एक्टर को एहसास हुआ कि मीरा को उनके स्टारडम से कोई फर्क नहीं पड़ता है।



# नागार्जुन की ना सामी रंगा का ट्रेलर रिलीज

सुपरस्टार नागार्जुन बड़े पर्दे पर फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। वे अपनी अपकमिंग फिल्म ना सामी रंगा से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। मंगलवार को फिल्म के मेकर्स ने इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर जारी किया, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म को विजय बिन्नी ने निर्देशित किया, जो 14 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म के रिलीज डेट करीब आने के साथ ही मेकर्स पूरी तरह से इसके प्रमोशन में व्यस्त हो गए हैं। फिल्म के ट्रेलर से कुछ दिन पहले ही इसके गाने भी रिलीज किए गए हैं और आखिरकार इसका ट्रेलर भी दर्शकों के सामने आ गया है। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक उत्सव के साथ होती है, जिसमें नागार्जुन डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बाद शुरू होता है ताबड़तोड़ एक्शन। ट्रेलर एक्शन और लव स्टोरी के साथ-साथ आगे बढ़ती है। फिल्म के ट्रेलर में एक के बाद एक कई गाने भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद ट्रेलर में आशिका रंगनाथ की एंट्री की होती है। दोनों के बीच रोमांस के साथ फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है।



# सनफ्लावर सीजन 2 में नजर आने वाली हैं अदा शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा अपनी विविध भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। द केरल स्टोरी में अपने सफल अभिनय के बाद वह एक बार फिर अपने प्रशंसकों को चोंकाने के लिए तैयार हैं। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला प्रधान फिल्म द केरल स्टोरी में अपने योगदान के बाद, अदा अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही है। अदा शर्मा इस बार मशहूर शो सनफ्लावर सीजन 2 में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री, जो अपने प्रोजेटकस को पूरा होने तक छुपा कर रखती है, वह इस लोकप्रिय शो के आगामी सीज़न में अपनी भूमिका को लेकर रोमांचित है। अदा ने बताया की, द केरल स्टोरी में ड्रामा और कमांडो में एक्शन करने के बाद, मैं कॉमेडी करना चाहती थी। यह भूमिका कुछ ऐसी है जिसके बारे में मैं ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती, लेकिन यह एक अनोखा और डरावना किरदार है। पूरा सीज़न इसी के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसे ही वह सनफ्लावर सोसाइटी में प्रवेश करती है, सभी के जीवन को उलट-पुलट कर देती है। सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी भूमिका के अलावा, अदा शर्मा एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म और बस्तर में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जो कि द केरल स्टोरी की टीम द्वारा ही बनाई गई है, जो कि नक्सलियों पर केंद्रित है। सुनील ग्रोवर, मुकुल चड्ढा, रणवीर शौरी, आशीष विद्यार्थी, गिरीश कुलकर्णी और अन्य कलाकारों से सजी सनफ्लावर सीज़न 1 ने पहले ही सबसे लोकप्रिय शो में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। अदा के प्रशंसक सीज़न 2 में उनके शानदार एवं कॉमेडी प्रदर्शन की प्रतीक्षा कर सकते हैं, जो उनकी बहुमुखी अभिनय करियर में एक और उपलब्धि जोड़ देगा।





# रेड 2 में लीड एक्ट्रेस के रोल में वाणी कपूर की एंट्री

अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का फैंस बेसब्र होकर इंतजार कर रहे हैं। इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट पहले ही अनाउंस कर दिया गया था। अब नई खबर ये है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के रोल में वाणी कपूर की एंट्री हुई है। पहले पार्ट में इलियाना डिक्रूज नजर आई थीं। हाल ही में टी-सीरीज ने अजय देवगन की हिट फिल्म रेड के सीक्वल की अनाउंसमेंट की थी। इस खबर को सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अमय पटनायक को एक बार फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस बेताब हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रेड 2 में इलियाना डिक्रूज की बजाय वाणी कपूर लीड रोल में नजर आएंगी। वाणी ने शुद्ध देसी रोमांस, चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वो इस क्राइम ड्रामा में अजय की वाइफ के रोल में नजर आएंगी। उन्होंने सेट ज्वॉइन कर लिया है और कुछ दिनों में मुंबई में शूटिंग भी शुरू कर देंगी। ये पहला मौका होगा, जब अजय और वाणी साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे।

# पूनम पांडे ने मालदीव की शूटिंग की रद्द, कहा- एकता, राष्ट्र के प्रति सम्मान पहले



एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे ने द्वीप देश के मंत्रियों के भारत विरोधी बयानों के बाद मालदीव में अपनी अपकमिंग शूटिंग रद्द करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के संबंध में मालदीव कैबिनेट में तीन उप मंत्रियों द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणियों के आलोक में, एक्ट्रेस ने मौद्रिक लाभ पर राष्ट्रीय सम्मान को प्राथमिकता देकर एक सैद्धांतिक रुख अपनाया। इन मंत्रियों का कहना था कि इस यात्रा का उद्देश्य लक्षद्वीप को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना है। अपना अटूट समर्थन व्यक्त करते हुए, उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, हमारे देश और उनके नेताओं की गरिमा को बनाए रखना आवश्यक है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अनादर दिखाने वालों को निलंबित करने के फैसले के साथ मजबूती से खड़ी हूं। हमारे राष्ट्र के प्रति हमारी एकता और सम्मान हमेशा पहले आना चाहिए।